हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




विशेष

ऐसे गुरु को प्रणाम ...



# हर साल 400 बच्चों को जूते, बैग और ड्रेस सैलरी से भर रहे उनकी सालाना फीस

गुरु पूर्णिमा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को गुरु पूर्णिमा है। सनातन परंपरा में गुरु-शिष्य का अनूठा संबंध और स्नेह आज भी बना हुआ है और राज्यभर में कई ऐसे गुरु भी मिल जाएंगे, जिन्होंने शिष्यों के लिए खुद को समर्पित कर रखा है। इन्हीं गुरुओं में रायपुर के शिक्षक बिहारी लाल शर्मा भी हैं, जिन्होंने अपनी सैलरी से न केवल गरीब बच्चों की सालाना फीस ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 400 विद्यार्थियों को हर साल जूते-मोजे व स्कूल बैग का वितरण

सामान्य बच्चों की तरह गरीब परिवार के बच्चे भी स्कूल बैग और पूरी ड्रेस में स्कूल पहुंचें, इसके लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री शर्मा हर साल पहली से 12वीं तक के 400 से अधिक बच्चों को जूते-मोजे, ड्रेस व स्कूल बैग देते हैं। स्कूल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### स्कूलों में कल से गुरु पूर्णिमा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में 22 जुलाई से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाने की निर्देश दिए हैं। इस आयोजन में गुरुजनों और स्कूली बच्चों के अलावा ▶▶| शेष पेज 4 पर



## शबरी, गोदावरी छलकी, दल्ली में पुल टूटा

एर्राबोर में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

# बस्तर से आंध्र-तेलंगाना का रास्ता बंद

कई गांवों का संपर्क सुकमा जिला मुख्यालय सहित आंध्र प्रदेश, तेलंगाना से टूटा

*छत्तीसगढ़ के बड़े इलाके में कम बारिश से परेशानी हो रही है, लेकिन बस्तर, खासकर दक्षिण बस्तर में बाढ़ के हालात हैं। यहां इतनी बारिश हुई है कि आंध्र-तेलंगाना से सड़क संपर्क टूट गया है। नदी-नाले ऊफान पर हैं और घरों में पानी भर गया है। इधर, दल्ली राजहरा-मानपुर मार्ग पर पहली भारी बारिश में ही एक पुल धराशायी हो गया है। यहां भी आवाजाही बाधित है।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा/बीजापुर

तूफान एवं भारी बारिश के चलते सुकमा और बीजापुर जिले प्रभावित हुए हैं। सुकमा जिला के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। कोण्टा ब्लॉक के एर्राबोर पुल पर बाढ़ का पानी आ जाने से शनिवार सुबह से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बाधित है।

वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ का आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना से संपर्क टूट गया है। वनांचल के कई नदी नाले उफान पर है। जगरगुंडा क्षेत्र सहित कोण्टा का जिला मुख्यालय सुकमा से संपर्क टूट गया है। जान जोखिम में डाल कर जगरगुंडा के मल्लेबाग उफनते नाले को पार कर रहे ग्रामीणों का वीडियो सोशल साइड पर वायरल हो रहा है। विकासखंड मुख्यालय के डिप्टी कलेक्टर शबाब खान, एएसपी आकाश राव, तहसीलदार, नपं सीएमओ बाढ़ प्रभावित वार्डों में भ्रमण कर मुनादी कराते हुए अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। लोगों को जान जोखिम में डाल कर नदी नाले पार नहीं करने की अपील कर पुलिस प्रशासन खास नजर बनाए हुए है। कोण्टा के बगल से गुजरती शबरी नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गोदावरी का बढ़ता जल स्तर भी कोण्टावासियों के लिए परेशानी के तौर पर नजर आ रहा है। अनवरत बारिश के कारण बाढ़ की सम्भावना के मद्देनजर अलर्ट रहने के निर्देश के साथ कलेक्टर हरिस.एस द्वारा नोडल अधिकारी के तौर ▶▶| शेष पेज 4 पर

## पुल टूटा, 70 गांव बने टापू



दल्लीराजहरा। शुक्रवार की रात से शुरू हुई बारिश दूसरे दिन शनिवार को भी दिनभर जारी रही। इस भारी बारिश के बीच मुख्य मार्ग मानपुर चौक से खड़गांव मार्ग स्थित पुल बह गया। पुल के बह जाने से मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप हो गया और आसपास के 70 गांव टापू में बदल गए। शुक्रवार की रात और शनिवार को पूरे दिन मूसलाधार बारिश हुई। यहां दल्लीराजहरा से मानपुर, गढ़चिरौली महाराष्ट्र सीमा तक करोड़ों रुपए की लागत से ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कार्रवाई के संकेत

दल्लीराजहरा से मानपुर गढ़चिरौली मुख्य मार्ग पर देर रात को पुल बह जाने के बाद निर्माणाधीन एजेंसी के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसे देखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी सहित संबंधित विभाग ने कड़ी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

### राजधानी रायपुर में मध्यम वर्षा का दौर

बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम भले ही बस्तर को तरबतर कर रहा हो मगर राजधानी रायपुर को जोरदार बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। यहां हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जिसकी वजह से अब तक वर्षा के मामले में रायपुर 273 मिमी बारिश के साथ सामान्य से 26 प्रतिशत कम है। बादलों के पर्याप्त मात्रा में नहीं बरसने की वजह से यहां उमस की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर दो दौर में हल्की से मध्यम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### असम में लाखों प्रभावित, ओडिशा में 25 का रेस्क्यू

असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन यहां अब भी दो लाख से अधिक प्रभावित हैं। ब्रह्मपुत्र समेत दो बड़ी नदियां लगातार खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनी दबाव की स्थिति के चिल्का झील के पास तट को पार करने से ओडिशा में शनिवार को भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण मलकानगिरी जिले के जोखिम वाले क्षेत्रों से कम से कम 23 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मुंबई और उसके उपनगरों में शनिवार को रुक-रुक कर भारी बारिश हुई, जिसके कारण महानगर के कुछ इलाकों में पानी भर गया लेकिन लोकल ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से संचालित की जा रही हैं। पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों में आगामी दिनों में बारिश जारी रहने की संभावना है।

## अमेरिकी कंपनी क्राउडस्ट्राइक की वजह से ठप हुई थी 'दुनिया'

# एक ही झटके में डूब गए 73 हजार करोड़

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप होने से शुक्रवार 15 घंटे तक दुनिया 'ठप' रही। यह सारा पंगा अमेरिकी साइबर सिक्योरिटी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक खराब सॉफ्टवेयर अपडेट की वजह से हुआ। कंपनी की एक गलती से पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मच गई। लाखों लोग परेशान हुए। कंपनी का बाजार पूंजीकरण एक झटके में ही 73 हजार करोड़ रुपए कम हो गया। पिछले लंबे समय ▶▶| शेष पेज 4 पर


माइक्रोसाफ्ट में गड़बड़ी से दुनिया भर में हड़कंप, रुकी ...ी रफ्तार, 1400 उड़ानें रद्द, इनमें रायपुर की छह

### इन्वेस्टर्स का घट सकता है भरोसा

यह कंपनी अपनी ग्रोथ और उच्च मार्जिन के कारण निवेशकों के लिए एक सॉफ्टवेयर प्रिय रही है। शुक्रवार की गिरावट से पहले पिछले साल इसका स्टॉक दोगुना हो गया था, लेकिन अब इस घटना के कारण ग्राहकों और निवेशकों को कंपनी पर अपनी निर्भरता पर विचार करना पड़ सकता है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### देश के सभी एयरपोर्ट पर सेवाएं 'बहाल'

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि शुक्रवार को ग्लोबल आउटेज के कारण प्रभावित हुए हवाई अड्डों पर एयरलाइन सिस्टम ने सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है। जबकि कुछ बची हुई सेवाओं का शनिवार दोपहर तक समाधान कर लिया गया। मंत्रालय हवाई अड्डों और एयरलाइनों परिचालन पर लगातार निगरानी रख रहा है।



# पुलिस डॉग की बहादुरी, 8 किमी बिना रुके दौड़कर हत्यारे को दबोचा; महिला की हत्या होने से बचाया

*कर्नाटक के दावणगेरे से बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस के ट्रेंड कुत्ते ने 8 किलोमीटर की बिना रुके दौड़ लगाकर एक संदिग्ध हत्यारे को ढूंढ निकाला। यही नहीं कुत्ते ने अपनी बहादुरी से एक महिला की हत्या होने से भी बचाया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ पुलिस डॉग ने सुलाई मर्डर मिस्ट्री

दरअसल, गुरुवार को एक गश्ती दल ने चन्नागिरी तालुक के संथेबेन्नूर में पेट्रोल पंप के पास बड़ा रोड पर एक व्यक्ति का शव देखा था।

इसके बाद पुलिस को अलर्ट किया गया। एसपी उमा प्रशांत ने डॉग स्क्वॉड के सीनियर डॉग तुंगा 2 और उसके हैंडलर, कांस्टेबल शफी और अन्य पुलिस कर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया।

## कर्नाटक के दावणगेरे से एक हैरतअंगेज खबर

### पत्नी की हत्या करने वाला था पति

पीड़ित महिला का नाम रूपा है। वहीं, आरोपी की पहचान रंगास्वामी के नाम से हुई है। पुलिस ने रंगास्वामी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच-पड़ताल के बाद पता चला कि रंगास्वामी अपनी पत्नी को जान से मार डालने के उद्देश्य से ही मारपीट कर रहा था और अगर पुलिस सही समय पर नहीं पहुंचती तो वह निश्चित ही उसकी हत्या कर देता। रंगास्वामी ने ही सड़क पर मिले शख्स हत्या की थी। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी।





### मृतक की जैकेट सूंघी और लगा दी दौड़

बताया गया कि मृतक का जैकेट सूंघने के बाद तुंगा 2 डॉबरमैन चन्नपुरा की ओर भागा। तुंगा 2 और उसका हैंडलर बिना रुके 8 किलोमीटर तक दौड़ते रहे। फिर एक घर के पास तुंगा रुका, जहां से बहुत तेज आवाज आ रही थी। पुलिस बिना रुके उस घर के अंदर घुसते है, जहां एक शख्स एक महिला का बेरहमी से पीट रहा था। महिला अधमरी हो चुकी थी। हालांकि, पुलिस ने शख्स को पकड़ लिया। पुलिस के ट्रेंड कुत्ते तुंगा की बहादुरी और सतर्कता से आज एक महिला की जान बच गई।

### पुरुष की हत्या व महिला पर हमले की बताई वजह

सड़क किनारे मिले शव की पहचान भी हो गई है। यह शव संथेबेन्नूर के 33 वर्षीय संतोष का था, जिसे रंगास्वामी ने पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। रंगास्वामी को शक था कि उसकी पत्नी का अवैध संबंध संतोष के साथ हैं। संतोष की हत्या के बाद रंगास्वामी अपनी पत्नी को मारने की प्लानिंग में था। हालांकि, तुंगा 2 की वजह से न केवल महिला की जान बचाई गई बल्कि हत्या की गुत्थी भी सुलझाई।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के काफिले के वाहन टकराए



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के काफिले की गाड़ियां शनिवार को आपस में टकरा गई हालांकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। काफिले में शामिल किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने बताया कि इस हादसे के बाद जितिन प्रसाद बिना देर किए दूसरी कार में सवार होकर अगले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए निकल गए।

### सीमा पर भीषण गर्मी से बीएसएफ के अधिकारी जवान की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान 'हरामी नाला' क्रीक क्षेत्र में बीएसएफ के एक अधिकारी और एक जवान की भीषण गर्मी से मौत हो गई। बीएसएफ के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सीमा के पास यह घटना शुक्रवार को हुई और बताया जा रहा है कि सहायक कमांडेंट विश्व देव और हेड कांस्टेबल दयाल राम को तापघात हुआ था।

### क्रासिंग तोड़कर ट्रेन से टकराया ट्रैक्टर, चालक की मौत



**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में शनिवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रेलवे क्रॉसिंग तोड़कर एक ट्रेन से जा टकराई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक रोहित वर्मा की मौत हो गयी और करीब एक घंटे तक रेल घटनास्थल पर ही रुकी रही। दुर्घटना शनिवार तड़के करीब पांच बजे भदोही जिले के ऊंज थानाक्षेत्र के राम किशुनपुर बसहीं गांव में हुई।

## जम्मू एलजी ने की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी भी रहे शामिल

# आतंक का सफाया जल्द, सुरक्षा ग्रिड होगा और मजबूत, मददगारों पर होगी कड़ी कार्रवाई

*जम्मू संभाग में पिछले कुछ दिनों में बढ़ी आतंकी घटनाओं के मद्देनजर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में सुरक्षा एजेंसियों की हुई उच्च स्तरीय बैठक में आतंकवाद पर काबू पाने की रणनीति बनाई गई।*

एजेंसी ▶▶| जम्मू

सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करने के साथ ही सीमा पार से घुसपैठ की घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने फैसला किया गया।

बैठक में सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के अलावा बीएसएफ व सीआरपीएफ के महानिदेशक, जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए।

### आतंकियों के मददगारों को चिन्हित कर कार्रवाई

इस दौरान उप राज्यपाल ने आतंकियों के मददगारों को चिह्नित कर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उप राज्यपाल ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को हिदायत दी कि इलाके से आतंकियों के सफाये के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने संयुक्त रूप से आतंकवाद निरोधक अभियान चलाने को कहा।

### जंगल व गुफाओं से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकी

सीमा पार आतंकवादी ढांचा अभी भी बरकरार है और आतंकी लगातार घुसपैठ की नियमित कोशिश कर रहे हैं। हाल के दिनों में पीरपंजाल के इलाके में आतंकी वारदातों में इजाफे का जिक्र करते हुए सूत्रों ने कहा, जंगल क्षेत्र में कई गुफाएं और छिपने के स्थान हैं, जिनका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं।

### आतंकियों के खात्मे के लिए 200 से ज्यादा वाहनों में भेजे गए सैनिक



### आतंकियों में पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल

सेना के सूत्रों ने बताया कि रियासी हमले के बाद मारे गए आतंकियों से मिले हथियार और सैटेलाइट फोन यह साबित करते हैं कि नए आतंकियों में पूर्व या वर्तमान पाकिस्तानी सेना के सैनिक भी शामिल हैं। उनके पास आधुनिक हथियार और उपकरण हैं।इनके हमले का तरीका पाक सेना की पैरा ट्रूपर डिवीजन जैसा है।

*खुफिया एजेंसियां भी हुई एक्टिव : सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में खुफिया एजेंसियों ने भी अपने तंत्र को मजबूत कर दिया है। इनकी कोशिश आतंकवादियों का समर्थन करने वाले लोगों सहित उनके बुनियादी ढांचे को खत्म करने की है। सूत्रों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले से ही 3,500-4000 कर्मियों की एक ब्रिगेड सहित सेना तैनात है।*

### 20 साल पुराना नेटवर्क फिर से सक्रिय

जम्मू क्षेत्र में 20 साल पहले सेना द्वारा निष्क्रिय किए गए पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा का स्थानीय नेटवर्क फिर से सक्रिय हो गया है। पहले यह लोग आतंकियों के सामान की ढुलाई करते थे, अब वे उन्हें गांवों में ही हथियार, गोला-बारूद और खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। हाल ही में हिरासत में लिए गए 25 संदिग्धों ने पूछताछ में इस बारे में सुराग दिए हैं।

### 50-55 आतंकियों के छिपे होने का संदेह

सीमा पर तैनात सेना को जम्मू में 50-55 पाकिस्तानी आतंकियों के छिपे होने का संदेह है। यह आतंकी भारत में आतंकी नेटवर्क को फिर से सक्रिय करने के इरादे से घुसे हैं। जम्मू क्षेत्र में सेना ने इस बारे में खुफिया सूचनाएं प्राप्त करने के 500 स्पेशल पैरा कमांडो की तैनाती की है। जम्मू से आतंक के सफाए के लिए 200 से ज्यादा वाहनों में सैनिक भेजे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षाबलों के सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना जम्मू में एक्टिव आतंकी संगठनों को हथियार, ट्रेनिंग, बातचीत के लिए हाईटेक गैजेट्स समेत अन्य सभी मदद मुहैया करा रही है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, जम्मू में घुसे आतंकवादी एडवांस्ड ट्रेनिंग लेकर आए हैं। उनके पास आधुनिक हथियार और उपकरण हैं। सेना इन आतंकियों को खोजने और समाप्त करने की रणनीति पर काम कर रही है।

# पूर्व विधायक दिलबाग के बाद सोनीपत के कांग्रेस एमएलए सुरेंद्र पंवार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने कल देर रात हरियाणा के सोनीपत में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने यह कार्रवाई यमुनानगर और राज्य के कुछ अन्य क्षेत्रों में अवैध खनन से जुड़े मनी-लॉनड्रिंग मामले में की है।

ईडी की टीम अब विधायक और उनके बेटे को लेकर अंबाला जाएगी तथा स्पेशल कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगेगी। इससे पहले ईडी ने इसी मामले को लेकर यमुनानगर के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है।

### 'ई-रावण' योजना में कथित धोखाधड़ी की हो रही जांच

प्रवर्तन निदेशालय इस मामले के साथ 'ई-रावण' योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। यह एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे रॉयल्टी और करों के संग्रह को आसान बनाने और खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार ने लागू किया था। इसमें भी कथित धोखाधड़ी की शिकातें मिली हैं।

### अवैध खनन मामले में ईडी की कार्रवाई



■ खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार ने लागू किया था

### क्या है पूरा मामला

यह मामला यमुनानगर क्षेत्र में करीब 400-500 करोड़ रुपये के अवैध खनन से संबंधित है। हरियाणा पुलिस ने इस संबंध में पंवार और अन्य के खिलाफ कई एफआईआर भी दर्ज की थी। विवाद बढ़ने के बाद पिछले साल ईडी ने जांच अपने हाथ में ली थी। इस साल जनवरी में ईडी ने पंवार, पूर्व विधायक दिलबाग और अन्य सहयोगियों के 20 ठिकानों पर छापे मारे थे। ईडी इस मामले में दिलबाग सिंह और कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है।

■ विकलांगता सर्टिफिकेट को लेकर चल रही जांच

# गुजरात में भी पूजा जैसा कांड चार विकलांग आईएएस की जांच

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र की चर्चित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद गुजरात सरकार ने अपने स्तर पर चार आईएएस अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की है। गुजरात कैडर के यह इन सभी अधिकारियों ने विकलांगता सर्टिफिकेट के जरिए आईएएस में चयन हासिल किया है।

गुजरात सरकार के समान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जिन चार आईएएस के खिलाफ जांच शुरू की गई है। उनमें तीन जूनियर और एक सीनियर लेव के अधिकारी हैं। गुजरात सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शुरू की गई जांच में कोई भी शंका नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया है।





*यूपीएससी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट*

*शेष तीन कनिष्ठ अधिकारियों ने अपना लोकोमोटिव विकलांगता प्रमाण पत्र जमा कर दिया था, लेकिन बताया गया है कि इस एक अधिकारी को अब अपने हाथ या पैर मोड़ने में कोई कठिनाई नहीं है। फिलहाल जो चार अधिकारी अपने विकलांगता प्रमाण पत्र के कारण सरकार की नजर में आए हैं, अगर उनके प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाते हैं तो सरकार इसकी रिपोर्ट यूपीएससी को देगी।*

*प्रमाणपत्र जमा पर शरीर में विकलांगता नहीं : सूत्रों का यह भी दावा है कि एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने विकलांगता प्रमाण पत्र जमा किया था, लेकिन जांच के दौरान पता चला कि अधिकारी को फिलहाल कोई विकलांगता नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, इस मामले में यह संभावना है कि संबंधित अधिकारी ने जब अपनी सेवा शुरू की थी, तब वह विकलांगता से ग्रस्त रहा होगा, जो समय के साथ ठीक हो गया होगा, लेकिन सच्चाई पूरी जांच के बाद ही पता चल सकेगी।*

# बांग्लादेश में हिंसा के बीच भारत लौटे सैकड़ों छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आरक्षण को लेकर बांग्लादेश में जारी खूनी हिंसक प्रदर्शनों के बीच अब तक कुल करीब एक हजार भारतीय छात्र स्वदेश पहुंच गए हैं। इनमें से 778 दोनों देशों के बीच मौजूद अलग-अलग जमीनी सीमाओं के जरिए आए हैं। जबकि 200 अन्य छात्र ढाका और चटगाँव हवाईअड्डे से नियमित उड़ानों के जरिए अपने घर पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि ढाका में मौजूद हमारा उच्चायोग और अन्य उप-उच्चायोग बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ले रहे 4 हजार से अधिक छात्रों के लगातार संपर्क में बने हुए हैं।





### विदेश मंत्रालय ने कहा- सभी भारतीय सुरक्षित

भारत ने शुक्रवार को हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया। हालांकि वहां की स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में 8,500 छात्रों समेत कुल 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं। ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग भारत लौटने के इच्छुक भारतीय छात्रों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में जुटा है।

JHAIGO झाईगो Cream
चेहरे के दागों को कम कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

# कर्नाटक के श्रृंगेरी शारदा मंदिर में 15 अगस्त से ड्रेस कोड होगा लागू

एजेंसी ▶▶| चिक्कमंगलुरु

कर्नाटक में श्रृंगेरी स्थित शारदा मंदिर में श्रद्धालुओं को अंबा देवी के दर्शन करने के लिए आगामी 15 अगस्त से एक ड्रेस कोड का पालन करना होगा। मंदिर प्रशासन के जारी बयान के अनुसार श्रृंगेरी शारदा मंदिर और तुंगा नदी के पार स्थित शंकराचार्य गुरु मठ में केवल पंरपरागत भारतीय परिधान में ही दर्शनार्थियों को मंदिर के अंदर आने की अनुमति मिलेगी।

मंदिर प्रशासन का कहना है कि उचित परिधान और मर्यादा के पालन के साथ ही श्रद्धालुओं को मंदिर में आना चाहिए। मंदिर को पर्यटन स्थल नहीं समझना चाहिए। यह आस्था का केंद्र है जो लोग इस ड्रेस कोड का पालन नहीं करेंगे, उन्हें मंदिर के अर्धमंडपम के बाहर से ही देवी के दर्शन करने को मिलेंगे। वह मंदिर के गर्भ गृह और आंतरिक परिक्रमा में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।



■ केवल इन परिधानों में ही मिलेगा प्रवेश

### महिलाओं और पुरुषों के लिए तय हुए परिधान

मंदिर प्रशासन के अनुसार पुरुषों को धोती, शल्या और अंगवस्त्र पहनने होंगे, जबकि महिलाओं के पास भारतीय परिधानों में साड़ी-ब्लाउज, सलवार-सूट दुपट्टा या लांगा दवानी पहनने की छूट होगी। इस ड्रेस कोड को श्रीमठ के गुरुनिवास में पाडा-पूजा और गुरु दर्शन के पर्व पर लागू किया गया था।

### राममंदिर पुजारियों के लिए ड्रेस कोड व फोन नियम लागू



**अयोध्या।** रामलला की पूजा-अर्चना करने वाले पुजारी ड्रेस कोड के अनुसार अब सफेद धोती व पीली चौबंदी में नजर आएंगे। पूजा-अर्चना करने वाले सभी 25 पुजारियों को राममंदिर ट्रस्ट की ओर से की-पैड फोन दिया गया है। पुजारी राममंदिर में इसी फोन का इस्तेमाल बात करने के लिए करेंगे जबकि उनके एंड्रायड फोन को मंदिर में बने लॉकर रूम में जमा करा दिया जाएगा। मंदिर में फोटोग्राफी, वीडियो बनाने की सख्त मनाही है। ट्रस्ट की ओर से पुजारियों को तीन सेट गर्मी के लिए व तीन सेट ठंडी के लिए ड्रेस उपलब्ध कराई जाएगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार के रोगों का नि:शुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड़ नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## रविवार, शनिवार अवकाश, शुक्रवार और सोमवार आधा दिन ही काम




- भूपेश सरकार ने लागू किया था पांच दिन काम का नया नियम
- शुक्रवार को आधी ड्यूटी कर गायब हो जाते हैं कई शासकीय कर्मचारी

# ढाई दिन की साप्ताहिक छुट्टी...
## जनता करे पुकार, सिस्टम बदल दीजिए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग/जगदलपुर/ राजनांदगांव

तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को बड़ी राहत दी थी। सप्ताह में रविवार के बाद शनिवार को भी अवकाश घोषित किया है। तर्क था कि इससे कर्मचारियों और अधिकारियों की काम करने की क्षमता बढ़ेगी और वे परिवार के साथ ज्यादा वक्त बिता सकेंगे। हालांकि शनिवार को अवकाश इस शर्त पर दिया गया कि सभी शासकीय कर्मचारी सप्ताह के 5 दिन तक हर रोज एक घंटा अतिरिक्त ड्यूटी करेंगे। इस आदेश के तहत ड्यूटी टाइम भी सुबह 10 से शाम 5.30 किया गया है। लेकिन हो उल्टा रहा है। ज्यादातर कर्मचारी और अधिकारी सुबह 11 बजे के बाद दफ्तर पहुंचते हैं। शुक्रवार को आधे समय के बाद दफ्तरों से निकल जाते हैं और उसके बाद आधा दिन शुक्रवार, पूरा दिन शनिवार उसके बाद रविवार का आनंद लेते हैं। इस पर गिफ्ट यह है कि दूरदराज से आकर नौकरी करने वाले सोमवार को भी आधे दिन बाद आफिस आते हैं। इस तरह वे सप्ताह में तीन दिन का अवकाश ले रहे हैं। इससे जनता परेशान है ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दुर्ग में भी शुक्रवार को हाफ डे की मनमानी

हरिभूमि ने दुर्ग जिला मुख्यालय के आधा दर्जन विभागों की पड़ताल की, तो दफ्तरों में सन्नाटा पसरा पाया गया। शुक्रवार को भू-अभिलेख शाखा में दोपहर ढाई बजे टेबल पर एक भी कर्मचारी नहीं था। बड़े अधिकारी के आलावा बाबू भी दफ्तर से गायब पाए गए। इसी तरह कलेक्टोरेट शाखा के अफसर जहां एडीएम बैठते हैं, वहां दूसरे कमरे में एक भी बाबू दोपहर ढाई बजे नहीं दिखा। इसके अलावा खाद्य विभाग, कृषि विभाग, आरईएस में भी सन्नाटा पसरा ▶▶| शेष पेज 4 पर



### राजनांदगांव में भी लंच के बाद कामकाज पर ब्रेक

राजनांदगांव के सरकारी दफ्तरों में शनिवार और रविवार को मिलने वाली छुट्टी से कामकाज प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। दो दिनों की छुट्टी का असर शुक्रवार से ही नजर आने लगता है। शुक्रवार को भोजन अवकाश के बाद शासकीय दफ्तरों की अधिकतर कुर्सियां खाली नजर आती हैं और दो दिन का अवकाश अघोषित रूप से ढाई दिनों का हो चला है, जिसकी वजह से इसका असर कामकाज पर दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को लंच ब्रेक ▶▶| शेष पेज 4 पर



### जगदलपुर के दफ्तर में ऐसा दिखा नजारा



**अनुपस्थित मिले कर्मचारी**





जगदलपुर के सरकारी दफ्तर शुक्रवार दोपहर को भोजन अवकाश के बाद ही खाली हो गए। कुर्सियां खाली नजर आईं और कार्यालय में एक भी अफसर दिखाई नहीं दिया। ऐसे में कार्यालय के चक्कर लगा रहे लोगों को काफी दिक्कतें हुईं। इनकी समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं मिला।

---

### एनटीए ने नीट-यूजी के केंद्रवार और शहरवार घोषित किए परिणाम

# नीट के रिजल्ट ने चौंकाया, राजकोट में 12, सीकर में 8 छात्रों के 700 प्लस नंबर

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दोबारा जारी हुआ रिजल्ट

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार और शहरवार परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए। रिजल्ट ऑनलाइन अपलोड करने के बाद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। राजकोट सेंटर पर 12 छात्रों के नंबर 700 से अधिक हैं। वहीं, सीकर सेंटर से 8 छात्रों के नंबर 700 से अधिक हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट-यूजी परीक्षा-2024 कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के घेरे में है। एनटीए ने कोर्ट के निर्देशानुसार, छात्रों की गोपनीयता का ख्याल रखते हुए शनिवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट डेटा अपलोड कर दिया है। इसे चेक करने के लिए वेबसाइट के होमपेज पर पर क्लिक करना होगा। नीट विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 22 जुलाई को होनी है।




### ऐसे चेक करें परिणाम

- सबसे पहले नीट यूजी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
- होमपेज पर 'नीट यूजी रिजल्ट2024 सिटी/सेंटर वाइस' लिंक पर क्लिक करें
- यहां अपना वह शहर और सिटी दर्ज करें, जहां आपने नीट यूजी 2024 की परीक्षा दी थी
- स्क्रीन पर एक पीजीएफ खुल जाएगी, इसमें सेंटर कोड-नाम, छात्रों का सीरियल नंबर और मार्क्स चेक करें

### राजस्थान का एक परीक्षा केंद्र ऐसा भी...

इसी तरह के आंकड़े राजस्थान के सीकर में विद्या भारती पब्लिक स्कूल एग्जाम सेंटर नंबर-392349 पर भी देखने को मिले। इस एग्जाम सेंटर पर कुल 1001 उम्मीदवारों ने 5 मई को नीट यूजी की परीक्षा दी थी। यहां 8 छात्रों के 700 से अधिक नंबर हैं, 69 छात्रों के 650 से अधिक नंबर, 155 छात्रों के 600 से अधिक नंबर और 241 छात्रों के 500 से अधिक नंबर आए हैं।

### एनआईटी स्नातक, एमबीबीएस के दो छात्र गिरफ्तार

सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर 'सॉल्वर' के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे।

**इस्तीफे पर गरमाई सियासत**

## यूपीएससी अध्यक्ष मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी ने 'निजी कारणों' का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। इधर, सोनी के इस्तीफे पर कांग्रेस ने सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों ने कहा कि सोनी के इस्तीफे का परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।



### खेडकर के खिलाफ कार्रवाई

यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं। इनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है।

### कांग्रेस ने पूछा- एनटीए प्रमुख क्यों बचे हुए हैं

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को छिपाकर क्यों रखा गया? महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं?

**डौकीडीह की घटना**

## खेलते-खेलते हादसा, तालाब में डूबने से दो मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम डौकीडीह की है। जानकारी के अनुसार लक्की साहू पिता नीलांबर साहू (4) और मयंक साहू पिता गजेन्द्र साहू (4) भाटापारा तालाब के पास खेल रहे थे। वे दोनों आखिर खेलते हुए तालाब में कैसे डूब गए, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। इधर, घंटे भर तक जब बच्चे वापस अपने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मुरुम निकालने के कारण तालाब में हो गया ज्यादा गड्ढा

जानकारी के अनुसार जिस तालाब में दोनों बच्चे डूबे थे, उस तालाब को मुरुम निकालने के लिए खोदा गया है, जो काफी गहरा है। शनिवार को मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है।

## कुख्यात अपराधी की पुलिस कस्टडी में मौत, थाना प्रभारी समेत दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

कुख्यात बदमाश सूरज हथठेल की पुलिस कस्टडी के दौरान संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि शनिवार तड़के सुबह साढ़े 5 बजे पुलिसकर्मी उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए थे। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। पूरे मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बुधवारी निवासी सूरज हथठेल के ▶▶| शेष पेज 4 पर



- अलग-अलग 14 मामलों में नामजद आरोपी था सूरज
- पुलिसकर्मी ले गए थे मेडिकल कॉलेज

### न्यायिक जांच के आदेश

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। जांच पूर्ण रूप से निष्पक्ष हो इस हेतु दर्री थाना में पदस्थ थाना प्रभारी विनोद सिंह, आरक्षक ओम निराला और नगर सैनिक हिमांशु को सस्पेंड कर दिया है। फिलहाल सूरज के शव का मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमॉर्टम कराया गया। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा।







## संसद का मानसून सत्र कल से, 23 को बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र सोमवार से आरंभ होने वाला है, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष भी 'नीट' पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। मानसून सत्र सोमवार (22 जुलाई) से शुरू होने वाला है और 12 अगस्त को समाप्त होगा।



इस दौरान 19 बैठकें होंगी। इस सत्र में सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी शामिल है।

## हाईकोर्ट ने अधिकारी को भविष्य में गलती नहीं दोहराने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाई कोर्ट ने आदेश का पालन नहीं होने पर अधिकारी द्वारा क्षमा मांगने पर भविष्य में गलती नहीं दोहराने की चेतावनी देते हुए आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता कृष्ण प्रसाद ठाकुर पुलिस मुख्यालय रायपुर में प्रधान आरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवाकाल में अधिक वेतन दिए जाने का हवाला देते ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शिक्षा सचिव पर 5000 का वारंट

इधर, स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों की लापरवाही के चलते हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें 5000रुपए का जमानती वारंट जारी किया है, साथ ही अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से कोर्ट आने का आदेश दिया है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा देश का सरोकार है। वैसे तो पीएम की सुरक्षा का मुद्दा सार्वकालिक है, लेकिन अब यह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर किए गए हमले के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह ने एक अंग्रेजी अख़बार में लेख लिखकर पीएम मोदी की सुरक्षा पर चिन्ता जताई है। कुछ सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने मौजूदा नफरती राजनीति को ही बुनियादी कारण माना है कि प्रधानमंत्री लगातार कांग्रेस समेत विपक्ष के निशाने पर रहते हैं। उन पर कभी भी हमला किया जा सकता है। वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी की सलाह है कि प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर 'हिंसा, हत्या, मौत' सरीखे शब्दों का इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि ये किसी भी नागरिक को भड़का सकते हैं। राजनीति में यह हिंसक प्रवृत्ति बीते एक दशक के दौरान ज्यादा बढ़ी है। सहिष्णुता और सद्भाव गायब होते जा रहे हैं। कांग्रेस समेत विपक्ष के नेता भाजपा-एनडीए की नीतियों का विरोध करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को निजी तौर पर निशाना बना रहे हैं। विपक्ष की राजनीति का यह स्वरूप भारतीय लोकतंत्र की परंपरा नहीं रहा है, ऐसे में मौजूदा राजनीति में बढ़ रहे नफरती बोल को तत्काल रोकने की जरूरत है। पीएम मोदी को लेकर कांग्रेस नेताओं की अमर्यादित भाषा से दूषित हो रही सियासत का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**



# कांग्रेस के नफरती निशाने पर प्रधानमंत्री



**विश्लेषण**

सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**प्रधानमंत्री के प्रति ऐसी नफरती राजनीति अभूतपूर्व और असभ्य है। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, पांच दशकों से अधिक समय तक देश पर शासन किया है, लेकिन अब पार्टी रसातल की ओर है। सवाल है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देकर या उनके प्रति नफरत फैलाकर वोट हासिल किए जा सकते हैं? नरेन्द्र मोदी ने भी राजनेता की हैसियत से कड़े शब्द कहे थे, लेकिन उनके भाव मारने-काटने, हत्या कर देने या बेरोज़गार युवा डंडे से पीटेंगे आदि नहीं थे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा तो चिंतित सरोकार है, लेकिन हमारी राजनीति की गरिमा और शालीन व्यवहार भी दांव पर हैं कि कांग्रेस की राजनीति कितनी नीचे तक गिर सकती है। इसे रोका जाना चाहिए।**

संदर्भ मई, 2014 का है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में 10-12 दिन शेष थे। जाहिर है कि न तो जनादेश सार्वजनिक हुआ था और न ही नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। अलबत्ता मीडिया से संवाद और साक्षात्कार के दौरान उन्होंने यह जरूर कहा था कि यदि हमारी सरकार बनी, तो 1993 के मुंबई सांप्रदायिक दंगों के आरोपियों को भारत लाएंगे। भाजपा के तत्कालीन प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का भी जिक्र किया था कि उसे भी भारत लाएंगे और कानूनी कार्रवाई करेंगे। ऐसे बयान सुनकर एक अन्य डॉन ने मीडिया के जरिये मोदी को मारने की धमकी दी थी। यह भी कहा था कि 'दाऊद को तब भारत ला पाएंगे, जब जिंदा बचेंगे। मोदी गांधीनगर भी वापस नहीं जा पाएंगे।' मीडिया के जिन चेहरों के जरिये वह धमकी दी गई थी, उन्होंने भारत सरकार में संबद्ध अधिकारियों को खुलासा कर दिया था। उसके बाद मोदी बीते 10 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और दाऊद को अभी तक भारत नहीं लाया जा सका है। ऐसे दावे 1993 के बाद की सरकारों ने लगातार किए हैं। पाकिस्तान में दाऊद के आवास के चित्रमय सबूत भी सार्वजनिक किए गए हैं, लेकिन डॉन पाकिस्तान में ही है। मोदी को धमकी देने वाला डॉन कौन था, वह भी आज तक रहस्य रहा है।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा सरोकार

बहरहाल विश्लेषण अंडरवर्ल्ड डॉन को लेकर नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा देश का सरोकार है। वैसे तो प्रधानमंत्री की सुरक्षा का मुद्दा सार्वकालिक है, लेकिन अब यह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर किए गए हमले के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह ने एक अंग्रेजी अख़बार में लेख लिखकर प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा पर चिन्ता जताई है। कुछ सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने मौजूदा नफरती राजनीति को ही बुनियादी कारण माना है कि प्रधानमंत्री लगातार निशाने पर रहते हैं। उन पर कभी भी हमला किया जा सकता है। वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी की सलाह है कि प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर हिंसा, हत्या, मौत सरीखे शब्दों का इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि ये किसी भी नागरिक को भड़का सकते हैं। राजनीति में यह हिंसक प्रवृत्ति बीते एक दशक के दौरान ज्यादा बढ़ी है। सहिष्णुता और सद्भाव गायब होते जा रहे हैं। कांग्रेस भाजपा-एनडीए की नीतियों का विरोध करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को निजी तौर पर निशाना बना रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम चुनाव के दौरान जून में, वाराणसी में, प्रधानमंत्री के काफिले पर किसी ने चप्पल फेंकने का दुस्साहस किया। वह बम या ग्रेनेड भी हो सकता था। इस संदर्भ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी थी कि अब लोग मोदी से डरते नहीं हैं। फरवरी, 2020 में राहुल गांधी ने यहां तक बयान दे दिया था- 'ये जो नरेन्द्र मोदी भाषण दे रहा है, छह महीने के बाद यह घर से बाहर नहीं निकल पाएगा। हिन्दुस्तान के युवा इसको ऐसा ... मारेंगे, इसको समझा देंगे कि हिन्दुस्तान के युवा को रोज़गार दिए बिना यह देश आगे नहीं बढ़ सकता।' यह उस पार्टी की नेता की भाषा थी, जो पार्टी देश की विरासत, संस्कृति, बहुलता, विविधता, संस्कार को संभालने का दावा करती है। यह उस पार्टी की नेता की भाषा थी, जो देश की सबसे पुरानी व स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने वाली पार्टी मानी जाती है। यह उस पार्टी के नेता की भाषा थी, जो महात्मा गांधी की विरासत का उतराधिकारी होने का दावा करती है। नरेन्द्र मोदी के लिए यह उस नेता की भाषा थी, जो नेहरू व इंदिरा गांधी के परिवार के वंशज हैं।



## पहले भाषण में ही हिंसा

जब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन गए, तो उन्होंने अपने पहले भाषण में ही हिंसा और हत्या सरीखे शब्दों का कई बार इस्तेमाल किया। चप्पल फेंकना भी प्रधानमंत्री की चाक-चौबंद और अति प्रशिक्षित सुरक्षा-व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। पंजाब के फिरोजपुर इलाके में प्रधानमंत्री के काफिले को एक हाईवे पर अटक जाना पड़ा, तो उस स्थान पर पाकिस्तान की तरफ से हमला किया जा सकता था! कांग्रेस और राहुल गांधी के भीतर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति नफरत खूब भरी है। वे इसे चुनावी मुद्दा मानते रहे हैं, लिहाजा 2019 के आम चुनाव से पहले 'चौकीदार चोर है' को चुनावी नारा बनाया था। यह दीगर है कि देश ने कांग्रेस को खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा 'स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप' (एसपीजी) के जवान करते हैं। उनके पास अत्याधुनिक हथियार होते हैं और ऐसी तकनीकी व्यवस्था होती है कि प्रधानमंत्री को हवा भी छू नहीं सकती। एसपीजी प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को उपलब्ध नहीं थी, क्योंकि तब तक इसका गठन ही नहीं हुआ था। इसका गठन तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव की सरकार के दौरान किया गया, जब राजीव गांधी की हत्या पर विमर्श किया जा रहा था। उसके बाद एसपीजी की सुरक्षा सिर्फ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को दी जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री को और उनके निकटस्थ परिजनों को सीआरपीएफ या एनएसजी के कमांडोज की सुरक्षा दी जाती है। राजीव गांधी के बाद किसी भी प्रधानमंत्री को 'आसान निशाना' नहीं बनाया जा सका और न उन पर हमला किया जा सका।

## अपशब्दों का इस्तेमाल

बहरहाल इन कथनों और घटनाओं के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने बयान दिया था कि 'मोदी हिटलर की मौत मरेगा।' 'मोदी की बोटी-बोटी करने' का बयान देने वाला शख्स आज लोकसभा में कांग्रेस सांसद है। कांग्रेस में ही किसी ने यहां तक बयान दिया कि 'मोदी के सिर पर डंडे मारने चाहिए'। प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है, उसकी एक लंबी सूची है। दरअसल नफरत और गालियों का यह सिलसिला 2007 के गुजरात विधानसभा चुनाव से हुआ, जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुख्यमंत्री मोदी के लिए 'मौत का सौदागर' विशेषण का इस्तेमाल किया था। बाद में राहुल गांधी ने भी 'खून की दलाली' और 'ज़हर की खेती' सरीखे अपशब्द कहे थे। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले और बाद कांग्रेस नेताओं ने उनके लिए 'चायवाला', 'रावण', 'भस्मासुर', 'यमराज', 'बिच्छू', 'सांप', 'बंदर', अनपढ़', 'हिटलर', 'गंदी नाली का कीड़ा' आदि 100 से अधिक अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इन तमाम गालियों में मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं की नफरत निहित थी। 2014 से आज तक यह नफरत जारी रही है, लेकिन उसका बुनियादी कारण आज तक समझ नहीं आया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज तक हिंसात्मक शब्दों का प्रयोग नहीं किया। 2014 से कांग्रेस लगातार 3 लोकसभा चुनाव बुरी तरह हार चुकी है। आम चुनाव, 2024 में भी 13 राज्यों में कांग्रेस को 'शून्य' ही मिला है, जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के 232 सीट को बड़ा विजय मान रही है, इसमें कांग्रेस की अपनी सीट केवल 99 है। सौ सीट भी हासिल नहीं कर सकी। भाजपा के अकेले 240 सीट हैं, जो इंडिया ब्लॉक की 232 सीट से ज्यादा है। समाजवादी पार्टी की 'परजीवी' बनने के बावजूद सबसे बड़े राज्य उप्र में कांग्रेस के हिस्से सिर्फ 6 सीट ही आई हैं, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी कांग्रेस गठबंधन में भी कुछ खास नहीं कर सकी, लेकिन कांग्रेस खुद को ऐसे प्रदर्शित कर रही है, मानो लोकसभा का जनादेश कांग्रेस को ही मिला है!

## राजनीति की गरिमा भी दांव पर

बीते 40 साल में कई चुनाव देखे हैं और राजनीति के रंग भी देखे हैं, लेकिन ऐसी नफरती राजनीति अभूतपूर्व और असभ्य है। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, पांच दशकों से अधिक समय तक देश पर शासन किया है, लेकिन अब पार्टी रसातल की ओर है। सवाल है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देकर या उनके प्रति नफरत फैलाकर वोट हासिल किए जा सकते हैं? नरेन्द्र मोदी ने भी राजनेता की हैसियत से कुछ आपत्तिजनक शब्द कहे थे, लेकिन उनके भाव मारने-काटने, हत्या कर देने या बेरोज़गार युवा डंडे से पीटेंगे आदि नहीं थे। उन्होंने '50 करोड़ की गर्लफ्रेंड', 'युवराज' या 'शहजादा' सरीखे शब्दों का सार्वजनिक प्रयोग किया। ऐसी राजनीतिक भाषा भी ठीक नहीं है। अब सवाल देश के प्रधानमंत्री का है। मोदी देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। तीसरी बार पीएम बने हैं। यह देश के लोकतंत्र और मतदाताओं का जनादेश है, जिसे कांग्रेस या राहुल गांधी अथवा 'इंडिया' खारिज नहीं कर सकते। देश पहले भी दो प्रधानमंत्रियों की हत्या देख और झेल चुका है। कांग्रेस इस दर्द को भलिभांति जानती है। कांग्रेस नेताओं को समझना चाहिए कि दरअसल, ऐसे अपशब्द किसी को भी भड़का और उत्तेजित कर सकते हैं। उस मनःस्थिति में वह प्रधानमंत्री तक पर हमला कर सकता है। कई धमकीपूर्ण बयान किसान आंदोलन के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहे गए। प्रधानमंत्री मोदी को मारने तक की बात कही गई और पुतले जलाए गए। पंजाब वाली घटना के दौरान नाराज़ और गुस्साए किसान भी प्रधानमंत्री की घेराबंदी कर सकते थे! कई राजनीतिक दल किसान आंदोलन के उन धमकीबाजों के साथ भी खड़े रहे। 26 जनवरी, 2021 को तो दिल्ली में ऐसा उपद्रव मचाया गया मानो दिल्ली पर ही किसी बाहरी शक्ति ने आक्रमण किया हो! प्रधानमंत्री की सुरक्षा तो चिंतित सरोकार है, लेकिन हमारी राजनीति की गरिमा, सभ्यता और शालीन व्यवहार भी दांव पर हैं कि हमारी राजनीति कितनी नीचे तक गिर सकती है। इसे रोका जाना चाहिए और राजनीति मुद्दों, तथ्यों के आधार पर की जानी चाहिए। यही लोकतंत्र का सौन्दर्य है।

# विकास के साथ रोजगार सृजन पर हो जोर



**बजट उम्मीद**

डॉ. अश्विनी महाजन
प्रोफेसर व अर्थशास्त्री

अंतरिम बजट फरवरी 2024 में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया था, अब जुलाई 2024 में पूर्ण केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करने का समय आ गया है। इसके लिए विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श बैठकों के साथ तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जिसमें अर्थशास्त्री, किसान, एनबीएफसी, बाजार विशेषज्ञ और कई अन्य शामिल हैं।

## प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री आमंत्रित

19 जून को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों को आगामी बजट के बारे में अपना दृष्टिकोण देने के लिए आमंत्रित किया गया। सरकारी हलकों में लोग 8.2 प्रतिशत की उच्च जीडीपी वृद्धि, 9.9 प्रतिशत की तेजी से बढ़ते विनिर्माण, अप्रैल 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति के 4.82 प्रतिशत के साथ मुद्रास्फीति में कमी, डब्ल्यूपीआई में कमी, राजकोषीय घाटे के बजट अनुमानों से कम रहने, रुपये में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 1.4% की बहुत कम दर गिरावट, और भुगतान संतुलन में चालू खाता घाटा जीडीपी के बमुश्किल 0.7% रहने को लेकर उत्साहित हैं। 2023-24 में, जून के पहले सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार 665.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। अब मोदी 3.0 के सामने चुनौती इस वृद्धि को बनाए रखने के साथ-साथ मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने की है। राजकोषीय समझदारी से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए यह एक पूर्व शर्त है। कम राजकोषीय घाटे को जारी रखने के बारे में आम सहमति थी। चूंकि सरकार ने पहले ही अंतरिम बजट 2024-25 में जीडीपी के 5.1% के राजकोषीय घाटे का प्रस्ताव रखा है, लेकिन कुछ ऐसी ज़रूरतें हैं जिनके कारण सरकार को पूंजीगत व्यय, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे के लिए अधिक धन की आवश्यकता हो सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च; पीएलआई योजना, विशेष रूप से नए क्षेत्रों में उसके विस्तार के साथ। बेरोजगारी, शिक्षित युवा बेरोजगारी को संबोधित करने की भी तत्काल आवश्यकता है।

## रोबोट टैक्स का सुझाव

बैठक में कुछ अर्थशास्त्रियों ने नई तकनीक, खास तौर पर एआई के कारण नौकरियों के नुकसान के बारे में चिंता जताई। एक राय यह थी कि हालांकि, हम नई तकनीक के उपयोग से बच नहीं सकते और न ही बचना चाहिए, लेकिन चूंकि इससे नौकरियां जा रही हैं, इसलिए जो लोग लाभ उठा रहे हैं, उन्हें नुकसान उठाने वालों की भरपाई करनी चाहिए। रोजगार सृजन का जिक्र करते हुए, यह सुझाव दिया गया कि 'रोबोट टैक्स' की संभावना तलाशी जा सकती है, जिसका उपयोग विस्थापित श्रमिकों को पुनः कौशल प्रदान करने और पुनर्वासित करने के लिए किया जा सकता है। यह ध्यान रखना दिलचस्प हो सकता है कि हाल ही में आईएमएफ द्वारा एक पेपर में उल्लेख किया गया है कि यद्यपि एआई रोजगार और मजदूरी को बढ़ावा दे सकता है, लेकिन आईएमएफ ने यह भी कहा है कि श्रम बल के बड़े हिस्से को लंबे समय



तक काम से बाहर रख सकता है, जो एक दर्दनाक संक्रमण की ओर इंगित करता है।

## डिज़ाइन किया जाए पीएलआई

उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के पहले चरण की सफलता से उत्साहित, जिसने एपीआई, रक्षा उपकरण, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई अन्य में चीन पर निर्भरता को कम करने में मदद की, अर्थशास्त्रियों ने पीएलआई के अगले चरण को सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र (एमएसएमई) के इर्द-गिर्द डिज़ाइन करने का समर्थन किया। रोज़गार सृजन पर नज़र रखते हुए, अधिक संतुलित औद्योगिक विकास के लिए के लिए पीएलआई योजना को एमएसएमई के लिए डिज़ाइन करना महत्वपूर्ण है।

## ई-उत्पादों पर सीमा शुल्क की तैयारी

यह समझा जाता है कि विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के परिणाम के अनुसार, विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से डिजिटल उत्पादों पर सीमा शुल्क पर रोक समाप्त हो जाएगी। डिजिटल उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाने की तैयारी के रूप में, हम इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित सॉफ्टवेयर और अन्य डिजिटल वस्तुओं के लिए भारतीय सीमा शुल्क मैनुअल में विशिष्ट टैरिफ शीर्ष बनाकर इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर शून्य प्रतिशत के सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र टैरिफ के साथ डिजिटाइज़ करने योग्य वस्तुओं पर सीमा शुल्क शुरू कर सकते हैं। इससे डेटा एकत्र करने और 01/04/2026 के बाद उचित दरों पर सीमा शुल्क लगाने में सुविधा होगी, जब विश्व व्यापार संगठन द्वारा ई-ट्रांसमिशन के सीमा शुल्क पर लगाई रोक समाप्त हो जाएगी।

## निजी निवेश को बढ़ावा

इसमें कोई संदेह नहीं है कि ई-उत्पादों पर टैरिफ लगाने से दीर्घकाल में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित उत्पादों में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन कई अन्य उद्योगों और स्टार्ट-अप में भी निवेश को बढ़ावा देने की तत्काल जरूरत है। घरेलू स्रोतों से इस निवेश को वित्तपोषित करने के लिए, हमें घरेलू निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल देने की आवश्यकता है। निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए बैठक में जिन सुझावों पर चर्चा की गई, उनमें निम्नलिखित शामिल हैंः-

1. वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के प्रवाह में घर्षण को दूर करने के लिए सूचीबद्ध, गैर-सूचीबद्ध क्षेत्रों के बीच दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ समानता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्तमान में सूचीबद्ध शेयरों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ आमतौर पर 10 और गैर-सूचीबद्ध शेयरों व अन्य परिसंपत्तियों पर 20% की दर से कर लगता है।
2. जैविक रसायन, प्लास्टिक और ईवी से संबंधित उपकरणों सहित चीन से आयात प्रतिस्थापन के लिए उत्पादन से जुड़ी पीएलआई योजना शुरू की जानी चाहिए।
3. छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए घोषित रक्षा गलियारों में प्लग एंड प्ले सुविधाओं, कॉमन टूल रूम और आरएंडडी सुविधाओं के साथ औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा सकते हैं। उचित लागत पर रक्षा उत्पादन बढ़ाने के लिए 'इसरो मॉडल' को अपनाया जा सकता है।
4. हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'रिवर्स फ़्लिपिंग' वालों को अपेक्षित कर का भुगतान करना होगा और अधिकांश 'रिवर्स फ़्लिपिंग' करने वाले लोग इसे देने के लिए तैयार भी हैं, फिर भी लालफीताशाही और प्रक्रियाओं और ढेर सारे कागजी काम से जुड़े मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। चूंकि, यह एक बार का मामला है, इसलिए सरकार रिवर्स फ़्लिपिंग की सुविधा के लिए एक पैकेज ला सकती है और जो लोग वापस लौट रहे हैं उनके लिए असुविधा को कम कर सकती है। यह सभी के लिए लाभ की स्थिति हो सकती है; चाहे वह सरकारी राजस्व हो, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम हो या पूरा देश हो।

# मध्यम वर्ग को राहतों की बड़ी उम्मीदें



**पूर्ण बजट 24-25**

डॉ.जयंतीलाल भंडारी
वरिष्ठ अर्थशास्त्री

इस समय पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट 2024-25 की ओर लगी हुई है। यह उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2012-13 के बाद महंगाई के हिसाब से जिस आयकरदाता और मध्यम वर्ग को राहत नहीं मिली है, अब वित्तमंत्री नए बजट के माध्यम से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं।

## राहतों पर फोकस

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद लगातार मांग तेज हुई है। सरकार ने विगत वर्षों में जहाँ गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया, लेकिन राहत पाने के मद्देनजर सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान में मध्यम वर्ग की नाराजगी भी दिखाई दी है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक संबोधन में कहा है कि मध्यम वर्ग देश के विकास का चालक है और मध्यम वर्ग कैसे कुछ बचत बढ़ा सके तथा मध्यम वर्ग के लोगों की जिंदगी को कैसे आसान बनाया जा सके, इस परिप्रेक्ष्य में रणनीतिकपूर्वक आगे बढ़ा जाएगा। गौरतलब है कि इस पूर्ण बजट 2024-25 के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से अधिक हुए हैं। आयकर विभाग के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2013-14 में आयकर संग्रह करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये था। यह फिर तेजी से बढ़ता गया। यह वर्ष 2019-20 में 10.5 लाख करोड़ रुपये हो गया। कोरोनाकाल के कारण यह वर्ष 2020-21 में घटकर 9.47 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। यह वर्ष 2021-22 में 14.08 करोड़ रुपये, वर्ष 2022-23 में 16.64 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 19.58 करोड़ हो गया।

ऐसे में वित्तमंत्री सीतारमण मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों स्लैब की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित कर सकती है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं। इसके तहत मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 में मानक कटौती की सीमा 40 हजार रुपये थी और वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया था।

## टैक्स छूटों में वृद्धि वृद्धि संभव

नए बजट के तहत आयकर से संबंधित विभिन्न टैक्स छूटों में वृद्धि की जा सकती है। मौजूदा समय



में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट मिलती है। इसके तहत ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 2.5 लाख से तीन लाख की छूट दी जा सकती है। इसी तरह सरकार के द्वारा इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को बढ़ा सकती है। ऐसे में सरकार के द्वारा 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स छूट को बढ़ा सकती है ताकि टैक्पेयर्स हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर प्रेरित हों। 80डी में कर छूट सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सीमा बढ़ाई जाने से लोगों को स्वास्थ बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) में योगदान की वार्षिक सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जा सकता है।

## आयकर के दायरे में इजाफा

निःसंदेह देश में कर सुधारों से आयकर के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है, लेकिन अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां वर्ष 2024-25 के बजट से वित्तमंत्री आयकर राहत संबंधी उपहार सौंप सकती हैं, वहीं वे बजट में आयकर के दायरे का विस्तार करने की नई रणनीति का ऐलान कर सकती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग हैं पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक पिछले एक वर्ष में करीब 24 लाख लोगों ने 10 लाख रुपये से महंगी कारें खरीदी, पिछले एक वर्ष में करीब 25 लाख लोगों के 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के महंगे घर खरीदे, वर्ष 2022 में देश के करीब 2.16 करोड़ लोगों ने पर्यटन के मद्देनजर विदेश यात्राएं की। इस तरह लोगों के पास पर्याप्त कमाई के कारण ही ये खरीदियां और विदेश यात्राएं संभव हैं, लेकिन ऊंची कमाई करके भी बड़ी संख्या में लोग आयकर नहीं देना चाहते। वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.79 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की आबादी के 1.97 फीसदी लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में आयकर का पूरा बोझ दो फीसदी से भी कम आबादी के द्वारा उठाया जा रहा है। साथ ही देश में कुल आयकर रिटर्न के करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकरदेयता बताते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसे में देश में आयकर संग्रहण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आकार की तुलना में महज 11.7 फीसदी ही है, जबकि यह जर्मनी में 38 फीसदी, जापान में 31 फीसदी, ब्रिटेन में 25 फीसदी अमेरिका में 25 फीसदी और चीन में 18 फीसदी है। स्थिति यह है कि अमेरिका की 60 फीसदी और ब्रिटेन की 55 फीसदी आबादी आयकर चुकाती है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। इसमें राहत से फायदा ही है।

## नई रणनीति की संभावना

अतएव हम उम्मीद करें कि इस बार वित्तमंत्री नए बजट से ऐसे लोगों को चिह्नित करने की नई रणनीति के साथ दिखाई देगी, जिससे वास्तविक आमदनी का सही मूल्यांकन हो सके, लोगों के वित्तीय लेनदेन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हो सके । साथ ही जो वास्तविक कमाई से कम पर आयकर देते हैं, उन्हें भी चिह्नित करके अपेक्षित आयकर चुकाने के लिए बाध्य किया जा सके। निश्चित रूप से इससे देश में टैक्स संग्रहण बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

# जानदार वर्कआउट पर मिली शाबाशी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



हिना खान टीवी की सबसे मशहूर हस्तियों में से एक हैं। ब्रेस्ट कैंसर का पता चलने के बाद से ही वो फैंस के साथ लगातार पोस्ट शेयर कर रही हैं। हाल ही में हिना ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें लोग उनके जज्बे को सलाम कर रहे हैं। हिना का वर्कआउट वीडियो वाकई जानदार है। वह अपने ट्रेनर के साथ लेग टेक्निक से पंचिंग की प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं। उनकी ताकत देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। हिना खान ने कहा, 'इस यात्रा को, मैंने जो हासिल किया उसके लिए याद किया जाना चाहिए या नहीं। मुझे यह ताकत देने के लिए अल्लाह का शुक्रिया।' हिना खान लगभग हर रोज अपने सोशल मीडिया फॉलोअर्स को स्टेज थ्री के स्तन कैंसर से जूझ रहे अपने सफर के बारे में अपडेट करती रहती हैं। चाहे अपना नया पिक्सी कट दिखाना हो या अपनी मां के प्रति आभार जताना हो, 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। हालिया पोस्ट में, उन्होंने अपनी ताकत और लचीलापन दिखाते हुए अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया, जो उनके फैंस को बहुत पसंद आया। वीडियो के साथ, हिना ने इलाज को लेकर एक मैसेज भी लिखा। हिना खान की शेयर की गई नई क्लिप में उन्हें वर्कआउट प्रैक्टिस में लगे हुए दिखाया गया है। वह अपने ट्रेनर के साथ लेग टेक्निक से पंचिंग की प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं। उनकी ताकत देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है।

## आदित्य की अगली फिल्म में नजर आएंगे रणवीर...



**नई दिल्ली।** आदित्य धर अपनी अगली फिल्म को लेकर तैयारियों में जुटे हैं। कहा जा रहा है कि आगामी फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल अदा करेंगे। बॉलीवुड में 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्में बनाने वाले आदित्य धर अब अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि आदित्य धर की अगली फिल्म में रणवीर नजर आने वाले हैं। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने शुरू होगी। आदित्य धर और रणवीर सिंह 25 जुलाई से थाइलैंड में फिल्म पर काम शुरू करने जा रहे हैं।



## 'कगुवा' में तीन लुक में दिखेंगे सूर्या

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कंगुवा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म में सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में सूर्या एक या दो नहीं, बल्कि तीन अवतारों में नजर आने वाले हैं। फिल्म 10 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या 'कांगुवा' में तीन अलग-अलग लुक में नजर आएंगे। प्रत्येक किरदार का लुक अलग होगा, जो पहले कभी नहीं देखा गया है और यह फिल्म की कहानी में एक अलग तरह की जिज्ञासा पैदा करेगा। 'कंगुवा' को इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म माना जा रहा है। 350 करोड़ रुपए से ज्यादा के अनुमानित बजट के साथ यह 'पुष्पा', 'सिंघम' और कई अन्य बड़ी फिल्मों से बड़ी होने का दावा कर रही है।

## समय न दे पाने को लेकर होती है करीना-सैफ में लड़ाई...



*मुंबई। करीना कपूर खान और सैफ अली खान बॉलीवुड के मशहूर कपल हैं। दोनों ने साल 2012 में शादी के बंधन में बंध जाने का फैसला किया था। इस साल उनकी शादी के 12 साल पूरे हो जाएंगे। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे से प्यार जताते नजर आते हैं। इस कपल को उनके फैंस भी काफी पसंद करते हैं। इनके दो प्यारे बच्चे भी हैं, जिनका नाम तैमूर और जहांगीर है। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने अपने पति सैफ अली खान के साथ अपनी बॉन्डिंग पर बात की है। एक कपल लंबे समय से साथ होता है, तो जाहिर है कि दोनों के बीच छोटे-बड़े झगड़े भी होते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि ये एक ही घर में दो कलाकार होने का एक विपरीत प्रभाव है। करीना ने कहा कि वह ज्यादातर बार एक दूसरे के साथ समय बिताने को लेकर लड़ते हैं, जब वह एक-दूसरे से मिल नहीं पाते हैं। करीना ने भी अपने रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी उनके लिए एक-दूसरे के लिए समय निकालना भी मुश्किल हो जाता है। इसको लेकर एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सैफ अली खान एक बार सुबह 4:30 बजे आए और सो गए, जबकि वह काम पर चली गईं। उठने के बाद सैफ एक शूटिंग के लिए चले गए, जबकि वह अगले दिन बैंकॉक जाने की तैयारी कर रही थीं। अभिनेत्री ने कहा कि ज्यादातर समय वो एक-दूसरे को देख नहीं पाते हैं, भले ही वो एक ही घर में रहते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि दोनों के लिए समय का संतुलन बनाना काफी मुश्किल है। दोनों कैलेंडर के साथ बैठ कर एक दिन तय करते हैं, जब वह साथ वक्त बिताना चाहते हैं। अभिनेत्री ने झगड़ों के पीछे का एक दिलचस्प कारण बताते हुए कहा कि सैफ 16 डिग्री सेल्सियस चाहते हैं, जबकि वह 20 डिग्री चाहती है, लेकिन वह 19 डिग्री पर मान जाते हैं। बात करें दोनों के वर्क फ्रंट की तो करीना 'द बकिंघम मर्डर्स' में नजर आने वाली हैं।*

## वसुधा के रोल में नजर आएंगी तब्बू



**नई दिल्ली।** नीरज पांडे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'औरों में कहां दम था' का नया पोस्टर साझा किया, जिसमें अभिनेत्री तब्बू भी दिखाई दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने बताया कि तब्बू वसुधा के किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने इस किरदार को मजबूत, प्रेममय और स्वतंत्र बताया है। फिल्म में तब्बू और अजय देवगन के जवानी वाले किरदार को निभाने वाले कलाकार साई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी पोस्टर में दिख रहे हैं। 'औरों में कहां दम था' को पहले 5 जुलाई, 2024 को रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किया गया। अब यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी।

## 'ग्यारह-ग्यारह' का पहला पोस्टर जारी





**नई दिल्ली।** 'किल' के बाद करण जौहर एक बार फिर राघव जुयाल को रोमांचक परियोजना 'ग्यारह ग्यारह' के साथ दर्शकों के सामने खास अंदाज में पेश करने के लिए तैयार हैं। आखिरकार करण जौहर ने जी5 के ओरिजिनल शो के रिलीज की तारीख की भी घोषणा कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने सीरीज का पहला पोस्टर भी जारी किया है। यह सीरीज नौ अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी। निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख 9 अगस्त 1990 लिखी की है, जिसका मतलब है कि यह 1990 में घटी रहस्यमयी घटनाओं की कहानी यात्रा पर ले जाएगी। शनिवार को निर्माताओं ने सीरीज का पोस्टर जारी किया, जिसमें दो प्रमुख कलाकार वॉकी-टॉकी पर बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीरीज में कृतिका कामरा , धैर्य करवा और राघव जुयाल मुख्य भूमिकाओं में हैं और इसे बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता करण जौहर और गुनीत मोंगा कपूर ने मिलकर निर्मित किया है। सीरीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक उमेश बिष्ट ने कहा, 'ग्यारह ग्यारह' का निर्देशन एक असाधारण यात्रा रही है और मैं करण जौहर और गुनीत मोंगा जैसे दूरदर्शी लोगों के साथ काम करने के लिए गहराई से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे शो के माध्यम से दर्शकों को एक रोमांचक कहानी का स्वाद मिलेगा, जो समय को जोड़ती है। दो पुलिस अधिकारियों को जोड़ती है- एक 1990 से और दूसरा 2016 से - एक रहस्यमय वॉकी-टॉकी के माध्यम से। इसमें सस्पेंस, ड्रामा, रोमांच और वह सब कुछ है, जो आपको एक मनोरंजन के लिए चाहिए।'






## डेडपूल एंड वूल्वरिन का ट्रेलर जारी..



**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन शुरुआत से चर्चा में बनी हुई है। दुनियाभर के दर्शकों को इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फिल्म का तीसरा और अंतिम ट्रेलर जारी कर दिया है। दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर जबर्दस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म का आखिरी ट्रेलर में लेडी डेडपूल की झलक भी देखने को मिली है। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के आखिरी और अंतिम ट्रेलर अभिनेत्री डैफने कीन की वापसी का संकेत दे रहा है। क्लिप के अंतिम मोंटाज में नकाबपोश लेडी डेडपूल का पूरा शॉट भी दिखाई देता है। वह सुनहरे बालों में पोनीं बनाए हुए दिखाई दी।




# राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रदान किए परम विशिष्ट सेवा मेडल, सेना व नौसेना प्रमुख को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सेना अधिकारियों की देश सेवा की राष्ट्रपति मुर्मु ने की सराहना

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा अलंकरण समारोह 2024 के दौरान सेना प्रमुख और अन्य अधिकारियों को विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए।

इस दौरान सभी सेना अधिकारियों की देश सेवा की राष्ट्रपति ने सराहना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा अलंकरण समारोह के दूसरे चरण में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को परम विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया। वहीं भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी को परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भारतीय सेना विमानन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय सूरी को अति विशिष्ट सेवा पदक, भारतीय तटरक्षक महानिदेशक राकेश पाल को अति विशिष्ट सेवा पदक लेफ्टिनेंट जनरल एचएस शाही को उत्तम युद्ध सेवा पदक प्रदान किया गया। वहीं राष्ट्रपति ने भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को परम विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान की 94 विशिष्ट सेवा अलंकरण

### इन्हें भी दिए गए विशिष्ट सेवा पदक

समारोह में सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों को 94 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए। इसमें 31 परम विशिष्ट सेवा पदक, चार उत्तम युद्ध सेवा पदक, दो कर्मियों को एक बार फिर अति विशिष्ट सेवा पदक और 57 को पहली बार एवीएसएम प्रदान किए गए। इन कर्मियों को अपने अपने क्षेत्र में असाधारण स्तर की विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।



### ये नेता रहे मौजूद

इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्र राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना समेत तमाम लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि इससे पहले रक्षा अलंकरण का पहला चरण पांच जुलाई को आयोजित किया गया था, जब राष्ट्रपति ने कर्तव्य के दौरान अदम्य साहस और असाधारण वीरता प्रदर्शित करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों को सात मरणोपरांत सहित 10 कीर्ति चक्र प्रदान किए थे।

## जैकेट के शेष

### हर साल 400 .....

भर रहे हैं, बल्कि हर साल तकरीबन 400 बच्चों के लिए जूते-ड्रेस और बैग्स का भी इंतजाम कर रहे हैं। श्री शर्मा वर्तमान में नगर माता बिन्नी बाई सोनकर गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय भाठागांव में कार्यरत हैं। उनका कहना है कि आज भी कई बच्चों के पास सालाना फीस जमा करने का भी पैसा नहीं होता। ऐसे विद्यार्थियों की फीस जमा करता हूं। पांच सालों में 300 से अधिक बच्चों की फीस का इंतजाम किया है। इनमें से कई विद्यार्थी 12वीं के बाद जॉब करने लगे हैं। पढ़ाई के साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य है, ताकि शिक्षा और मेहनत के दम पर वे अपना भविष्य बेहतर कर सकें।

### 400 विद्यार्थियों को ....

में प्रतिदिन विद्यार्थियों को अंग्रेजी, योग, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान व हमारे देश तथा प्रदेश की विभिन्न परंपरा, संस्कृति, त्योहार के विषय में जानकारी देते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षक के रूप में जीवन हमेशा विद्यार्थियों के लिए समर्पित होगा। शिक्षक बनने के बाद मन में ठान लिया कि था शिक्षा को सरल बनाना है, जिसे ग्रहण करने आर्थिक स्थिति कभी बाधा न बने। बचपन से ही माता-पिता को दूसरे लोगों की मदद करते देखा था, इसलिए ये भावना बचपन से ही है।

### स्कूलों में कल....

स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और गुरू वंदना से होगी। स्कूली बच्चों के द्वारा जीवन में गुरूओं के महत्व पर व्याख्यान भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा भी अपने उत्कृष्ट विद्यार्थियों के बारे में यादगार पलों का स्मरण किया जाएगा। इसी प्रकार स्कूली बच्चे भी अपने गुरूओं के साथ हुए अनेक प्रसंगों की चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में निबंध लेखन और कविता पाठ का भी आयोजन होगा।

### बस्तर से आंध्र-तेलंगाना ....

पर अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर दूरभाष क्रमांक 07864-284012 एवं मोबाइल नम्बर 94063-78849 को बनाया गया है। किसी भी परिस्थितियों से निपटने अनिवार्य रूप से अवगत करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे आला अफसर :** वहीं दूसरी ओर बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण के साथ सुरक्षा को लेकर एसपी किरण चव्हाण, एएसपी अभिषेक वर्मा, अभिषेक माहेश्वरी दोरनापाल एसडीओपी निशांत पाठक निरीक्षक शशिकांत सिन्हा व एर्राबोर थाना प्रभारी पदमा जगत के साथ एनएच पुल एर्राबोर पहुंच जायजा लिया.

**बिजली तार गिरने से मवेशियों की मौत :** बीती रात मराईगुड़ा पंचायत के गांव बुरगुड़ा में अधिक बारिश हवा, तूफान होने के कारण एक पुराने इमली का पेड़ गिर जाने से बिजली तार टूटने की वजह से दो मवेशियों की मौत हो गई। दूसरी ओर गोरगुंडा- चिंतागुफा-चिंतलनार जाने वाले मार्ग पर अनेक जगह क्षेत्रीय नाले उफान पर होने के कारण मार्ग बाधित है। चिंतलनार से जगरगुंडा गांव के लोग जान जोखिम में डाल उफनते नाले पर टूटी पुलिया पार कर दैनिक उपयोगी सामान के लिए साप्ताहिक बाजार जा रहे हैं।

**पोटाकेबिन के बच्चों को किया गया शिफ्ट :** अनवरत बारिश होने से बीजापुर के पोंजेर, चेरपाल, भोपालपटनम के जल्लावागु और उसूर के तालपेरु नदी के उफान पर आ जाने से इस मार्ग पर आवाजाही बन्द है। हालांकि कुछ जगहों पर जलस्तर कम होने के बाद आवागमन बहाल हो गया। इधर पेगड़ापल्ली पोटाकेबिन व पीएमश्री स्कूल के बच्चों को एहतियातन आरएमएसए पोटाकेबिन सेंड्रापल्ली में शिफ्ट किया गया हैं। उसूर ब्लाक के बासागुड़ा में बहने वाली तालपेरु नदी के उफान पर आ जाने से यहां सुबह से आवागमन बन्द रहा। दोपहर में जलस्तर के कम होने से आवागमन बहाल हो गया। उसूर तहसीलदार सूर्यकांत धरत ने बताया कि तालपेरु में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बासागुड़ा पोटाकेबिन के बच्चों को अस्थाई तौर पर सारकेगुड़ा आश्रम में शिफ्ट किया गया हैं। भैरमगढ़ के नायब तहसीलदार मोहन साहू ने बताया कि बीती रात से अनवरत हो रही बारिश के चलते भैरमगढ़ नगर जलमग्न हो गया था। घुटनों तक पानी भरा रहा। कई घरों तक में पानी घुस आया था। गंगालुर के नायब तहसीलदार लोकेश ठाकुर ने बताया कि बीजापुर से 15 किलोमीटर दूर चेरपाल नदी और पोंजेर नाला के ऊपर से पानी बह रहा है। जिससे गंगालुर से बीजापुर का सड़क संपर्क कट गया है। इसमें बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि धनोरा से बोरजे मार्ग पर बने पुलिया के भर जाने से यहां से भी आवाजाही बन्द हैं। इसी तरह भोपालपटनम ब्लाक के जल्लावागु नाला के उफान पर आ जाने से बारेगुड़ा, सकनापल्ली, लिंगापुर व वरदल्ली का सड़क संपर्क ब्लाक मुख्यालय से कट गया है। यहां दोनों छोर पर लोग फंसे हुए थे। बताया गया है कि पेगड़ापल्ली पोटाकेबिन में जलभराव की आशंका के चलते यहां के बच्चों को आरएमएसए पोटाकेबिन सेंड्रापल्ली शिफ्ट कराया गया हैं। डीएमसी एमव्ही राव खुद वहां पहुंचे थे। उन्होंने वहां की अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए अधीक्षक मिच्चा इस्तारी को फटकार भी लगाई हैं।

**बीजापुर में अब तक 730.0 एमएम हुई वर्षा :** बीजापुर जिले में 1 जून से अब तक 730.0 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई है। जिसमें सर्वाधिक शनिवार का 125.3 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से तहसीलवार मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर तहसील में 117.0 एमएम, गंगालुर में 110.0 एमएम, भैरमगढ़ में 248.0 एमएम, कुटरू में 133.0 एमएम, भोपालपटनम में 60. एमएम व उसूर में 83.0 एमएम औसत वर्षा रिकर्ड की गई हैं। जिले में 1 जून से अब तक 730.0 एमएम औसत दर्ज की गई हैं।

### पुल टूटा, 70 ....

निर्माणाधीन नेशनल हाईवे की सड़क और पुल बाढ़ में बह गए हैं। बताया जा रहा है कि 70 गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। दल्लीराजहरा से मानपुर का संपर्क टूट गया है। इस हादसे मे मानपुर मुख्यालय के खडगांव तहसील और भरीटोला सेक्टर के लगभग 70 गांव में निवासरत 50 हजार की सघन आबादी मानपुर मुख्यालय से कट गए और टापू में तब्दील हो गए हैं। इसके कारण खड़गांव भर्रीटोला इलाके के ग्रामीण, किसान, छात्र-छात्राएं मानपुर मुख्यालय में स्थापित अस्पताल, स्कूल, बैंक, सहकारी बैंक, कालेज, खाद, बीज, रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े सामग्री लेने नेशनल हाईवे और पुल के बह जाने से मानपुर मुख्यालय से कट चुके हैं।

**रास्ते हुए प्रभावित :** पुल बह जाने के बाद कांकेर-बस्तर, हैदराबाद, तेलंगाना, महाराष्ट्र से मानपुर होते हुए दल्ली राजहरा बालोद जिले तक आने-जाने वाले यात्री बसें, ट्रक, मालवाहक वाहन इस राष्ट्रीय राजमार्ग से नहीं जुड़ पाएंगे।

### राजधानी रायपुर में ....

वर्षा हुई है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून द्रोणिका रायपुर के ऊपर से गुजर रही है जिसकी वजह से यहां वर्षा की मात्रा कम है।

### एक ही झटके ....

से कुलांचे भर रहे क्राउडस्ट्राइक के शेयर शुक्रवार को 11 फीसदी गिर गए। बताया जा रहा है कि क्राउडस्ट्राइक का मार्केट कैप आउटेज से पहले लगभग 83 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया था, लेकिन झटके में आए इस क्राइसिस के कारण इसे तगड़ा झटका लगा। देखते ही देखते इसका मार्केट कैप 8.8 अरब डॉलर कम हो गया। एक झटके में ही कंपनी को करीब 73 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। यह कंपनी दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय साइबर सिक्योरिटी प्रोवाइडर में से एक है, जिसके ग्लोबल स्तर पर करीब 30,000 ग्राहक हैं।

### इन्वेस्टर्स का घट ...

इससे पालो ऑल्टो नेटवर्क्स जैसे संभावित कम्पटिटर मौके का फायदा उठा सकते हैं, जिसके शेयर में शुक्रवार को 1.7% की ग्रोथ देखी गई।

## पेज एक के शेष

### ढाई दिन की...

और सिस्टम बदलने की मांग उठने लगी है। लोगों की लगातार शिकायत के बाद हरिभूमि आईएनएच ने दफ्तरों में कर्मचारियों के समय पर न आने की खबरें कीं। खबर प्रकाशित और प्रसारित होने के बाद कुछ दिन प्रशासन ने सख्ती की उसके बाद फिर वही...। इस बार लोगों की शिकायत मिली कि कर्मचारी सप्ताह में तीन दिन तक का अवकाश मना रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने शुक्रवार को लंच टाइम के बाद कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों की पड़ताल की। इस दौरान कई दफ्तरों से अधिकारी गायब मिले, वहीं कहीं-कहीं कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले।

**गायब होने के कई बहाने, वापस आएंगे या नहीं इसकी जानकारी कर्मचारियों को भी नहीं :** बीते शुक्रवार यानी 19 जुलाई को हरिभूमि ने दफ्तरों की पड़ताल की। आधे से ज्यादा गायब मिले। कई जिलों में पूरे ही गायब थे। सभी दफ्तरों में मौजूद कर्मचारियों से गायब अधिकारियों व कर्मचारियों को लेकर पूछताछ की, तो पता चला कि कोई लंच पर गया हुआ है, तो कोई दफ्तर के काम से मंत्रालय तो कोई फील्ड पर गया है। इस पूछताछ में कर्मचारी यह बता नहीं पाए कि अधिकारी वापस दफ्तर आएंगे या नहीं। हालांकि कुछ कर्मचारियों ने इसकी संभावना जरूर जताई।

**रायपुर के दफ्तरों में गायब मिले अधिकारियों के साथ कुछ कर्मचारी :** टीम की पड़ताल के दौरान आबकारी विभाग, समग्र शिक्षा विभाग, मनरेगा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग, जनसूचना अधिकारी जिला पंचायत आदि दफ्तरों में अधिकारी अनुपस्थित मिले। इनमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अलावा राजस्व विभाग के कुछ विभाग दफ्तर से कुछ कर्मचारी अनुपस्थित मिले। कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों में पदस्थ कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शनिवार की छुट्टी के कारण कई अधिकारी-कर्मचारी शुक्रवार को हाफ टाइम में ही गायब हो जाते हैं।

**बॉयोमेट्रिक सिस्टम नहीं होने का उठा रहे फायदा :** कलेक्टोरेट के किसी भी विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों के ड्यूटी पर आने-जाने की एंट्री के लिए बॉयोमेट्रिक सिस्टम नहीं लगा है, जिसका फायदा विलंब से आने और हाफ ड्यूटी कर गायब होने वाले अधिकारी-कर्मचारी उठा रहे हैं। सभी कर्मचारी रजिस्टर में एंट्री करते हैं। यह रजिस्टर भी सभी विभागों के दफ्तरों में रहता है, जिसमें मनमाने समय पर एंट्री की जाती है। बताया जा रहा है कि करीब 8-10 साल पहले बॉयोमेट्रिक सिस्टम यहां लगाया गया था, लेकिन दो महीने के भीतर ही वह खराब हो गया, जिसके बाद से बॉयोमेट्रिक सिस्टम ही नहीं लगाया गया।

### दुर्ग में भी शुक्रवार...

रहा। यहां तक कि यहां विभाग प्रमुख कहां गए हैं, इसकी भी जानकारी किसी को नहीं थी। विभाग में रोस्टर चार्टर में भी दौरे का कोई उल्लेख नहीं पाया गया। इसी तरह जिला पंचायत और जनपदों में भी इसी तरह के हालात निर्मित रहे।

### राजनांदगांव में भी लंच...

के बाद काम-काज पर भी ब्रेक लग रहा है। शासकीय दफ्तरों में सात-आठ टेबल पर महज 1-2 कर्मचारी ही नजर आते हैं। सप्ताह में दो दिनों के अवकाश के बाद 5 दिनों के कार्यालयीन दिवस की वजह से लोगों का काम भी समय पर नहीं हो रहा है। इसके कारण सोमवार को दफ्तरों में फरियादियों की भीड़ नजर आती है। यही नहीं, अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी के दिन भी समय पर नहीं पहुंच रहे हैं।

### कुख्यात अपराधी की...

खिलाफ सिविल लाइन थाने के अलावा जिले के कई थाना चौकियों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। कुछ महीने पहले ही सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चौपाटी में सूरज हथठेल ने अपने दोस्तों के साथ तीन युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं मुख्य आरोपी सूरज हथठेल की पुलिस तलाश कर रही थी। सूरज हत्या की कोशिश, बलवा और आर्म्स एक्ट के 14 अलग-अलग मामलों में नामजद आरोपी और जिला बदर के लिए प्रस्तावित था। बताया जा रहा है कि सूरज हथठेल ने 18 जुलाई की रात पाली थाना क्षेत्र में एक स्कूटी लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में भी उसकी तलाश की जा रही थी। 19-20 जुलाई की दरम्यानी रात पेट्रोलिंग पर निकली दर्री पुलिस टीम को रात लगभग 1.40 बजे सूरज हथठेल एनटीपीसी गेट नंबर 2 ओल्ड सायलो रेलवे क्रांसिंग के पास स्कूटी पर बैठा हुआ पुलिस को नजर आया। पुलिस को देखकर सूरज हथठेल ने स्कूटी को वहीं फेंका और समीप के जंगल में भाग खड़ा हुआ। पेट्रोलिंग टीम भी जंगल में उसके पीछे गई। इस दौरान वहां कुछ रेलवे कर्मी काम कर रहे थे। जिनसे टार्च लेकर पुलिस टीम ने जंगल में सूरज हथठेल की तलाश शुरु की। सूरज उन्हें झाड़ियों में छिपा हुआ मिला। पुलिस कर्मी सूरज को पकड़कर दर्री थाना ले आये। चूंकि सूरज के खिलाफ सिविल लाइन थाने में हत्या के प्रयास का गंभीर अपराध दर्ज था इसलिए शनिवार तड़के करीब 5.30 बजे दर्री पुलिस ने सूरज को सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया। तब तक रास्ते में उसके सीने में दर्द शुरु हो गया था। सुबह 5.45 बजे सूरज को सिविल लाइन पुलिस ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत सूरज को मृत घोषित कर दिया।

### खेलते-खेलते हादसा, तालाब...

घर नहीं लौटे तो देर शाम करीब 7 बजे परिजनों व ग्रामीणों ने बच्चों की खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों को तालाब किनारे एक बच्चे का चप्पल पानी में तैरती दिखाई दी। उसके बाद ग्रामीणों को आशंका हुई और उन्होंने तालाब में बच्चों को ढूंढना शुरू किया। ग्रामीणों ने मछली पकड़ने की जाल की मदद से बच्चों को निकालने का रेस्क्यू किया। इस दौरान दोनों बच्चों के शव को बाहर निकाला गया। बच्चों के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### हाईकोर्ट ने अधिकारी को...

हुए 328652 रुपये का वसूली आदेश जारी किया गया। साथ ही उसके विभिन्न सेवानिवृत्त देयकों को रोक दिया गया। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। दिसम्बर 2023 में कोर्ट ने शासन को याचिकाकर्ता के समस्त देयक का 60 दिन के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया। तय समय में आदेश का पालन नहीं होने पर अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व दुर्गा मेहर के माध्यम से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका पेश की। याचिका में आईजीपी सीआईडी एस सी द्धवेदी, संयुक्त संचालक कोषालय इमरान खान, एसपी सीआईडी वर्षा मिश्रा को नाम सहित पक्षकार बनाया गया। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता पांडेय ने आदेश का पालन नहीं करने के दोषियों को नियमानुसार दंडित करने की मांग की। इस पर अधिकारी ने कोर्ट से क्षमा मांगी। कोर्ट ने भविष्य में गलती नहीं दोहराने की चेतावनी देते हुए आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है।

## कुवैत में केरल के एक परिवार के चार की मौत

**दुबई/कुवैत सिटी।** कुवैत सिटी में एक दुखद घटना में एक भारतीय दंपति और उनके दो बच्चों की उनके फ्लैट में आग लगने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। परिवार उसी दिन केरल से छुट्टी मनाकर लौटा था। खबर के अनुसार, मैथ्यूज मुलक्कल, उनकी पत्नी लिनी अब्राहम और उनके दो बच्चे, शुक्रवार रात को अब्बासिया इलाके में अपने दूसरे मंजिल के फ्लैट में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के कारण दम घुटने से मारे गए, यह घटना रात आठ बजे की है।

इसमें कहा गया है कि ये सभी लोग अलप्पुझा के नीरत्तुपुरम के रहने वाले थे। अखबार ने कहा, परिवार केरल में छुट्टियां मनाकर कुवैत लौटा था, शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे के आसपास पहुंचा। मैथ्यूज मुलक्कल रॉयटर्स में काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी लिनी अल अहमदी गवर्नरेट के अदन अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। उनके बच्चे कुवैत के भवन्स स्कूल में पढ़ते थे।

**समक्ष : न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद जिला बालोद छ.ग.**
**सक्सेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिए की गयी दरखास्त का समंस (अंतर्गत धारा 373) (1) इंडियन सक्सेशन एक्ट 1925**

सक्सेशन प्र.क्र.-16/2024
नियत पेशी दिनांक-15.07.2024 प्रो.क्र.-170/24
न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद जिला बालोद छ.ग.
द्रोणाचार्य कलिहारी वगै. ----- आवेदकगण
"विरुद्ध"
आम जनता (जिनसे संबंध हो) ---- अनावेदकगण
बनाम-आम जनता, जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।
मृतक का अंतिम निवास स्थान :- वार्ड नं. 12 गुरूर, तह. गुरूर, जिला बालोद छ.ग.

उक्त आवेदकगण-01. द्रोणाचार्य कलिहारी पिता स्व. रोहित कुमार कलिहारी, उम्र 29 वर्ष, 02. शोभना पिता स्व. रोहित कुमार कलिहारी उम्र 32 वर्ष, 03. श्रीमती पुहुपी कलिहारी पति स्व. रोहित कुमार कलिहारी उम्र 66 वर्ष, तीनों निवासी वार्ड क्र. 12 गुरूर, तह. गुरूर जिला बालोद छ.ग., 04. ढालेश्वरी साहू पिता स्व. रोहित कुमार कलिहारी (पति महेन्द्र कुमार साहू) उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम आमदी, बिन्द्रनवागढ़ जिला गरियाबंद छ.ग. ने आपके खिलाफ या जिससे संबंधित हो मृतक स्व. रोहित कुमार कलिहारी पिता संतराम कलिहारी निवासी वार्ड क्र. 12 गुरूर, तह. गुरूर जिला बालोद छ.ग. की मृत्यु होने पर मृत्यु उपरांत मृतक स्व. रोहित कुमार कलिहारी के द्वारा निवेशित मय ब्याज राशि प्रावधानानुसार प्रदान करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि, यदि आपको मृतक की सम्पत्ति/उत्तराधिकार के संबंध में कोई हक या दावा या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 20.09.2024 को दिन 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा मैं स्वयं अवकाश पर रहूं तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

अतः आज दिनांक 15.07.2024 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(संजय कुमार सोनी)
(मुहर) व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

## केंद्रीय मंत्री तोखन ने 'नमो भारत' में की यात्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने शनिवार को 'नमो भारत' ट्रेन में यात्रा की और महिला स्टेशन नियंत्रकों एवं अन्य कर्मचारियों से बातचीत की। इस दौरान आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल सहित अन्य अधिकारी भी थे। वर्तमान में 'नमो भारत' ट्रेन का संचालन 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) 'कॉरिडोर' के साहिबाबाद और मोदीनगर उत्तर के बीच 34 किलोमीटर लंबे खंड पर हो रहा है। बयान के अनुसार, आरआरटीएस का पूरा कॉरिडोर जून 2025 तक पूरा हो जाएगा।

### आरआरटीएस डिपो तक यात्रा

बयान में कहा गया कि साहू साहिबाबाद स्टेशन पर महिला स्टेशन नियंत्रकों और अन्य कर्मचारियों से बातचीत करने के बाद ट्रेन में सवार हुए और दुहाई आरआरटीएस डिपो तक यात्रा की। साहिबाबाद स्टेशन जाने से पहले केंद्रीय मंत्री ने एनसीआरटीसी मुख्यालय गति शक्ति भवन का दौरा किया।

## नेपाल के पीएम ओली आज कर सकते हैं विश्वास मत हासिल

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने की उम्मीद है। ओली (72) ने करीब हफ्ते भर पहले नेपाल में गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की सोमवार को शपथ ली थी।

नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली को अपनी नियुक्ति से 30 दिनों के अंदर संसद में विश्वास मत हासिल करने की जरूरत है और यह आसानी से हासिल किये जाने की संभावना है।

## झारखंड के सीएम सोरेन 'भूमि जिहाद' 'लव जिहाद' के पीछे : अमित शाह

■ हेमंत सोरेन पर बड़ा आरोप
■ रांची में भारतीय जनता पार्टी की बैठक के दौरान यह टिप्पणी की

एजेंसी ⏭ दुमका

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद रांची स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी की राज्य कोर ग्रुप की बैठक ली। इस दौरान शाह ने कहा कि 'भूमि जिहाद' और 'लव जिहाद' के पीछे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं।

उन्होंने रांची में भारतीय जनता पार्टी की बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। इस बैठक में पार्टी के सांसदों और विधायकों के अलावा केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और चुनाव सह प्रभारी हेमंत बिस्वा शर्मा भी हिस्सा ले रहे हैं।

### 'घुसपैठ का मुद्दा आदिवासियों के लिए एक बड़ा सवाल'



शाह ने कहा - 'मैं आदिवासी भाइयों और बहनों से अपील करना चाहता हूं कि वे ऐसी सरकार चुनें जो घुसपैठ रोक सके। अगर घुसपैठ नहीं रुकी तो आदिवासियों की जमीन और जंगल दोनों खतरे में पड़ जाएंगे। घुसपैठ का मुद्दा आदिवासियों के लिए एक बड़ा सवाल है। कांग्रेस, हेमंत सोरेन और उनके मंत्री जिन्हें अभी गिरफ्तार किया गया है, ने झारखंड में घुसपैठ करके आदिवासियों के खिलाफ लव जिहाद, जमीन जिहाद और जंगल जिहाद को अंजाम दिया है।

### सोरेन सरकार देश की सबसे भ्रष्ट : शाह

शाह ने आरोप लगाया कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। रांची के प्रभात तारा मैदान में झारखंड भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपये बरामद हुए, जबकि झारखंड के एक मंत्री के निजी सहायक के पास से 30 करोड़ रुपये बरामद हुए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है। शाह ने सोरेन सरकार पर घुसपैठ पर ध्यान न देने और इसे वोट बैंक के रूप में देखने का आरोप लगाया।

**कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय आर.एन.एम.महाविद्यालय भटगांव जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) 493222**

पत्र क्र. 39/2024 भटगांव दिनांक 16/07/2024

// विज्ञापन //

शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय भटगांव में सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/ अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 26/07/2024 को सायं 05 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन -पत्रों पर विचार नही किया जायेगा । विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है तथा महाविद्यालय की वेबसाईड www.gcbhatgaon.com में अपलोड किया गया हैं जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

एस. के शुक्ला
प्राचार्य
शास.आर.एन.एम. महाविद्यालय भटगांव

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5578



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.रिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

**शब्द पहेली- 5577 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | रा |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | रा | ल |

## सूडोकु नवताल - 5589

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5588 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

{ चैलेंज / सारिम }

ओलंपिक खेलों के लिए चयनित प्लेयर्स को सरकारी स्तर पर तो ट्रेनिंग दी ही जाती है। लेकिन कई प्लेयर्स अच्छी परफॉर्मेंस के लिए पर्सनल ट्रेनिंग भी करने लगे हैं।

# पर्सनल ट्रेनिंग से बढ़ी है ओलंपिक मेडल्स की उम्मीद

पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए सौ से अधिक भारतीय एथलीट्स ने अपनी सीटें बुक करा ली हैं। चूंकि 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम ने चीन में आयोजित 2022 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था, इसलिए उसने भी पेरिस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाओं के लिए रेस वॉकर्स प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने सबसे पहले क्वालीफाई किया था। हालांकि क्वालीफाई करने के बावजूद लांग जंपर मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट के कारण पेरिस नहीं जा सके। लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि भारतीय शूटर्स ने शूटिंग की प्रत्येक कैटेगरी में कोटा बुक किया है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि मात्र 14 वर्षीय तैराक धीनिधि देसिंघू, पेरिस में सबसे कम आयु की भारतीय प्रतिस्पर्धी होंगी, जबकि अपना पांचवां और अंतिम ओलंपिक खेलने वाले 42 वर्षीय टेबल टेनिस स्टार अचंता शरथ कमल सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी होंगे और वही इन खेलों के उद्घाटन में भारत का झंडा लेकर चलेंगे।


धीनिधि देसिंघू

**दहाई अंकों में पदकों की उम्मीद:** ओलंपिक की तैयारी करने के लिए उन भारतीय एथलीट्स की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा हुआ है, जो राष्ट्रीय सेट-अप से अलग हटकर व्यक्तिगत कोचों की निगरानी में ट्रेनिंग कर रहे हैं। ना केवल उनकी ट्रेनिंग योजनाएं विशेषरूप से उनके लिए तैयार की गईं बल्कि उनके डाइट और अन्य प्लान भी एक्सक्लूसिव हैं। इसके लिए उन्हें सरकार या प्राइवेट फाउंडेशन ने फंड किया है। जाहिर है कि यह सब कोशिशें पदक हासिल करने के लिए की जा रही हैं। इसलिए यह प्रश्न प्रासंगिक है कि क्या पर्सनल ट्रेनिंग की बदौलत भारतीय एथलीट्स 2024 पेरिस में रिकॉर्ड ओलंपिक पदक जीत सकेंगे? 2020 टोक्यो में भारत ने 7 पदक जीते थे, जो कि उसके ओलंपिक इतिहास में सर्वाधिक हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार भारत की पदक तालिका दो अंकों में पहुंच सकती है। अगर ऐसा होता है, जिसकी प्रबल संभावना है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।


प्रियंका गोस्वामी


अचंता शरथ कमल

**इन खेलों से है अधिक अपेक्षा:** शूटिंग, कुश्ती, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग आदि में खिलाड़ियों के व्यक्तिगत कोच हैं या जो राष्ट्रीय सेट-अप में भी हैं, उनके लिए भी विशिष्ट ट्रेनिंग योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु या विश्व चैंपियनशिप्स पदक विजेता विनेश फोगट के लिए अपने सपोर्ट स्टाफ के साथ ट्रेवल करना कुछ नया नहीं है। दिलचस्प यह है कि अब अन्य अनेक एथलीट्स ने भी सरकार और प्रायोजकों की मदद से यही तरीका अपना लिया है। उन्हें जो आर्थिक सहयोग मिल रहा है, उससे वह ट्रेनर और फिजियोथेरेपिस्ट हायर कर रहे हैं। राष्ट्रीय फेडरेशन (एनआरएआई) ने कुछ दिशानिर्देशों के साथ ओलंपिक से पहले कैंप्स में भी शूटर्स के साथ व्यक्तिगत कोच को रहने की अनुमति दे दी है। स्टार पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पूनिया को 2018 से व्यक्तिगत कोचों के कारण सफलता मिली है, जिससे अन्य एथलीट्स भी व्यक्तिगत कोच आदि रखने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। लगभग 40 भारतीय खिलाड़ियों के पास यह व्यवस्था है और भारतीय ओलंपिक संघ का कहना है कि उन अन्य अनेक एथलीट्स को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है जिनसे पदक की उम्मीद है। *


नीरज चोपड़ा



आगामी शुक्रवार (26 जुलाई) से फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन शुरू हो रहा है। दुनिया की इस सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता में अनेक देशों के दस हजार से ज्यादा खिलाड़ी अपना दम-खम और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। करीब पंद्रह दिनों तक दुनिया के अरबों खेलप्रेमी उत्साह-उमंग के इस महाकुंभ के साक्षी बनेंगे। इस ओलंपिक खेलों की प्रमुख विशेषताओं, तैयारियों, इतिहास के रोचक तथ्य और भारतीय दावेदारी पर एक विहंगम दृष्टि।

# पेरिस ओलंपिक खेल-2024
# उत्साह-उमंग-जीतने का जुनून

कवर स्टोरी
सारिम अन्ना

इस बात में कोई दो राय नहीं कि ओलंपिक खेलों का आयोजन बहुत अधिक महंगा होता है। इसमें लगभग 100 बिलियन डॉलर का खर्च आता है। यही वजह है कि रईस देश भी अब ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने से कतरा रहे हैं। सुपर रिच स्वीडन ने यह कहते हुए विंटर ओलंपिक के आयोजन ऑफर से इंकार कर दिया है कि वह इसका खर्च बर्दाश्त नहीं कर सकता। कुछ ऐसे ही कारणों से ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रकुल खेलों का आयोजन करने से मना कर दिया था। बावजूद इसके दुनिया भर के खेल प्रेमियों को खेलों के इस महाआयोजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। इसे आयोजित करने वाला देश खुद को गर्वान्वित महसूस करता है। यही वजह है कि जैसे-जैसे 26 जुलाई 2024 की तारीख करीब आ रही है, दुनिया भर के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के दिल की धड़कनें बढ़ती जा रही हैं, उनके भीतर का उत्साह हिलोरे मार रहा है।

## पेरिस में हो रहा तीसरा आयोजन

फ्रांस की राजधानी पेरिस में तीसरी बार ओलंपिक खेलों का आयोजन (26 जुलाई से 11 अगस्त तक) किया जा रहा है। पहली बार 1900 में आयोजन हुआ था और दूसरी बार अब से ठीक 100 साल पहले यानी 1924 में। इस बार के ओलंपिक खेलों को 'गेम्स वाइड ओपन' कहा जा रहा है। इस बार के ओलंपिक खेलों में कोशिश यह की जा रही है कि हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने वाले इन ग्रीष्मकालीन खेलों में कुछ ऐसे नए प्रयोग किए जाएं कि इनकी लोकप्रियता और बढ़े। इसके लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने कुछ नई पहल की है, ताकि नए बेंचमार्क स्थापित किए जा सकें और भविष्य की पीढ़ियों के लिए यह संवेदनशील और जिम्मेदार खेलों के रूप में उभर सकें। इस बार लगातार तीसरी बार रिफ्यूजी ओलंपिक टीम को खेल के मैदान में उतारा जाएगा। इस टीम में उन क्षेत्रों के खिलाड़ी होंगे, जहां युद्ध, टकराव और तनाव की स्थितियां बनी हुई हैं। इस प्रकार संकट भरे संसार में मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया गया है। 'फास्टर, हायर, स्ट्रॉन्गर-टुगेदर' ओलंपिक खेलों का नया मोटो है, जो पुराने मोटो में 'टुगेदर' को जोड़कर उसे समावेशी बना देता है।


पेरिस ओलंपिक खेलों का शुभंकर-फ्रीजेस

## दिखेगा बहुत कुछ नया

पेरिस ओलंपिक खेलों में कुछ ऐसी चीजें भी देखने को मिलेंगी, जो अब से पहले किसी ओलंपिक में नहीं हुई थीं। मसलन, पहली बार उद्घाटन समारोह स्टेडियम के भीतर आयोजित नहीं किया जाएगा बल्कि स्टेडियम से बाहर सीन नदी और उसके आस-पास आयोजित होगा। इस साल ओलंपिक खेलों में ब्रेक डांस प्रतियोगिता का भी डेब्यू होगा। समावेश की भावना प्रदर्शित करने के लिए ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों खेलों के लिए एक ही एंबलम (प्रतीक) का प्रयोग किया जाएगा। इन खेलों में कुल 10,500 एथलीट्स हिस्सा लेंगे। यह पहला ओलंपिक होगा, जब पुरुष और महिला खिलाड़ी एकदम बराबर की संख्या में भाग लेंगे। पेरिस 2024 ओलंपिक का मस्कट (शुभंकर) फ्रीजेस है। यह दो मानवरूपी परंपरागत फ्रीजियन टोपियां हैं, जो कि फ्रांस की क्रांति के समय से ही स्वतंत्रता का प्रतीक मानी जाती हैं।

## कैसी होगी भारतीय दावेदारी

जहां तक भारतीय दावेदारी की बात है तो इस ओलंपिक खेलों में हमारे 100 से अधिक एथलीट्स हिस्सा लेंगे, जिनमें जेवलिन थ्रो चैंपियन नीरज चोपड़ा, बॉक्सर लवलीना बोर्गोहेन, शटलर पीवी सिंधु, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू आदि को एक्शन में देखा जा सकेगा। पिछले ओलंपिक खेल टोक्यो 2020 में भारत ने कुल सात पदक जीते थे। भारतीय खिलाड़ियों को उम्मीद है कि इस बार वे अपने पदक संख्या दो अंकों में पहुंचा सकेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय खिलाड़ियों का यह लक्ष्य जरूर पूरा होगा और पेरिस ओलंपिक खेल सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। *

### ओलंपिक खेलों में सबसे सफल खिलाड़ी

ओलंपिक खेलों के अब तक के इतिहास में अब तक जो सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं, वह हैं अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स। फेल्प्स ने 23 स्वर्ण पदकों के साथ कुल 28 पदक जीते हैं और वह पहले एथलीट हैं, जिन्होंने एक ही सत्र में 8 स्वर्ण पदक जीतने का भी रिकॉर्ड बनाया है। पूर्व सोवियत संघ की जिमनास्ट लारिसा लातिनिना 18 पदकों (9 स्वर्ण) के साथ ओलंपिक खेलों की सबसे सफल महिला एथलीट हैं। ओलंपिक खेलों में सबसे सफल देश की बात करें तो अमेरिका 2,638 पदकों (1,065 स्वर्ण) के साथ सबसे आगे है।


लारिसा लातिनिना


माइकल फेल्प्स

{ प्रिपरेशन / साशा }

इसी सप्ताह आरंभ हो रहे आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में हम सभी देशवासियों को ऐतिहासिक प्रदर्शन की उम्मीद है। इसकी वजह है भारतीय प्लेयर्स की जबर्दस्त तैयारी।

# ओलंपिक मेडल जीतने की कैसी है प्लेयर्स की तैयारी


पदक जीतने के लिए तैयार है भारतीय हॉकी टीम

इसी सप्ताह शुरू होने वाले 33वें पेरिस ओलंपिक खेलों से हर भारतीय को चमत्कार की उम्मीद है। हर भारतीय खेल प्रेमी को विश्वास है कि इस बार भारत के खिलाड़ी दस से अधिक मेडल्स जीतेंगे। टोकियो ओलंपिक में भारत को एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक मिले थे और हम पदक तालिका में 48वें नंबर पर रहे थे। टोकियो ओलंपिक में भारत ने अपना अब तक का सबसे बड़ा खिलाड़ी दल उतारा था, जिसने भारत के ओलंपिक इतिहास में सबसे ज्यादा पदक भी जीते थे। लेकिन ये पदक महज सात थे। एथलेटिक्स में एक, कुश्ती में दो, भारोत्तोलन में एक, हॉकी में एक, मुक्केबाजी में एक और बैडमिंटन में एक।

**कई खेलों में है अच्छी तैयारी:** भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी वाले देश में सात ओलंपिक पदक बहुत ही कम संख्या है। इस बार उम्मीद है कि भारत अपने इन पदकों को एक दर्जन की संख्या तक ले जाएगा। इस उम्मीद की कई सकारात्मक वजहें हैं। मसलन, भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में टोकियो में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा अभी भी फॉर्म में बरकरार हैं और इसी के साथ किशोर जेना भी भारत के लिए अब एक नई संभावना हैं। इस बार भारत को एथलेटिक्स से कई पदक की उम्मीदें हैं। गौरतलब है कि सात भारतीयों ने पुरुषों की 20 किलोमीटर रेस वॉक में ओलंपिक क्वालिफाई मानक को पूरा किया है। हालांकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ प्रतिस्पर्धा में सात में से अधिकतम तीन को ही उतारेगी। लेकिन 20 किलोमीटर रेस वॉक में भारत को इस बार पदक मिलने की उम्मीद है।


शूटिंग की तैयारी करते भारतीय प्लेयर्स

**शूटिंग में लगेगा मेडल पर निशाना:** टोकियो से खाली हाथ लौटने के बाद भारतीय निशानेबाजों की नजरें भी पेरिस ओलंपिक पर टिकी हुई हैं। इस बार निशानेबाज खाली हाथ नहीं लौटेंगे इसका पता इस बात से भी चलता है कि हमारे निशानेबाजों ने अधिकतम संभावित 24 कोटा में से 20 कोटा पहले ही हासिल कर लिया है, जिसमें राइफल और पिस्टल प्रतिस्पर्धाओं में 16 कोटा शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में भारत अब तक का सबसे बड़ा शूटिंग दल उतारेगा।

**हॉकी में है इस बार पदक का भरोसा:** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का कहना है कि हमारी टीम भरपूर उत्साह में है, हमारी नजरें स्वर्ण पदक पर गड़ी हुई हैं। गौरतलब है कि टोकियो ओलंपिक में 43 साल बाद हमें हॉकी में पदक मिला था। इसलिए अगर इस बार हम स्वर्ण की नहीं तो रजत की उम्मीद तो कर ही सकते हैं।

**बैडमिंटन से भी है उम्मीद:** भारत ने टोकियो में भी बैडमिंटन में पदक हासिल किया था, इस बार भी बैडमिंटन से उम्मीदें हैं।

पेरिस ओलंपिक, जो अब तक के इतिहास का सबसे यादगार ओलंपिक आयोजन होगा, जिसमें करीब 3,50,000 घंटे का तो टीवी प्रसारण ही होगा और इन खेलों को दुनियाभर के अरबों लोग एक साथ देखेंगे। इस ऐतिहासिक ओलंपिक आयोजन के मौके पर भारत से भी ऐतिहासिक प्रदर्शन की उम्मीद है। *


{ बदलाव / साशा }

हालांकि ओलंपिक खेलों में पदक विजेताओं को मेडल के साथ भरपूर मान-सम्मान भी मिलता है। लेकिन इस बार से ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले प्लेयर्स को कैश प्राइज भी दिया जाएगा।

# ओलंपिक पदक विजेताओं को अब मिलेगा कैश प्राइज

आगामी 26 जुलाई 2024 से शुरू होने वाले पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों के लिए मेडल के साथ कैश पुरस्कार राशि भी दी जाएगी। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार 48 एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक विजेताओं को वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा 50,000 डॉलर का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस ओलंपिक में तो सिर्फ स्वर्ण पदक विजेताओं को ही पुरस्कार मिलेंगे, लेकिन साल 2028 में लास एंजिल्स (अमेरिका) में होने वाले ओलंपिक खेलों में सभी तीनों पदकों के विजेताओं को नगद ईनाम दिया जाना शुरू होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ कि ईनामों की यह धनराशि कितनी होगी?

**भारत में भी बढ़ेगी धनराशि:** वर्ल्ड एथलेटिक्स से प्रोत्साहित होकर भारत में भी ओलंपिक पदक विजेताओं को, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) नगद ईनाम देगा। आईओए के मुताबिक ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता को एक करोड़ रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा, जबकि रजत पदक विजेता को 75 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेता को 50 लाख रुपए नगद मिलेंगे। पदक विजेताओं के लिए अभी तक सरकारी योजना के मुताबिक स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए दिए जाते थे। गौरतलब है कि भारतीय ओलंपिक संघ ने अपने खिलाड़ियों को यह नगद धनराशि देना साल 2018 में ही शुरू कर दिया था। जब एशियाई खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक विजेता को 5 लाख रुपए, रजत पदक विजेता को 3 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेता को 2 लाख रुपए देने की घोषणा की गई थी। जो कि 2021 टोक्यो ओलंपिक के बाद बढ़ गई। इस तरह देखा जाए तो भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन ने विश्व एथलेटिक्स से पहले ही अपने खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देना शुरू कर दिया था।



**व्यावहारिक जरूरत है नगद राशि :** सवाल है क्या वाकई नगद पुरस्कार से खिलाड़ियों के खेल में कोई फर्क पड़ता है? सैद्धांतिक रूप से इसे भले कोई ना माने और आदर्शवाद के तहत कहा जाए कि पैसा सब कुछ नहीं होता, लेकिन अगर व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो पैसा वाकई बहुत कुछ होता है और एक ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक युग में जब हर क्षेत्र में जबरदस्त चुनौतियां और कड़ी प्रतिस्पर्धाएं हों, तब तो नगद पुरस्कार ज्यादा जोखिम उठाने और अधिक कामयाबी पाने के लिए किसी को भी प्रेरित करता है। दरअसल, कोई भी खिलाड़ी अधिकतम 30-35 साल की उम्र तक ही खेल पाता है। कुछ बेहद एथलेटिक प्रतिस्पर्धाओं में तो 26-27 की उम्र होते-होते खिलाड़ी चुक जाते हैं। जब ये खिलाड़ी खेलना बंद कर देते हैं तो उन्हें वही दुनिया भूल जाती है, जो खेलने के दौरान और विजेता होने के समय उन्हें अपने सिर आंखों पर रखती है। अब चूंकि खिलाड़ियों की जिंदगी का सबसे प्राइम समय तो खेलों में गुजर जाता है, तो उनका कोई ठीक-ठाक करियर भी नहीं बनता। यही वजह है कि अतीत में एक-दो नहीं सैकड़ों खिलाड़ियों को एक उम्र के बाद जीवनयापन के लिए छोटी-छोटी नौकरियों से लेकर दैनिक मजदूरी तक करनी पड़ी है।

**क्रिकेट में मिलता रहा है कैश प्राइज:** पैसा किस तरह खेलों का स्तर ऊंचा करता है या कि यह कैसे खिलाड़ियों को 100 फीसदी से भी ज्यादा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, इसका सबसे बढ़िया उदाहरण भारत में क्रिकेट है। आज भारत में क्रिकेट बोर्ड अपनी राष्ट्रीय टीम के ए ग्रेड खिलाड़ियों को हर साल खेलने की फीस के बतौर 7 करोड़ रुपए देता है। बी और सी ग्रेड के खिलाड़ियों की भी क्रमश 5 करोड़ और 2 करोड़ रुपए तक मिलते हैं। इसके अलावा हर खिलाड़ी को खेले गए मैच के लिए अलग से फीस मिलती है और सभी तरह के दैनिक भत्ते मिलते हैं। हाल ही में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को बीसीसीआई ने 125 करोड़ रुपए का ईनाम दिया है, जो टी-20 विश्व कप के सभी खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच बंटेगा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हर खिलाड़ी के हिस्से कितना जबरदस्त अमाउंट आएगा। जबकि इस ईनाम के अलावा ट्रॉफी जीतने पर पुरस्कार के साथ-साथ ना जाने कितने पुरस्कार मिले हैं। इस नजरिए से ओलंपिक पदक विजेताओं को कैश प्राइज मिलना पूरी तरह सही है। *

## ओलंपिक खेलों में प्रथम

**पहला ओलंपिक खेल:** 6 से 15 अप्रैल, 1896 तक एथेंस, ग्रीस में आयोजित।
**प्रथम पुरुष चैंपियन:** यूएसए के जेम्स ब्रेंडन कोनोली ने 6 अप्रैल, 1896 को ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल जीता।
**प्रथम महिला चैंपियन:** स्विट्जरलैंड की हेलेन डी पोर्टेल्स ने 22 मई, 1900 को पेरिस में, 1-2 टन वर्ग में नौकायन में गोल्ड जीता।
**पहली बार ओलंपिक गान बजाया गया:** संगीतकार स्पाइरोस समारास ने 1896 के एथेंस ओलंपिक में ओलंपिक गान का संचालन किया। तब से उनका गान ओलंपिक खेलों का आधिकारिक गायन बन गया है।
**पहला ओलंपिक प्रतीक:** सफेद मैदान पर नीले, पीले, काले, हरे और लाल रंगों से जुड़े ओलंपिक छल्ले को मूल रूप से 1913 में बैरन डी कोबेर्टिन द्वारा बनाया गया था। आपस में जुड़े हुए छल्ले पांच बसे हुए महाद्वीपों-अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसे पहली बार 1914 में मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में फहराया गया था। प्रतीक और ध्वज की आधिकारिक शुरुआत 1920 में एंटवर्प ओलंपिक में हुई थी।
**पहली बार ओलंपिक लौ जलाई गई:** ओलंपिक लौ जलाने की शुरुआत 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक में की गई थी।
**पहली बार ओलंपिक मशाल रिले:** ग्रीस से ओलंपिक स्थल तक रिले प्रणाली के माध्यम से ओलंपिक मशाल की शुरुआत 1936 के बर्लिन ओलंपिक में हुई।
**पहली बार ओलिंपिक शुभंकर का उपयोग:** 1932 के लास एंजिल्स ओलंपिक में शुभंकर का अनौपचारिक रूप से उपयोग किया गया था। पहला आधिकारिक ओलंपिक शुभंकर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में दिखाई दिया। इसका नाम 'वाल्डी' था, एक दचशुंड प्रजाति का डॉगी।
**स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले अश्वेत एथलीट:** 1908 के लंदन ओलंपिक में 4X100 रिले स्पर्धा में यूएसए के जॉन टेलर ने स्वर्ण पदक जीता।
**प्रथम ओलंपिक अध्यक्ष:** ग्रीस के डेमेट्रियोस विकेलास अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के पहले अध्यक्ष थे। ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक फ्रांस के बैरन डी कूबर्टिन उस समय आईओसी के महासचिव थे। वह 1896 से 1925 तक इसके अध्यक्ष बने रहे।
**पहला भारतीय स्वर्ण पदक:** पुरुष हॉकी टीम ने अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक में जीता था।
**आजादी के बाद भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक:** 1948 के लंदन ओलंपिक में भारतीय फील्ड हॉकी टीम ने जीता।
**आजादी के बाद भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक:** पहलवान खाशाबा दादासाहेब जाधव ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।
**भारत के लिए पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक:** अभिनव बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
**पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला:** कर्णम मल्लेश्वरी ने 2000 सिडनी ओलंपिक में भारोत्तोलन में कांस्य पदक जीता।


दादासाहेब जाधव


श्रीमती ब्रोही


अभिनव बिंद्रा


रे इवरी


कर्णम मल्लेश्वरी


जॉनी वीस्मुलर

प्रस्तुति: हरजीत सिंह

## पेरिस में आयोजित दो पूर्व ओलंपिक खेल

### 1900 पेरिस ओलंपिक

- खेलों को एक्सपोजिशन यूनिवर्सल इंटरनेशनल- पांच महीने तक चलने वाले पेरिस विश्व मेले के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था।
- इसमें कोई उद्घाटन और समापन समारोह आयोजित नहीं किया गया।
- महिला प्लेयर्स ने पहली बार ओलंपिक में भाग लिया। क्रोकेट में फ्रांस की श्रीमती ब्रोही और मिस ओहनियर खेलने वाली पहली प्लेयर्स थीं।
- हेलेन डी पोर्टेल्स 1-2 टन नौकायन स्पर्धा में स्विट्जरलैंड की विजेता टीम का हिस्सा बनकर पहली महिला ओलंपिक चैंपियन बनीं। टेनिस में पहली महिला व्यक्तिगत चैंपियन थीं, ब्रिटेन की चार्लोट कूपर। उन्होंने महिला एकल प्रतियोगिता और बाद में मिश्रित युगल स्पर्धा में भी जीत हासिल की।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के एल्विन क्रेंजलीन खेलों के स्टार थे। उन्होंने चार एथलेटिक्स स्पर्धाएं (60 मीटर, 110 मीटर बाधा दौड़, 200 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद) जीतीं।
- रे इवरी जिन्होंने बचपन के पोलियो पर काबू पाया था, एक ही दिन में तीन प्रतियोगिताएं जीतीं- सभी स्टैंडिंग जंप इवेंट (स्टैंडिंग हाई जंप, स्टैंडिंग लांग जंप और स्टैंडिंग ट्रिपल जंप) में।
- यूएसए के एथलीटों ने 23 ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में से 17 जीते, जबकि फ्रांस ने 100 से अधिक पदक अर्जित किए, जो किसी भी देश के लिए सबसे अधिक थे।

### 1924 पेरिस ओलंपिक

- ओलंपिक आदर्श वाक्य, 'सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस', (स्विफर, हायर, स्ट्रांगर) पेश किया गया।
- समापन समारोह में तीन झंडे- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का झंडा, मेजबान देश का झंडा और अगले मेजबान देश का झंडा फहराने की परंपरा भी शुरू की गई।
- यह खेल ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक पियरे डी कूबर्टिन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया आखिरी खेल था।
- इन खेलों में पहली बार ओलंपिक गांव बनाया गया था।
- पावो नूरमी ने 1920 में जीते गए तीन स्वर्ण पदकों को जोड़ते हुए पांच स्वर्ण पदक जीते। उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 10 जुलाई को हुआ। पहले उन्होंने आसानी से 1500 मीटर जीता, फिर महज 55 मिनट बाद वह ट्रैक पर लौटे और 5000 मीटर रेस जीता।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के जॉनी वीस्मुल्लर, जिन्होंने बाद में हॉलीवुड फिल्मों में टार्जन ऑफ द एप्स की भूमिका निभाई, ने अकेले 20 जून को तैराकी में दो स्वर्ण पदक जीते। उसी दिन उन्होंने वाटर पोलो में कांस्य पदक अर्जित किया।
- इन खेलों में संयुक्त राज्य अमेरिका ने सबसे अधिक स्वर्ण और समग्र पदक (45-27-27) जीते।

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## किस्मती आईएएस

डोमन सिंह को राज्य सरकार ने बस्तर का डिवीजनल कमिश्नर नियुक्त किया है। डोमन भारत देश के पहले प्रमोटी कलेक्टर हैं, जिनके नाम सात जिलों की कलेक्टरी करने का रिकार्ड दर्ज है। छत्तीसगढ़ में इतने जिलों की कलेक्टरी किसी आरआर याने डायरेक्टर आईएएस को भी नसीब नहीं हुआ। सुबोध सिंह, सोनमणि बोरा, सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पी. दयानंद, ठाकुर राम सिंह चार जिलों से आगे नहीं बढ़ पाए। नए वालों में भीम सिंह, किरण कौशल और चंदन कुमार चार जिले के कलेक्टर रहे हैं। और नीलेश क्षीरसागर फोर्थ डिस्ट्रिक्ट क्लब में अभी पहुंचे हैं। याने छत्तीसगढ़ में कोई आईएएस कलेक्टरी में चार जिलों को क्रॉस नहीं कर पाया। मगर डोमन सिंह को पिछली सरकार में पांच साल में पांच जिलों की कलेक्टरी करने का गौरव प्राप्त हुआ। हालांकि, रमन सिंह सरकार में डोमन की कलेक्टरी की पारी शुरू हुई थी। बीजेपी सरकार में वे मुंगेली और कोरिया कलेक्टर रहे। फिर भूपेश बघेल सरकार में कांकेर, महासमुंद, जीपीएम और राजनांदगांव के कलेक्टर बनाए गए। दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में बीजेपी की नई सरकार गठन होने के बाद उन्हें राजनांदगांव से हटाया गया। डोमन 2009 बैच के आईएएस हैं। उनका भाग्य कितना प्रबल है, इस बात से आप समझ सकते हैं कि एक तरफ वे कलेक्टरी का कीर्तिमान बना डाले और उनके बैच के बेचारे आरआर अवनीश शरण, डॉ0 प्रियंका शुक्ला और अय्याज तंबोली को दो-तीन जिले से आगे मौका नहीं मिल पाया। बहरहाल, सात जिलों के कलेक्टर रहे डोमन को अब सात जिलों वाले बस्तर संभाग का कमिश्नर बनाया गया है। ब्यूरोक्रेसी में चुटकी ली जा रही...डोमन पोस्टिंग प्राप्ति का ज्ञान बढ़ाने कौन सा चूरण खाते हैं...जिले के बाद क्या अब कमिश्नरी में पोस्टिंग का रिकार्ड बनाएंगे।

## एक लिस्ट और

राज्य सरकार ने कल चार आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया। इसमें बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह की पोस्टिंग देखकर प्रतीत हो रहा कि जल्द ही एक लिस्ट और आएगी। दरअसल, डोमन सिंह के बैच वाले दो प्रमोटी आईएएस बस्तर में कलेक्टर हैं। अब एक ही बैच का कमिश्नर और कलेक्टर कैसे होगा? दरअसल, डोमन 2009 बैच के आईएएस हैं और बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय और नारायणपुर कलेक्टर विपीन मांझी भी उन्हीं के बैच के। अलबत्ता, मांझी तो डोमन से बैचवाइज सीनियर हैं। अनुराग पाण्डेय चूकि अगले महीने रिटायर हो रहे, इसलिए उतना चल सकता है। मगर मांझी का रिटायरमेंट अगले साल है। ऐसे में सीनियर कलेक्टर रहेगा, और जूनियर कमिश्नर, इसमें सीनियरिटी का इश्यू तो आएगा ही। सवाल यह भी है कि जूनियर अफसर सीनियर का सीआर कैसे लिखेगा? सो, लिस्ट देखकर लगता है...पोस्टिंग में सीनियरिटी और जूनियरिटी का फर्क मिटाने बस्तर में सरकार कुछ और कलेक्टरों को चेंज करेगी। वैसे भी रायपुर और बिलासपुर के कमिश्नर डॉ. संजय अलंग इस महीने रिटायर होने जा रहे हैं। विधानसभा का मानसून सत्र और अलंग का रिटायरमेंट लगभग एक साथ समाप्त होगा। सत्र का उल्लेख करने का आशय यह है कि इसके बाद 31 जुलाई को आईएएस पोस्टिंग की लिस्ट निकलेगी, जिसमें रायपुर और बिलासपुर में नए कमिश्नर अपाइंट किए जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ की पूजा खेड़कर-1

छत्तीसगढ़ में भी कई पूजा खेड़कर हैं, जिन्होंने फर्जी जाति, विकलांगता और ईडब्लूएस के सर्टिफिकेट के जरिये नौकरी हथियाने में कामयाब हो गईं। एक लेडी डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ मामला बिलासपुर हाई कोर्ट तक मामला पहुंचा। महिला अफसर ने कान से कम सुनाई देने का हवाला दिया और विकलांग कोटे से पीएससी में उप जिलाधीश सलेक्ट हो गई। दिव्यांगों की समिति ने उनका कोटा हड़पने का आरोप लगाते हुए हाई कोर्ट में अर्जी लगाई। कोर्ट ने मेडिकल टेस्ट कर रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया। मगर जिला अस्पताल के डॉक्टरों से किसी बीमारी के कागज पर साइन कराना कितना आसान है, इसे बताने की जरूरत नहीं। महिला अफसर ने कागज जमा कर दिया। हालांकि, मामला अभी खतम नहीं हुआ है। मगर यही टेस्ट अगर एम्स में कराया गया होता तो जाहिर है, महिला डिप्टी कलेक्टर को नौकरी बचाना मुश्किल हो जाता।

## छत्तीसगढ़ की पूजा खेड़कर-2

पुराने लोग पोरा बाई को भूले नहीं होंगे। पोरा बाई 2008 में बारहवीं बोर्ड में मेरिट में टॉप आई थी। सेकेंड, थर्ड डिवीजन से हमेशा परीक्षा पास करने वाला अगर प्रदेश में टॉप आ जाएगा, तो कोहराम मचना ही था। बलौदा बाजार जिले की रहने वाली पोरा बाई ने नकल के नाम पर कुख्यात जांजगीर के बिर्रा स्कूल से परीक्षा में बैठी थी। मेरिट में टॉप आने के बाद लोगों के कान खड़े हो गए...टॉपर स्टूडेंट परीक्षा में बैठने के लिए स्कूल तो नहीं बदलते। माध्यमिक शिक्षा मंडल के तत्कालीन चेयरमैन बीकेएस रे ने जांच हुई तो पता चला आंसरशीट में हैंडराईटिंग किसी और की निकली। पुलिस ने पोरा बाई समेत स्कूल के प्रिंसिपल और परीक्षक समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। पोरा बाई जेल भी गई। मगर 12 साल बाद इस आधार पर कोर्ट ने बरी कर दिया कि पुलिस ने अभियोजन को साबित नहीं किया। पराकाष्ठा तो यह हो गई कि जांच में हैंडराईटिंग किसी और का पाए जाने के बाद भी माशिमं ने पोरा बाई का रिजल्ट केंसिल नहीं किया। और वे इस समय बलौदा बाजार में शिक्षिका बन गई हैं।

## मंत्री की बेटी, मंत्री की पोती

देश में जब नीट परीक्षा और पूजा खेड़कर का मामला सुर्खियो में है तो छत्तीसगढ़ का पीएमटी परीक्षा कांड कैसे विस्मित हो सकता है। मामला 2011 पीएमटी का है। तब नीट प्रारंभ नहीं हुआ था। राज्य अपने-अपने हिसाब से प्री मेडिकल टेस्ट लेते थे। 2011 में राज्य सरकार को दो बार पीएमटी परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। एक बार गलत पेपर बंटने की वजह से। और दूसरी बार यूपी के एक गैंग ने पर्चा हथिया उसे 13-13 लाख रुपए में बेचने पर। दूसरी बार भंडाफोड़ तब हुआ, जब बिलासपुर जिले के तखतपुर के एक बड़े हॉल में 72 बच्चे पीएमटी का पर्चा हल करते पकड़े गए थे। इनमें मुंगेली से बिलांग करने वाले एमपी के समय के एक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की पोती भी शामिल थी। इतने के बाद अब परीक्षा रद्द तो बनता ही था। ले-देकर तीसरी बार में परीक्षा जाकर संपन्न हो पाई, जब सरकार ने प्रदीप चौबे को परीक्षा नियंत्रक बनाया। मगर छत्तीसगढ़ में जैसा कि होता है, इतने बड़े कांड के बाद भी कुछ हुआ नहीं। तमाम साक्ष्यों के बाद भी पुलिस ने ऐसा केस बनाया कि सारे आरोपी बरी हो गए। जबकि, मध्यप्रदेश के व्यापम कांड में मंत्री तक जेल चले गए थे। उससे पहले एक स्वास्थ्य मंत्री की बेटी कोटे के चलते पीएमटी क्लियर कर ली थी। मगर बारहवी बोर्ड परीक्षा में फेल हो गई, क्योंकि उसमें कोटा होता नहीं। बाद में सप्लीमेंट्री परीक्षा में पास कराकर एमबीबीएस में दाखिला करा दिया गया, तब तक मेडिकल की सीट रोक रखी गई। मेडिकल एजुकेशन के डायरेक्टर ने नियमों को ताक पर रख सेंट्रल कोटे से अपनी बेटी का रायपुर मेडिकल कॉलेज में दाखिला करा दिया। कोर्ट ने इस आधार पर 50 हजार रुपए फाइन करके छोड़ दिया कि अब दो साल की पढ़ाई पूरी कर ली है उनकी बेटी। प्रायवेट कालेज में उस समय 60 लाख फीस थी। अब 60 लाख की जगह 50 हजार में सरकारी मेडिकल कॉलेज से पढ़कर बेटी डॉक्टर बन गई, डीएमई साब फायदे में ही रहे। कहने का मतलब यह है कि छत्तीसगढ़ का परीक्षाओं का ट्रेक रिकार्ड पोरा बाई और मुन्ना भाई, मुन्नी बहनों से भरा पड़ा है।

## कलेक्टर से रिटायर

बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय अगले महीने 31 अगस्त को रिटायर हो जाएंगे। चूकि उनके रिटायरमेंट में अब एक महीना 10 दिन बच गए हैं, सो नहीं लगता कि उनका अब कहीं और ट्रांसफर किया जाएगा। याने कलेक्टर से ही वे सेवानिवृत्त होंगे। कलेक्टर से रिटायर होने वाले अनुराग छत्तीसगढ़ के दूसरे आईएएस होंगे। उनसे पहिले गरियाबंद कलेक्टर छतरसिंह देहरे 2021 में गरियाबंद कलेक्टर से रिटायर हुए थे।

## उमेद पर भरोसा

पिछली सरकार से एसपी सीएम सिक्यूरिटी की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रफुल्ल ठाकुर को राज्य सरकार ने हटा दिया है। उन्हें चौथी बटालियन में कमांडेंट बनाकर भेजा गया है। उनकी जगह पर बलरामपुर जिले के एसपी लाल उमेंद सिंह को सीएम सिक्यूरिटी की कमान सौंपी गई है। उमेंद मैच्योर पुलिस अधिकारी हैं। राजधानी रायपुर में लंबे समय तक पोस्टेड रहे हैं। मगर इससे इतर लोगों की उत्सुकता इस बात को जानने में है कि आईपीएस राजेश अग्रवाल कैसे उमेंद को खो कर बलरामपुर एसपी बनने में कामयाब हो गए?

## अंत में दो सवाल आपसे

1. आईएएस विनीत नंदनवार को ब्रेवरेज कारपोरेशन का एमडी बनाकर सरकार ने पहले उपर चढ़ाया और फिर तीन महीने के भीतर पूर्व की स्थिति में पहुंचा दिया, ऐसा क्यों?
2. आईएएस रीतेश अग्रवाल शराब मार्केटिंग कंपनी से हटाकर बिना विभाग क्यों कर दिए गए?

## मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, हथियार और नक्सली सामान बरामद



कोण्टा। सुकमा जिले के थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत तुमारगुट्टा, सिंगावरम के जंगल-पहाड़ में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी रवाना हुई। इस दौरान शनिवार सुबह तुमारगुट्टा, सिंगावरम के जंगल-पहाड़ के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया गया है। मारे गए नक्सली की शिनाख्त मिलिशिया कमांडर के रूप में हुई है।

नक्सलियों के भाग खड़े होने के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर एक अज्ञात पुरूष नक्सली का शव भरमार बंदुक व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। मारे गए नक्सली की शिनाख्त सोड़ी नरसा पिता कन्ना निवासी दोरलापारा, सिंगावरम थाना जगरगुण्डा सुरपनगुड़ा आरपीसी मिलिशिया कमांडर ईनामी 1 लाख रुपए छग द्वारा तथा पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा 10 हजार रुपए घोषित किया गया है। जिस पर थाना जगरगुण्डा एवं चिंतलनार क्षेत्रों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों पर शामिल रहने के दो अपराध पंजीबद्ध है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल®
भिलाई/रायपुर



राहुल चेलक
468/720 (SC)
NEET, IIT-JEE
PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल

रायपुर कोटा सेंटर
भाटिया कॉम्प्लेक्स, नियर राजकुमार कॉलेज जीई रोड रायपुर,
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।** (RO-165)

### Appointment आवश्यकता

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** अंजार पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **पता-** HP **अंजार पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल** 9340741230.(RO-1137)

### टीचर

**आवश्यकता है-** महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उ.मा.वि. तीन दर्शन मंदिर केम्प-1, भिलाई को जीव विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षिका की आवश्यकता है। **विद्यालय में संपर्क करें।** (आरो नं 536)

### ऑफिस सहायक

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, **अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल।** 6265100904.(RO-2890)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड की सुबह और रात की शिफ्ट के लिए। इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए पते पर **संपर्क करें- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय 10am– 5pm तक। इंटरव्यू दिनांक- 18–22 जुलाई 2024। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-** 7000681359. (RO-2884)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर** 9407923601, 9425208201. (RO-4440)

**आवश्यकता है-** कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आव्यशकता है **संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो** 8818833330. (RO-13)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### ड्रायवर/घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** वी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में निजी वाहन चलाने हेतु कम से कम 10 वर्ष अनुभवी ड्राइवर एवं सभी घरेलू कार्य, शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला। पान, गुटका, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी (बच्चे साथ में ना रहते हो) की आवश्यकता है. रहने की जगह दी जाएगी। **संपर्क करें-:** 9300593000. (RO-1222)

### कुक

**आवश्यकता है-** शाकाहारी खाना बनाने हेतु बाई/महाराज चाहिए. देवेंद्रनगर के आस-पास रहने वाले को प्राथमिकत. कृपा पता में आकर मिले. **लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर** (RO-1723)

### मैनेजर/सेल्स ऑफिसर

**आवश्यकता है-** पुष्कल एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी में जरूरत है, रिटेल स्टोर मैनेजर- 02 पद, सेल्स ऑफिसर- 05 पद फील्ड डेवलपमेंट ऑफिसर- 05पद अनुभव 3-4 वर्ष सेम फील्ड योग्यता- डिप्लोमा बी.एस.सी एग्रीकल्चर/ एम.एस.सी एग्री केवल धमतरी जिला के लिए **संपर्क-** 8770966968, 9340794647.(RO-6036)

### एकाउन्टेंट/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** 01पद एकाउन्टेंट जीएसटी एवं बैलैन्स सीट का अनुभवी.02पद, जुनियर एकाउन्टेंट एमकॉम/ बीकॉम, टेली प्राइम/ एम.एस. ऑफिस, 03पद ऑफिसवर्क बीकॉम / ग्रेजुएट/ 12वीं ,01पद. सुपरवाइजर कम ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्ककरें। **राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली, दिनांक 24/07/24 शाम05 से07 बायोडाटा व्हाट्सएप करें मो. 7389951109 या कॉलकरें 98261-38080, 98264-98036.**(आरो नं 535)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** ब्लू डार्ट कंपनी में पार्सल डिलीवरी करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 15000/- +पेट्रोल +इन्सेटिव। **पता- राणा काम्प्लेक्स, पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी गेट के पास, आमानाका, एनर्जी फिटनेस के सामने, रायपुर-** 8055905341, 9131020740. (RO-7497)

### अकाउंटेंट/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अकाउंटेंट-GST ज्ञान वाला। इच्छुक व्यक्ति दिए गए पते पर **संपर्क करें- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय 10am– 5pm तक। इंटरव्यू दिनांक- 18-22 जुलाई, गूगल लोकेशन हेतु- 7828901615 मे वाट्सअप करें।** (RO-2883)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ़्त जल्दी **संपर्क करें - रायपुर** mobile - 8839536035, 7987466526.(RO-175)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** जैविक कृषि उत्पादों की मार्केटिंग कार्य करने हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है पोस्ट -10 वेतन/आय :20000/- प्रतिमाह 9713517535, 9300494000. (RO-321)

### मशीन ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, **मंदिर हसौद, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर:-** 7024347173.(RO-2889)

### हार्डवेयर/गोदाम कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर देवेंद्र नगर में हार्डवेयर एवं मोड्यूलर गोदाम हेतु अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार देवेंद्र नगर फाफाडीह के नजदीक रहवासी को प्राथमिकता। मो- 9425246325/ 9907788603 रिज्यूम वाट्सएप पर भेंजे।(SPD/799)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### किराना/डेलीनिड्स

**आवश्यकता है-** किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) **संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.-** 9826684859.(आरो नं.541)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर** 6263757358.(RO-1725)

**वश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु घर से ऑफिस एवं टाटा एस छोटा हाथी गाड़ी चलाने हेतु सोमवार को 12:00 बजे संपर्क करें। **कृपा राम साहू 8435139024 खत्री टावर, औषधि वाटिका डूमरतराई**(RO-6035)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कर चलाने के लिए अनुभवी घरेलू कार ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करें-** 7470421407. (RO-1225)

### गोडाऊन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन** 07714092158.(RO-169)

### टेक्नीशियन

**Requirment-** Draftsman/ Diploma / B.E. Civil Autocad Must Mohabazar In Front Of Singaporecity Raipur C.G. vivekagr100@gmail.com 9131883997, 9685777472. (RO-16118)

### रिसेप्शनिस्ट

**आवश्यकता है-** प्लेनेट स्पा एंड फैमिली सेलून घड़ी चौक सुपेला भिलाई में रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है। वेतन 10000/- **संपर्क करें:-** मो.- 79726-84619, 88503-25170.(आरो नं.538)




### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर** (RO-68)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** Unisex selon- Hair studio Address- Shankar nagar turning point Age (20- 30) Job.- 2 Hairstyles (male) 2 years experienced Salary- 15000 + incentive Job- 2 backup artist (female) 2 years experienced Salary- 15000 +incentive Job- selon manager (male) Work experience- beauty products knowledge and 2 years experience Salary- 20000- 25000 +incentive. Mo- 8399909990. (RO-2882)

**WALK IN INTERVIEW-** ओमान देश के लिए, इंटरव्यू 23.07.2024 (10:30-05:00) होटल सागर इंटरनेशनल में, रेलवेस्टेशन दुर्ग के सामने छत्तीसगढ़, BOI-DATA पासपोर्ट अनुभव-शिक्षा प्रमाणपत्र आईडीकार्ड, सभी की एक पीडीएफफाइल में भेजें, और 9329000023, कॉलकरें 9076279503 / 9406012786, इंटरव्यू के समय दो सेट डाक्यूमेंट साथ दो फोटो लाएं। FORMEN /WELDER/CNC-OPRATOR/ FABRICATOR/SPRAY-PANTER /SAND-BLASTER/ FITTER/ GRIDER/EROCTOR/ BENDER-CUTTER(आरो नं.537)

### मार्केटिंग/इंजीनियर

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी की गोडाउन कार्य को हैंडल करने हेतु अनुभवी गोडाउन मैनेजर, गोडाउन सुपरवाइजर। इच्छुक व्यक्ति दिए गए पते पर **संपर्क करें- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय 10am– 5pm तक। इंटरव्यू दिनांक- 18-22 जुलाई, गूगल लोकेशन हेतु– 7000681299 मे वाट्सअप करें।** (RO-2885)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए जो ग्वालियर में काम कर सके, वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क करें-** 6263423838, 8839079038. (RO-34867)

### अन्य

**आवश्यकता है-** आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.(RO-2872)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो-6357)

### Property प्रापर्टी

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क -** 72470-06610, 72470-06609.(आरो-6352)

**प्लॉट बेचना है -** लक्ष्मीनगर (संतोषी नगर क्षेत्र) रायपुर स्थित, 2044 स्क्वायर फीट डायवर्टेड प्लाट बेचना है, मकान, छोटे ग्रह उद्योग, गोडाऊन हेतु उपयुक्त, शीघ्र **संपर्क करें:- मोबाइल** 8120840550, 9425843118.(RO-6038)

**प्लॉट बेचना है -** वॉलफोर्ट पैराडाइज कान्दुल रायपुर पूर्ण विकसित कॉलोनी, प्राइम लोकेशन मे 30'x50 का प्लॉट, जिस पर बोरवेल एवं प्लिन्थ का काम किया हुआ है। कीमत 29 लाख **संपर्क मोबाइल नंबर:-** 9131750718. (RO-2887)

**प्लॉट बेचना है -** केडिया बिजनेस पार्क, टाटीबंध रायपुर में लगभग 4000 - 4000 वर्गफीट के कमर्शियल प्लॉट बेचना है। **संपर्क करें-** M- 6263717405. (RO-398)

**फ्लैट बेचना है-** नं 408, फोर्थ फ्लोर आनंद पुरम टावर फेस 2 माईल स्टोन स्कूल के पास जुनवानी रोड, भिलाई **संपर्क:- विनोद अमीन LIG- 50 हुडको भिलाई** MO.088275-05811, 098271-55811. (आरो नं.246)

**जमीन बेचना है-** भिलाई में निवेश के लिए शानदार प्लॉट करंजाभिलाई में 225/- प्रतिवर्गफीट सबसे सस्ती और सबसे अच्छी निवेश के लिए बेहतरीन अवसर अपना ड्रीमहोम I.I.T. के नजदीक बनाएं बेस्ट लोकेशन /प्राइस अभी विजिट करें और डील फाइनल करें **संपर्क करें** 9893370648.(आरो नं.542)

**बेचना है-** दुकान बनाने लायक प्लाट 30x40 1200/- स्क्वायर फीट में डामर रोड से लगा हुआ प्लाट, मकान बनाने लायक प्लाट 500/- स्क्वायर फीट में डामर रोड से लगा हुआ जमीन व मकान बेचना है। **मोबाइल** 6232114982, 8719849117.(RO-6037)

**जमीन बेचना है-** बोरई बस्ती के पास 80 डिसमील जमीन बेचना है। समय सुबह 11 से 3, दलाल क्षमा करे। **संपर्क:- मो.-** 98264-56429.(आरो नं.539)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### For Rent किराया

**कराये से देना है-** गोंदवारा मेनरोड गुढियारी स्थित दुकान 200, 1600 एवं 3000 वर्गफीट- ऑफिस, बैंक, शॉप इत्यादि एवं हीरापुर मेनरोड स्थित 300 वर्गफीट दुकान- कैफे केंटीन, स्टेशनरी, मेडीकल इत्यादि के लिये उपयुक्त किराये से देना हैं। **सम्पर्क- मो.** 8109411676. (RO-7496)

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष-** गुरु माँ सुमित्रा देवी एक फोन में चमत्कार महाकाली की शक्ति मेरी भक्ति सिर्फ 72 घंटो में लवमैरिज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, माता पिता को मनाना, हर समस्या का घरबैठे समाधान **संपर्क:-** 9993670089.(RO-2886)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



क्या आपको अपनी लाडली के लिए अच्छा वर चाहिए...
तो हमसे जुड़िए... या आपको तलाश है... एक अच्छी बहु की...
हरिभूमि वैवाहिकी



### वर चाहिए

वर चाहिए
सुंदर अनमैरिड महिला 05/05/1979 हाईट 5'-1" एम.कॉम., बी.कॉम. हार्डवेयर बेकरी एवं सभी बिजनेस 20 लाख सालाना, सभी मान्य हैं, जरूरतमंद को प्राथमिकता, जाति बंधन नहीं (टाइम पास करने वाले क्षमा करें)
सम्पर्क करें
9179472796
8982234918

### वधु चाहिए

वधु चाहिए
उम्र 55 वर्ष बिलासपुर निवासी सुरक्षा गार्ड कार्यरत आय 10000 से 15000 प्रतिमाह हेतु चाहिए तलाकशुदा, विधवा मान्य, जाति बंधन नहीं।
सम्पर्क करें
9755088312

### वधु चाहिए

वधु चाहिए
बंगाली, नमोशुद्ध height 5'-8" Msc, B.ed (math) teacher Graduation गृह कार्य दक्ष कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें
9926860370
6232801159

### वधु चाहिए

वधु चाहिए
वर चाहिए27 वर्षीय, शिक्षा 12वीं हाईट 5'-3", रंग गोरा कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए बड़ी माँ के अलावा कोई नहीं हैं। घर जमाई तलाकशुदा विधुर नौकरी पेशा व्यवसायी मान्य जाति बंधन नहीं है सम्पर्क करें-
सम्पर्क करें
9993738069

### वर चाहिए

**वधु चाहिए-** मुस्लिम परिवार की लडकी के लिये रिश्ता उपलब्ध हैं जो संपन्न परिवार या शासकीय सेवारत हो तलाकशुदा, बेवा, बच्चे वाली, अधिक उम्र, रंग, हेल्थ, दिव्यांग, अनमैरिड, घर जमाई इत्यादि संपर्क करें:- 93039 03469 (2888)

**खबर संक्षेप**

## मुंबई को अडाणी सिटी नहीं बनने देंगे: उद्धव



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रेस कान्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान 'अडानी धारावी प्रोजेक्ट' उनके निशाने पर रहा। ठाकरे ने कहा कि हम मुंबई को अडानी सिटी नहीं बनने देंगे। उद्धव ने कहा कि लाडली बहना और कई योजनाओं के नाम से जनता को आकर्षित करने का काम किया जा रहा है। लोगों को गुमराह कर रहे।

## संसदीय दल के नेता चुने गए पटनायक

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व सीएम और हिंजली के विधायक नवीन पटनायक बीजेडी संसदीय दल के नेता चुने गए हैं। संसदीय दल का नेता एक पद है, जो पार्टी के राज्यसभा और लोकसभा सांसदों के नेता होते हैं। हालांकि, नवीन पहले नेता नहीं हैं, जो सांसद न होते हुए भी संसदीय दल के नेता चुने गए हैं। नवीन से पहले ममता बेनर्जी संसदीय दल की नेता चुनी गई थीं।

## चीन में ढहा पुल 11 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के शांक्शी प्रांत में अचानक आई बाढ़ के कारण राजमार्ग पर बना पुल आंशिक रूप से ढह गया, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लापता हो गए। पुल ऐसे वक्त में गिरा, जब वहां से लोग वाहनों से गुजर रहे थे। इस कारण काफी लोगों को मौत का सामना करना पड़ा।

### कांवड़ यात्रा नेम प्लेट मामले पर सियासत गरमाई

# नाम लिखने वाले आदेश का ब्रज के संतों ने किया समर्थन, 'आधार' की भी बात उठाई

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के रमणरेती स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में शुक्रवार को हनुमान टेकरी के अधिकारी महंत दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में एक धर्म सभा का आयोजन किया गया। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में सभी दुकानों, होटल-ढाबों, ठेली एवं कार्यस्थलों पर दुकान का नाम और दुकान के मालिक का नाम अनिवार्य रूप से लिखने के आदेश का स्वागत किया गया।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह पूरे भारत में फल-सब्जी की दुकानों पर होटल-ढाबों, भोजनालयों एवं व्यापारिक स्थलों पर दुकान का पूरा नाम एवं मालिक का नाम अनिवार्य रूप से लिखने का नियम लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश में घनश्याम हो या इमरान सबको लिखना होगा नाम। हालांकि इस पर अब सियासत भी तेज हो गई है। कई दल विरोध में उतर आए हैं।

### हनुमान टेकरी के महंत दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में बैठक

घनश्याम हो या इमरान सबको लिखना होगा नाम



### यह निर्णय स्वागत योग्यः दशरथ दास महाराज

हनुमान टेकरी के अधिकारी महंत दशरथ दास महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री का नाम लिखने वाला निर्णय स्वागत योग्य है। स्वामी सत्यमित्रानंद महाराज ने कहा कि दुकानों पर सिर्फ नाम लिखने से काम नहीं चलेगा, बल्कि साथ में दुकान मालिक का आधार कार्ड भी लगाया जाना चाहिए। धर्म रक्षा संघ के मार्गदर्शक महंत मोहिनी बिहारी शरण, स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज, महंत देवानंद परमहंस, महंत शिव बालक दास, राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति, सुशैन आनंद, महंत मोहनदास, महंत नृसिंहदास, महंत कृष्णदास आदि उपस्थित रहे।

### ओवैसी और सिब्बल ने योगी सरकार को घेरा

### विकसित भारत पर उठाए सवाल





कांवड़ मार्गों की खाने-पीने की दुकान पर संचालकों का नाम और पहचान अनिवार्य कर दिए जाने से दुकानदारों में बेचैनी बढ़ गई है। इस आदेश को लेकर शनिवार को भी विपक्ष के नेताओं की ओर से टिप्पणियां सामने आती रहीं। वहीं एक तरफ नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ी और दूसरी तरफ दुकानों के बाहर नाम प्रदर्शित करने का सिलसिला जारी रहा। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, यूपी के कांवड़ मार्गों पर खौफ, यह भारतीय मुसलमानों के प्रति नफरत की वास्तविकता है। इस नफरत का श्रेय राजनीतिक दलों, हिंदूवादी नेताओं और तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को जाता है।वहीं कपिल सिब्बल ने भी एक्स अकाउंट पर लिखा, यूपी में सड़क किनारे ठेलों और भोजनालयों को मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। क्या यह 'विकसित भारत' का रास्ता है। विभाजनकारी एजेंडे से देश बंटेगा।

### दो समुदायों के बीच खाई पैदा कर रही सरकार सपा के पूर्व सांसद हसन ने कहा



सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है, ताकि विधानसभा उपचुनाव में उसे लाभ मिल सके। हमारे देश के हिंदू-मुस्लिम वर्षों से साथ खाते-पीते आ रहे हैं। सरकार उनके बीच नफरत फैलाना चाहती है। लेकिन सरकार अपने मकसद में कामयाब नहीं होगी। दो समुदायों के बीच खाई पैदा की जा रही है।

### मोहब्बत की दुकान, नो हिंदू-मुसलमान' पोस्ट जारी

प्रयागराज। योगी सरकार के आदेश को लेकर सियासत शुरू हो गई है। विपक्षी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार के इस आदेश का विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से शहर में जगह-जगह पोस्टर लगाए जा रहे हैं. ।पोस्टर पर लिखा है कि 'मोहब्बत की दुकान नो हिंदू-मुसलमान।'पोस्टर में रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तस्वीर भी छपी हुई है। कांग्रेस के स्थानीय नेता इरशाद उल्ला की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है।

### मदनी ने बुलाई कानूनी बैठक



**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के रूट पर धार्मिक पहचान स्पष्ट करने वाले आदेश पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे धर्म की आड़ में राजनीति के नए खेल की संज्ञा दी और कहा कि यह भेदभावपूर्ण और सांप्रदायिक फैसला है। इस फैसले से देश विरोधी तत्वों को लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। इससे संविधान में दिए गए नागरिकों के मूल अधिकारों का उल्लंघन होता है। इसके विरोध में उन्होंने कानूनी बैठक भी की।

# कोर्ट में जिरह सुनकर टाइप करेगा कंप्यूटर, दिल्ली की सभी अदालतों को मिलेगी एआई की सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- दिल्ली हाईकोर्ट में देश का पहला हाइब्रिड कोर्ट रूम शुरु
- जजों का को-पायलट बनेगा एआई, स्टेनोग्राफर से भी ज्यादा होगी गति

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने पहला पायलट हाइब्रिड कोर्ट रूम शुरू किया है जिसमें 'स्पीच टू टैक्स्ट' की सुविधा है। इसका उद्घाटन चीफ जस्टिस मनमोहन,जस्टिस सुरेश कुमार कैत, जस्टि राजीव शखदर ने किया।

उद्घाटन के बाद जस्टिस राजीव शखधर ने कहा कि जो काम पहले जज मैन्युअल रूप से करते थे वह काम अब मशीन करेगा। यह मशीन एक वरदान है। मीडिया से बातचीत में कहा कि न्यायाधीश पीड़ित द्वारा दिए गए सबूतों को अपने शब्दों में बदलते थे। अब, गवाह अपनी भाषा में बात करेगा और यह न्यायाधीश के लिए उपलब्ध होगा। यह मशीन एक वरदान है। एआई दक्षता में सुधार करेगा, समय सीमा कम करेगा और अधिक मामलों का निपटारा किया जाएगा।

### स्टेनोग्राफरों की कमी होगी दूर

हाइब्रिड इसलिए क्योंकि कामकाज पहले की तरह हाथों से तो होगा ही इसमें एआई को और शामिल कर लिया गया है।इसमें ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है जिसमें बोले गए शब्दों को सुनकर कम्प्यूटर टाइप कर देता है। हाइब्रिड कोर्ट रूम के उद्घाटन के मौके पर एक्टिंग जस्टिस मनमोहन ने कहा- सभी जज बड़ी संख्या में स्टेनोग्राफर की मांग कर रहे हैं एआई से समस्या का समाधान काफी हद तक हो जाएगा।

### लोगों को जल्द न्याय दिलाना उद्देश्य

अदालत एआई ऐप के सह-संस्थापक उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि यह ऐप कोर्ट के बैकलॉग को घटाने के लिए तैयार किया गया है और समय से न्याय मिले, इसके लिए इस टेक्नोलॉजी को पेश किया गया है। दो तरह के कोर्ट होते हैं एक जहां स्टेनोग्राफर हैं लेकिन रियल टाइम में टाइप करना मुश्किल होता है। जहां स्टेनोग्राफर है उनके लिए यह उनका साथी बनेगा। और जहां नहीं हैं जहां जज खुद हाथ से लिखते हैं। यह उनका साथ देगा। उनका को-पायलट बनेगा। कोर्ट की कार्यवाही और सबूतों को दस्तावेज में दर्ज करने के लिए अब एआई का इस्तेमाल होगा। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट से इसकी शुरुआत हो गई है। यहां शुक्रवार को हाइब्रिड कोर्ट रूम का उद्घाटन किया गया। इसका मकसद कोर्ट को पेपरलेस बनाना है।

## दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी की फांसी पर रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में केरल में लॉ छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केरल उच्च न्यायालय के 20 मई के फैसले को चुनौती देने वाली दोषी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। पहले ट्रायल कोर्ट ने सजा दी थी।

# लादेन का करीबी अमीन उल हक पाकिस्तान में गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कराची



पाकिस्तान में अलकायदा नेता और ओसामा बिन लादेन के करीबी रहे अमीन-उल-हक को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी ) ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक सीटीडी को अलकायदा के सीनियर कमांडर रहे अमीन-उल-हक के गुजरात (पाकिस्तान) के सराय आलमगीर कस्बे में होने की जानकारी मिली थी जिसके बाद उन्होंने एक ऑपरेशन चलाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। अमीन उल-हक अफगानिस्तान का रहने वाला है मगर उसके पास से पाकिस्तान का आईडी कार्ड मिला है। ये आईडी कार्ड लाहौर और हरिपुर के एक पते पर बनाया गया है। अमीन-उल-हक के खिलाफ पंजाब में मामला दर्ज किया है। उसके खिलाफ आतंक से जुड़ी साजिश रचने का आरोप लगा है। हालांकि, टेररिज्म डिपार्टमेंट ने इस मामले में बहुत अधिक जानकारी नहीं दी है।

**नेपालः भूस्खलन में लापता लोगों को खोजेंगे अब भारतीय गोताखोर : नई दिल्ली।** नेपाल में भूस्खलन से त्रिशूली नदी में लापता हुए 62 यात्रियों में से 38 लोगों की खोज अब भारतीय टोही दल करेगा। इसके लिए नेपाल सरकार के आग्रह पर 12 लोगों का टोही दल घटनास्थल पर पहुंच चुका है। नारायणगढ़ मुगलिंग सड़क खंड में सिमलताल के पास भूस्खलन होने से त्रिशूली नदी में लापता दो बस और उन पर सवार यात्रियों की खोज अब भारतीय टोही दल करेगा। नेपाल में हुई इस भीषण घटना में लोगों का विश्वास जीतने के लिए नेपाल सरकार और प्रशासन द्वारा वे सभी कार्य किए जा रहे हैं जो आवश्यक हैं। नेपाल में भारतीय टोही दल के पहुंचने की जानकारी नेपाली गृह मंत्रालय की विपदा महाशाखा के प्रमुख भीष्म कुमार भूसाल ने नेपाली नागरिकों को दी है।

# 50 राउंड फायरिंग की, एक ही पक्ष के दो समुदाय भिड़े, छात्र की मौत

एजेंसी ▶▶ चैनपुर (कैमूर)

कैमूर के सिकंदरपुर गांव में आपत्तिजनक नारा लगाने पर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के बाद ताबड़तोड़ लगभग 50 राउंड गोली चल गई। इसमें इंटर के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, दो लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हैं। गांव में स्थिति तनावपूर्ण है। मोहर्रम माह की नवमी तारीख को रात में जुलूस के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा आपत्तिजनक नारा लगाया जा रहा था। जिस पर प्रथम पक्ष के लोगों के द्वारा विरोध किया गया और कहा गया कि ताजिया बैठाने के लिए सभी कागजात प्रथम पक्ष के लोगों का जमा है औरआपत्तिजनक नारा लगाने पर अगर कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।?


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

निविदा सूचना संख्या : **10/2024-25** दिनांक –: **20.07.2024**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work :- Construction of rur al water supply Scheme with DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks of Gumla Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla for the year 2024- 25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM). | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| | GML/PVTG/Hapad – Gr.02 | 10 | 1,17,83,137.00 | 2,36,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 31.07.2024 समय 05.00 बजे पूर्वाह्न | | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- | ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला

PR 330210 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग संभाग दुर्ग (छ.ग.)

( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )
( प्रथम आमंत्रण )

दुर्ग, दिनांक 15/07/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 05.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू. क्र./सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 69/156221 | जिला बेमेतरा के साजा में न्यायायिक अधिकारी / कर्मचारीयों के लिए 01 एफ टाईप आवासीय भवन का निर्माण कार्य | 35.52 |
| 70/156222 | जिला बेमेतरा के रौद्रा से मोतेसरा मार्ग लं. 1.15 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । | 69.53 |
| 71/156223 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत आवसीय भवनों में वार्षिक मरम्मत का कार्य | 79.55 |
| 72/156225 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में सुदृढीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य | 45.09 |
| 73/156226 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बोडला के अंतर्गत आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत का कार्य | 50.00 |
| 74/156228 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में एम.ओ. डब्ल्यू. एवं विशेष मरम्मत का कार्य | 29.99 |
| 75/156229 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत आवसीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.96 |
| 76/156230 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.85 |
| 77/156231 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बोडला के अंतर्गत अवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.99 |

टीप- 1. एन.आई.टी. क्रं 69 से 70 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 71 से 77 लोक निर्माण विभाग, कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मंडल दुर्ग

G- 242501205/4



## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

दूरभाष क्र. - 07751 220658 Email-emrsgaurelapendramarwahi@gmail.com

क्रमांक/EMRS/लेट.-प्रवेश/2024-25/1728 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 18/07/2024

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के रिक्त सीटों में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण की सूचना**

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही छ.ग. अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 में विभिन्न-कक्षाओं में रिक्त सीट के विरूद्ध प्रवेश लेटरल एण्ट्री प्रवेश परीक्षा नियमावली एवं प्रवेश नीति 2023-24 के माध्यम से प्रवेश दिया जाना है। विद्यालयावार तथा कक्षावार रिक्त सीटों की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | विद्यालय का नाम | शिक्षा का माध्यम | कक्षा जिसमें सीट रिक्त है। | रिक्त सीट बालक | रिक्त सीट कन्या | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया, वि.खं. मरवाही | अंग्रेजी | 7वीं | 00 | 01 | 01 |
| 2 | | | 8वीं | 01 | 01 | 02 |
| 3 | | हिन्दी | 9वीं | 00 | 01 | 01 |
| 4 | | | 10वीं | 02 | 04 | 06 |
| 5 | | | 11वीं (गणित / जीव विज्ञान) | 05 | 05 | 10 |
| 6 | | | 12वीं (गणित / जीव विज्ञान) | 06 | 01 | 07 |
| 7 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लाटा, वि.खं.पेण्ड्रा | अंग्रेजी | 7वीं | 01 | 02 | 03 |
| 8 | | | 8वीं | 00 | 01 | 01 |
| 9 | | हिन्दी | 9वीं | 00 | 01 | 01 |
| 10 | | | 10वीं | 02 | 03 | 05 |
| 11 | | | 11वीं | 05 | 01 | 06 |
| 12 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नेवसा, वि.खं. गौरेला | अंग्रेजी | 9वीं | 01 | 00 | 01 |
| 13 | | | 10वीं | 04 | 01 | 05 |

टीप :- कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रवेश हेतु कक्षा 9वीं व 11वीं में CBSE BOARD में नामांकन अनिवार्य है। तथा पूर्व में किये गये आवेदन पत्र वालों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है। उक्त कक्षावार रिक्त सीट के विरूद्ध प्रवेश हेतु आवेदन पत्र दिनांक 19.07.2024 से 26.07.2024 तक कार्यालय प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया, लाटा व नेवसा से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा का स्थान की जानकारी पृथक से उपलब्ध कराई जावेगी । प्रवेश परीक्षा के सम्बंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही छ.ग. एवं प्राचार्य, एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया / लाटा / नेवसा से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

(डॉ. ललित शुक्ला)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G- 242501195/3




ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपभोक्ता सावधान!

बचत के सितारे दोस्त हमारे




Godrej फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर
मॉडल नंबर RT EONVIBE 366C
3 स्टार रेटिंग में
विफल हो गया है




*यह नोटिस ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2009 के विनियम 7 के प्रावधान के अनुपालन में जारी किया गया है।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय
चौथी मंज़िल, सेवा भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली – 110 066 (भारत)
वेबसाइट : www.beeindia.gov.in /beeindiadigital /beeindiadigital

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

CBC 34106/12/0010/2425




*इक्विटी फंड एक म्यूचुअल फंड स्कीम है जो स्कीम की 60% से अधिक संपत्ति इक्विटी स्टॉक में निवेश करती है। हालांकि, इसकी एक छोटी राशि डेट और अन्य फंड में निवेश की जाती है, लेकिन यह इक्विटी पर अत्यधिक केंद्रित होती है, इसलिए इसका नाम इक्विटी म्यूचुअल फंड है। पिछले कुछ महीने देश के इक्विटी मार्केट के लिए काफी अच्छे रहे हैं। जिसका लाभ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को भी मिला है।*


## कुछ माह देश के इक्विटी मार्केट दे रही बढ़िया मुनाफा

# इक्विटी फंड्स कर रहे मालामाल
# 9 माह में दिया 50% से ज्यादा रिटर्न

इक्विटी फंड एक म्यूचुअल फंड स्कीम है जो स्कीम की 60% से अधिक संपत्ति इक्विटी स्टॉक में निवेश करती है। हालांकि, इसकी एक छोटी राशि डेट और अन्य फंड में निवेश की जाती है, लेकिन यह इक्विटी पर अत्यधिक केंद्रित होती है, इसलिए इसका नाम इक्विटी म्यूचुअल फंड है। पिछले कुछ महीने देश के इक्विटी मार्केट के लिए काफी अच्छे रहे हैं। जिसका लाभ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को भी मिला है। देश में कई ऐसे इक्विटी म्यूचुअल फंड्स हैं, जिन्होंने पिछले 9 महीने के दौरान 50% से ज्यादा रिटर्न दिया है। इन टॉप परफॉर्मेंस करने वाले फंड्स में क्वांट वैल्यू फंड सबसे आगे है, जिसने 63.81% का जबरदस्त रिटर्न दिया है। इसके बाद 60.27% के रिटर्न के साथ आईटीआई मिड कैप फंड दूसरे नंबर पर है, जबकि मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड 54.92% रिटर्न के साथ तीसरे नंबर पर है. इनवेस्को इंडिया फोकस्ड फंड ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 54.86% का रिटर्न दिया है, जबकि बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड ने 53.83% और क्वांट लार्ज एंड मिड कैप फंड ने 53.52% रिटर्न दिया है।

### इन फंड्स ने भी दिए शानदार रिटर्न

कुछ फ्लेक्सी कैप फंड्स का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है। मिसाल के तौर पर जेएम फ्लेक्सीकैप फंड ने 53.30% और क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड ने 52.23% का रिटर्न दिया है। क्वांट मिड कैप फंड ने भी 51.76% के रिटर्न के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इनके अलावा आईटीआई स्मॉल कैप फंड ने 50.75% और जेएम मिडकैप फंड ने 50.38% का रिटर्न दिया हैं। बंधन स्मॉल कैप फंड, एडलवाइस मिड कैप फंड और एनजे फ्लेक्सी कैप फंड ने भी क्रमशः 50.37%, 50.10% और 50.05% के रिटर्न के साथ टॉप रिटर्न देने वाले फंड्स की लिस्ट में जगह बनाई है।



**50% से ज्यादा रिटर्न देने वाले इक्विटी फंड**

- क्वांट वैल्यू फंड : 63.81%
- आईटीआई मिड कैप फंड : 60.27%
- मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड : 54.92%
- इन्वेस्को इंडिया फोकस्ड फंड : 54.86%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 53.83%
- क्वांट लार्ज एंड मिड कैप फंड : 53.52%
- जेएम फ्लेक्सीकैप फंड : 53.30%
- क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड : 52.23%
- क्वांट मिड कैप फंड : 51.76%
- आईटीआई स्मॉल कैप फंड : 50.75%

### इन फंड्स ने किया मालामाल

इन टॉप फंड्स के अलावा 243 अन्य इक्विटी म्यूचुअल फंड्स ने इन्हीं 9 महीनों में 16.51% से लेकर 49.40% तक का रिटर्न दिया है। मिसाल के तौर पर सबसे पुराने ईएलएसएस फंड, एसबीआई लॉन्ग टर्म इक्विटी फंड ने 47.87% का रिटर्न दिया। एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के आधार पर दूसरे सबसे बड़े मिड कैप फंड, कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड ने 42.60% का रिटर्न दिया। इसी तरह, सबसे बड़े स्मॉल कैप फंड, निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड ने 41.78% का रिटर्न दिया तो सबसे बड़े मिड कैप फंड, एचडीएफसी मिड-कैप ऑपर्च्युनिटीज फंड ने 40.61% का रिटर्न दिया।

### सावधानी से करें निवेश

म्यूचुअल फंड्स के रिटर्न काफी शानदार हैं, लेकिन यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स का पिछला प्रदर्शन भविष्य में वैसे ही रिटर्न देने की गारंटी नहीं देता। निवेशकों को केवल इन आंकड़ों के आधार पर निवेश या रिडेम्पशन का फैसला नहीं करना चाहिए। निवेश से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले अपनी जोखिम उठाने की क्षमता, इनवेस्टमेंट होराइजन और फाइनेंशियल गोल पर जरूर विचार करें। इसके अलावा अपने वित्तीय सलाहकार से सलाह-मशविरा करने के बाद ही कोई फैसला करें।

### क्या हैं इक्विटी म्यूचुअल फंड

इक्विटी फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो इक्विटी बाजारों पर ध्यान केंद्रित करता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड को बेहतर ढंग से समझने के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि म्यूचुअल फंड व्यसायिक रूप से प्रबंधित फंडों के लिए अम्ब्रेला फंड है जो कई निवेशकों के निवेश को एक साथ रखता है और निवेशकों की जोखिम क्षमता के आधार पर उन्हें विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करता है। म्यूचुअल फंड विशेष रूप से रियल स्टेट पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि अन्य मुख्य रूप से वस्तुओं में निवेश कर सकते हैं। इक्विटी फंड वह म्यूचुअल फंड है जिसे ग्रोथ फंड भी कहा जाता है। क्योंकि इनमें से अधिकांश का एक्सपोजर इक्विटी बाजारों के लिए है। इक्विटी फंड का मुख्य उद्देश्य धन या पूंजी का निर्माण करना है। इक्विटी फंड अपने पोर्टफोलियो को अपेक्षाकृत बड़ी संख्या में स्टॉक में विविधता प्रदान करके जोखिम को कम करते हैं, जिससे उन्हें पारंपरिक बचत उपायों जैसे एफडी या डाकघर बचत जमा की तुलना में बेहतर रिटर्न देते है।

---

# शेयर बाजार व सोना रिकॉर्ड हाई पर ऐसे करें निवेश की प्लानिंग
## लंबी अवधि के लिए निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

बिजनेस डेस्क

इस समय शेयर और सर्राफा बाजार रिकॉर्ड हाई पर हैं। दोनों हर रोज नए नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। सेंसेक्स जहां 81,000 के स्तर को पार कर चुका है, वहीं सोना भी 76000 प्रति दस ग्राम के पार है। दूसरी तरफ चांदी भी नित नए रिकॉर्ड बना रही है। बाजार के जानकार मानने लगे हैं कि यह तेजी यूं ही जारी रही तो इस साल के अंत तक सोना 80,000, चांदी एक लाख और शेयर बाजार 90,000 के रिकॉर्ड स्तर को छू लेंगे। शेयर बाजार में निवेश की रणनीति के तहत निवेशक जहां पिछले कुछ महीनों से और शेयर खरीदते जा रहे हैं और इस वजह से एसएेंडपी बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी-50 अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। लेकिन कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में चांदी ने सबसे अच्छा रिटर्न दिया है और इस दौरान उसमें 30 फीसदी से ज्यादा की उछाल आई है।जानकारों का कहना है कि चांदी की कीमतों में तेजी भूराजनीतिक तनाव और चीन में आर्थिक रिकवरी के कारण आई है। चीन धातुओं के सबसे बड़े उपभोक्ता और उत्पादकों में से एक है। आर्थिक वृद्धि या औद्योगिक मांग के मोर्चे पर चीन के सकारात्मक संकेत कीमतों को और सहारा दे सकते हैं।

### यह अनुमान

*हमने साल 2025 के लिए सालाना औसत संशोधित कर 93.5 डॉलर और 2026 के लिए 98.75 डॉलर कर दिया है। हमारा अनुमान है कि डब्ल्यूटीआई कीमतें 2024 की दूसरी-तीसरी तिमाही में औसतन 87.25 डॉलर रहेंगी वहीं चौथी तिमाही में 85.60 डॉलर और पूरे साल का औसत 85.5 डॉलर रहेगा। हमने 2025 के लिए अपने सालाना औसत को संशोधित कर 88.9 डॉलर और 2026 के लिए 93.75 डॉलर कर दिया है। विश्लेषकों ने कहा कि इक्विटी ने ज्यादातर सकारात्मक चीजों को शामिल कर लिया है और अब उनके फंडामेंटल को समायोजित करने की संभावना है। ऐसे में ऊंचे भावों को सही ठहराने के लिए आय में वृद्धि जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि भूराजनीतिक तनाव की स्थिति शेयरों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि अहम अर्थव्यवस्थाओं मसलन फ्रांस, ब्रिटेन आदि के चुनाव नतीजे नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले अनिश्चितता में इजाफा कर सकते हैं। तुलनात्मक आकर्षक मूल्यांकन (24.5 गुना पीई) के आधार पर उन्हें स्मॉलकैप के मुकाबले लार्जकैप पसंद हैं। स्मॉलकैप अभी करीब 38 गुना पीई पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी-50 का लक्ष्य बढ़ाकर 26,398 (पहले 25,816) कर दिया है जो मौजूदा स्तर से 7.7 फीसदी ज्यादा है। हमें उम्मीद है कि बाजार इसी के आसपास मजबूत होगा। हम गिरावट के दौरान खरीद की सलाह दे रहे हैं।*

**सोने पर ये अनुमान :** सोने के मामले में विश्लेषकों को उम्मीद है कि वास्तविक ब्याज दरों का असर पीली धातु पर साल 2024 के आखिर और 2025 में पड़ेगा। एचएसबीसी के विश्लेषकों ने सोने के लिए औसत कीमत अनुमान में इजाफा किया है, लेकिन उनका मानना है कि इस साल चौथी तिमाही या 2025 में इसकी कीमतें नीचे रहेंगी। जानकारों का कहना है कि हम 2024 में ट्रेडिंग रेंज 2,200 डॉलर से 2,600 डॉलर प्रति आउंस के बीच देख रहे हैं। जिंस को लेकर दिलचस्पी साल 2024 की बाकी अवधि में बनी रह सकती है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि शेयर बाजार में लार्जकैप शेयर मिड व स्मॉलकैप के मुकाबले बेहतर रिटर्न दे सकते हैं।

**ऐसे बनाएं निवेश का प्लान :** सभी परिसंपत्ति वर्गों में निवेशकों को सबसे पहले सोने में निवेश करना चाहिए, उसके बाद शेयरों में। विभिन्न केंद्रीय बैंक भी और सोना खरीद सकते हैं, जिनसे कीमतें आगे भी मजबूत बनी रह सकती हैं। केंद्रीय बैंकों की तरफ से ब्याज दरों में कटौती से भी सोने की कीमतों में इजाफा हो सकता है। राबोबैंक इंटरनेशनल के विश्लेषकों के मुताबिक भूराजनीतिक तनाव की वजह से तेल की कीमतें कैलेंडर वर्ष 24 के ज्यादातर हिस्सों में मजबूत रह सकती हैं।

- कर रहे हैं इन्वेस्टमेंट का प्लान, तो एक बार दें ध्यान
- शेयर मार्केट, सोना या बिटकॉइन पर पहले करें रिसर्च
- साल के अंत तक सोना 80,000, चांदी एक लाख और शेयर बाजार 90,000 के रिकॉर्ड स्तर को छू लेंगे

### चांदी की कीमतों में 30 फीसदी उछाल

चांदी की कीमतों में 30 फीसदी की वृद्धि को देखते हुए अल्पावधि में कुछ मुनाफावसूली हो सकती है। इसकी कीमतों में गिरावट खरीदारी का मौका हो सकता है। इसका अहम समर्थन स्तर 86,000-86,500 है जबकि 12 से 15 महीने का लक्ष्य संशोधित कर 1,00,000 से 1.15 लाख रुपये कर दिया गया है।

---

## ■ बीमा से जुड़े शब्दों का मकड़जाल कर सकता है परेशान

# हेल्थ इंश्योरेंस की छुपी शर्तों को पहचानिए कई समस्याओं से मिल जाएगी मुक्ति

बीमा

**भास्कर नेरुरकर**

एक तकनीकी डोमेन और एक लीगल कान्ट्रैक्ट होने के नाते, अधिकांश लोगों के लिए बीमा की शर्तों को समझना बहुत मुश्किल होता है। इसके अलावा, बात जब इन्श्योरेन्स कान्ट्रैक्ट की आती है तो नियमों, शर्तों और बीमा से जुड़े शब्दों का मकड़जाल एक आम आदमी के लिए जले पर नमक छिड़कने जैसी बात हो जाती है। यह बीमा के बारे में जागरूकता पैदा करने में एक बाधा के रूप में बन गया है। हम आपको हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़े यहां कुछ ऐसे शब्दों के बारे में खुलासा कर रहे हैं जिनके बारे में आपको अवश्य जानना चाहिए ताकि आप इन्श्योरेन्स को लेकर एक बेहतर फैसला ले सकें।

### स्वास्थ्य बीमा का शब्द जाल

सह-भुगतान या को-पेमेंट

सह-भुगतान या को-पेमेंट, बीमित और बीमाकर्ता के बीच दावा राशि के पूर्व-निर्धारित प्रतिशत को साझा करने के विकल्प को बताता है। इस विकल्प का प्रयोग करने से स्वास्थ्य योजना खरीदते समय प्रीमियम कम करने में मदद मिलती है। एक सहभुगतान बीमाकर्ता की देयता को प्रतिबंधित करता है क्योंकि बीमित व्यक्ति अपनी जेब से कुल दावा राशि का कुछ प्रतिशत हिस्सा खुद वहन करने के लिए सहमत होता है। उदाहरण के लिए, यदि आप 20% के सह-भुगतान से सहमत हैं, तो 1 लाख रुपये के दावे के मामले में आपको अपनी जेब से 20,000 रुपये (20%) की राशि खुद वहन करनी होगी, जबकि बीमाकर्ता 80,000 रुपये की शेष राशि का ख्याल रखेगा।

*(लेखक बजाज एलियांज जनरल हेल्थ इंश्योरेंस के हेल्थ क्लेम हेड हैं)*

### ग्रेस पीरियड

यदि आप समय पर अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करना भूल जाते हैं, तो बीमाकर्ता आपको भुगतान करने के लिए अतिरिक्त 30 दिन प्रदान करते हैं। हालांकि आप इस लैप्स समय अवधि के दौरान कवर नहीं किया जाएंगे, पर यदि एक बार आप प्रीमियम का भुगतान कर देते हैं तो पॉलिसी बहाल कर दी जाती है और इसके तहत सभी लाभों के साथ बरकरार रखा जाता है। इस पीरीअड क्लॉज़ में एक ब्रेक के रूप में कहा जाता है, इस अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाले क्लेम दावे स्वीकार्य नहीं होते हैं।

### भर्ती होने से पहले और बाद के चिकित्सा खर्च

डायग्नोस्टिक टेस्ट, कंसल्टेशन आदि में अस्पताल में भर्ती होने से पहले किए गए खर्चों को अस्पताल में भर्ती पूर्व चिकित्सा व्यय के रूप में जाना जाता है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद किए गए खर्च को अस्पताल में भर्ती होने के बाद के चिकित्सा खर्च के रूप में जाना जाता है, जिसमें फॉलो-अप दवाएं, परीक्षण, फिजियोथेरेपी, डायलिसिस, कीमो उपचार आदि शामिल होते हैं। अस्पताल में भर्ती होने से पहले 30 से 60 दिन की अवधि प्री-हॉस्पिटलाईजेशन, जबकि अस्पताल में भर्ती के 90 से 180 दिन की अवधि पोस्ट-हॉस्पिटलाईजेशन की मानी जाती है।

### व्यक्तिगत दुर्घटना

■ पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी वे बेनेफिट पॉलिसी होती हैं जो किसी भी दुर्घटना से संबंधित विकलांगता या मृत्यु के मामले में एकमुश्त राशि का भुगतान करती हैं।

■ कुल स्थायी विकलांगता (पर्मानेंट टोटल डिसअबिलिटी या पीटीडी)

■ जब कोई बीमित व्यक्ति अपने व्यवसाय की जिम्मेदारियों को जारी रखने में असमर्थ होता है या जब उसके दोनों हाथों और पैरों को कुछ इस तरह का शारीरिक नुकसान पहुंचता है कि स्थाई रूप से विकलांगता के कारण वह काम कर रोजी रोटी चलाने में असमर्थ होता है, तो इस तरह से क्लेम को पीटीडी कहा जाता है।

### आंशिक स्थायी विकलांगता या पीपीडी

यह आम तौर पर एक विकलांगता के रूप में कहा जाता है जिसमें बीमित व्यक्ति को उनके व्यवसाय के एक या एक से अधिक कार्य करने में मुश्किल आती है, लेकिन वह किसी तरह से दूसरा काम कर सकता है। हालांकि, यहां भी एक अंग या अंग का नुकसान अपरिवर्तनीय है। पीपीडी के उदाहरणों में एक हाथ या एक पैर या एक आंख या एक उंगली आदि का नुकसान माना जाता है।





### कटौती या डिडक्टीबल

डिडक्टीबल या कटौती एक स्पेसिफिक राशि होती है जिसके तहत बीमाधारक को स्वास्थ्य बीमा योजना अमल में आने से पहले के खर्च को वहन करने को बताता है। प्रत्येक पॉलिसी में स्वैच्छिक कटौती का एक कम्पोनन्ट होता है। चूंकि यह व्यवस्था बीमाकर्ता को उनके दायित्व के एक हिस्से से राहत देती है, इसलिए प्रीमियम कम करने में सहायक होता है। डिडक्टीबल जितना ज्यादा होता है, प्रीमियम उतना ही कम होता है। उदाहरण के लिए, यदि आपने अपनी पॉलिसी में 10,000 रुपये की कटौती या डिडक्टीबल का विकल्प चुना है, तो 1 लाख रुपये के दावे के मामले में आपको पहले 10,000 रुपये पहले खुद वहन करना होगा, जबकि बाकी 90,000 रुपये की राशि आपके बीमाकर्ता द्वारा ध्यान रखा जाएगा। यदि दावा राशि 10,000 रुपये से नीचे है तो ग्राहक को ही पूरा खर्च वहन करना होगा।

### डे केयर ट्रीटमेंट

ये अस्पताल या डे केयर सेंटर में जनरल या लोकल अनेस्थेसिया के तहत 24 घंटे से कम समय के लिए अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति मे किए गए चिकित्सा उपचार या शल्य चिकित्सा की प्रक्रियाओं से संबंधित होता है। यह ध्यान रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि डे केयर ट्रीटमेंट में ओपीडी शामिल नहीं हैं। कुछ सामान्य डे केयर ट्रीटमेंट में मोतियाबिंद सर्जरी, कोरोनरी एंजियोग्राफी, कीमो थेरेपी, डायलिसिस, आदि शामिल किए जाते हैं। डे केयर प्रक्रियाओं की एक पूरी लिस्ट आपके बीमाकर्ता से अनुरोध की जा सकती है और यह इरदाई के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### संचयी बोनस (क्यूमूलेटिव बोनस या सीबी)

हर दावा मुक्त वर्ष में बीमाकर्ता प्रीमियम में बिना किसी वृद्धि के अगले साल में ज्यादा सम अशुर्ड अर्जित करता है। पहले दावे मुक्त वर्ष में बीमित राशि में 5% की वृद्धि होती हुई है और हर साल क्लेम फ्री यीयर्स में के बाद रिनूवल में सम अशुर्ड 10% बढ़ता रहता है और यह अधिकतम 50% हो जाता है। आजकल अब तो ऐसे प्रोडक्ट हैं 100% का सम-अशुर्ड ऑफर कर रहे हैं।

---

*अक्सर सुना होगा कि एसआईपी में निवेश करने का सबसे बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। म्यूचुअल फंड में कंपाउंडिग वह सुविधा है, जिसमें आपके कमाए हुए ब्याज पर भी ब्याज मिलता है और लंबी अवधि में आपकी दौलत बढ़ती जाती है। इस तरह एसआईपी में आप कम समय में अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। यहां तक की करोड़पति भी बन सकते हैं।*

# 2,000 की एसआईपी बना रही करोड़पति

बिजनेस डेस्क

आपने अक्सर यह सुना होगा कि एसआईपी में निवेश करने का सबसे बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। म्यूचुअल फंड में कंपाउंडिग वह सुविधा है, जिसमें आपके कमाए हुए ब्याज पर भी ब्याज मिलता है और लंबी अवधि में आपकी दौलत लगातार बढ़ती जाती है। एसआईपी म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश की एक स्पेशल सुविधा है, जिसमें छोटे-छोटे अमाउंट मंथली बेसिस पर निवेश किया जा सकता है। इसमें एक साथ बड़ी रकम जमा करने की जरूरत नहीं होती है। छोटी छोटी रकम की बात करें तो बहुत सी म्यूचुअल फंड स्कीम 100 रुपये से 500 रुपये के साथ एसआईपी की सुविधा देती हैं। लगातार निवेश करते रहने ये अमाउंट ही आपको करोड़पति तक बना सकता है। अगर लंबी अवधि में एसआईपी के जरिए निवेश करने पर आपको कंपाउंडिंग की ताकत देखनी है तो कुछ 20 से 25 साल पुरानी म्यूचुअल फंड स्कीम के रिटर्न चार्ट पर नजर डाल सकते हैं। हमने यहां 25 साल या इससे ज्यादा पुरानी ऐसी 5 स्कीम चुनी हैं, जिनमें 25 साल के दौरान सबसे ज्यादा एसआईपी रिटर्न मिला है। हमने जिन 5 फंडों की जानकारी दी है, उनमें 23.25 फीसदी तक एनुअलाइज्ड रिटर्न मिला है। वहीं सिर्फ 2000 रुपये की मंथली एसआईपी से निवेशक करोड़पति बन गए, जबकि उनका कुल निवेश सिर्फ 7 लाख रुपये ही हुआ है।



### फ्रेंकलिन इंडिया प्राइमा फंड

फ्रेंकलिन इंडिया प्राइमा फंड में बीते 25 साल का एसआईपी चार्ट देखें तो इस स्कीम ने 21.79 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न दिया है. इस फंड में 2000 रुपये की लगातार 25 साल तक एसआईपी करने पर निवेश की कुल वैल्यू 3 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई।

- मंथली एसआईपी : 2000 रुपये
- एनुअलाइज्ड रिटर्न : 21.79%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1 लाख रुपये
- 25 साल में कुल निवेश : 7 लाख
- 25 साल में एसआईपी की वैल्यू : 3,06,46,980 रुपये (3 करोड़ रुपये)

### इन स्कीम्स ने बनाया अमीर

#### निप्पॉन इंडिया ग्रोथ फंड

निप्पॉन इंडिया ग्रोथ फंड में बीते 25 साल का एसआईपी चार्ट देखें तो इस स्कीम ने 23.25 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न दिया है। इस फंड में 2000 रुपये की लगातार 25 साल तक एसआईपी करने पर निवेश की कुल वैल्यू 4 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई।

- मंथली एसआईपी : 2000 रुपये
- एनुअलाइज्ड रिटर्न : 23.25%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1 लाख रुपये
- 25 वर्ष में कुल निवेश : 7 लाख रुपये
- 25 साल में एसआईपी की वैल्यू : 4,00,25,861 रुपये (करीब 4 करोड़ रुपये)

## बिजनेस साइट

### श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति स्पेशल ट्रेन के माध्यम से कराएगी गंगा सागर की यात्रा



रायपुर। विख्यात तीर्थाटन सेवा समिति, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति देश में सबसे सस्ते दर पर पावन गंगा सागर की यात्रा पूरा कराएगी। 13 से 19 सितम्बर तक स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना होने वाले इस यात्रा की बुकिंग में 80 फीसदी से अधिक सीटें बुक हो गई है। गंगा सागर की साप्ताहिक पावन यात्रा रायपुर से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से शुरू होगी। जो बिलासपुर, चांपा होते हुए गंगा सागर के लिए रवाना होगी। जिसमें श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति देश में अब तक कि सबसे न्यूनतम दर पर गंगा सागर की यात्रा कराने जा रही। जिसमें श्रद्धालुओं को गंगा सागर, श्री जगन्नाथपुरी, मां कामाख्या देवी के दर्शन होंगे।

# पहले ओलंपिक में '0' फीसदी थी महिलाओं की हिस्सेदारी, 128 साल बाद 49 प्रतिशत तक पहुंचा आंकड़ा, भारत की 46 महिला खिलाड़ी देंगी चुनौती

**1896** में हुए थे पहले मॉडर्न ओलंपिक गेम्स

**11,215** खिलाड़ी पेरिस में लेंगे हिस्सा

**5,503** महिला खिलाड़ी **5712** पुरुष खिलाड़ी उतरेंगे मैदान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले मॉडर्न ओलंपिक गेम्स साल 1896 में हुए थे और इनमें महिलाओं की भागीदारी शून्य थी। ओलिंपिक के दूसरे एडिशन का मेजबान पेरिस था। तब पहली बार महिला खिलाड़ियों ने इन गेम्स में हिस्सा लिया था। साल 1900 के हुए पेरिस ओलिंपिक में 22 महिलाओं ने शिरकत की थी। छोटी सी उस शुरुआत के 124 साल के बाद अब ओलिंपिक में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि महिला और पुरुष खिलाड़ियों की भागीदारी लगभग 50-50 होगी। पेरिस ओलिंपिक के आयोजकों के ताजा आंकड़े बताते हैं कि इस बार इन खेलों में कुल 11,215 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें 49% एथलीट महिलाएं (5,503) हैं जबकि 51 प्रतिशत (5712) पुरुष। टोक्यो ओलिंपिक में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी का आंकड़ा 47.2% था।





## अमेरिकी दल में पुरुषों से अधिक महिला एथलीट

एक बार फिर अमेरिका का सबसे बड़ा दल पेरिस पहुंचेगा। अमेरिका 638 खिलाड़ियों को पेरिस भेज रहा है। इसमें 338 यानी 53 प्रतिशत महिलाएं हैं। एक छोटे से देश गुआम के दल में सात खिलाड़ी होंगे। इनमें से छह महिलाएं हैं। प्रतिशत के लिहाज से देखें तो उसके दल में 87.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी हैं जो सर्वाधिक हैं। लैंगिक समानता सिर्फ खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है।

## 40 फीसदी महिला अधिकारी

ओलिंपिक मिशन के प्रयासों से इन खेलों को संचालित करने वाले अधिकारियों में महिलाओं की संख्या भी काफी बढ़ी है। टोक्यो ओलिंपिक में लगभग 30 प्रतिशत टेक्निकल ऑफिशल्स महिलाएं थीं। पेरिस में इनकी संख्या बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई है।

## भारतीय दल में 117 में 46 महिला एथलीट

*भारतीय दल (117) में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी 40% (46 खिलाड़ी) के आसपास है। रियो ओलिंपिक (2016) में भारतीय दल में 63 पुरुषों के मुकाबले 54 महिला खिलाड़ी थीं जो कुल भागीदारी का 46 प्रतिशत था। साल 2000 के ओलिंपिक से लेकर भारतीय दल में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी केवल लंदन ओलिंपिक को छोड़कर बेहतर रही है। साल 2012 में लंदन गए 83 खिलाड़ियों में 23 महिला थीं।*

## भारतीय तीरंदाजी और नौकायन टीम पहुंची खेल गांव



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने शुक्रवार को पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से शनिवार को खेल गांव पहुंचेगी। भारत के 117 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में 20 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होंगे।

## खबर संक्षेप



### अदिति दाना ओपन में संयुक्त 13वें स्थान पर

**सिलवानिया।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की तैयारी कर रही भारतीय खिलाड़ी अदिति अशोक एलपीजीए टूर पर दाना ओपन गोल्फ के दूसरे दौर में 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 13वें स्थान पर है। शुरुआती दौर में 66 का कार्ड खेलने वाली अदिति दूसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले दो बोगी और एक डबल बोगी कर बैठी। उनका कुल स्कोर छह अंडर का है। थाईलैंड की चानेटी वानासेन ने 36 होल के खेल के बाद 11-अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उन्होंने दूसरे दौर में 65 का कार्ड खेला।

### नडाल दो साल में पहली बार फाइनल में पहुंचे

**बस्ताड।** रफेल नडाल नॉर्डिया ओपन में डुजे अजदुकोविच को शनिवार को यहां 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर 2022 फ्रेंच ओपन के बाद अपने पहले फाइनल में पहुंचे। नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में इससे पहले 36वीं रैंकिंग पर काबिज मारियानो नवोन को चार घंटे तक चले मुकाबले में 6-7, 7-5, 7-5 से हराया था। उन्होंने अजदुकोविच के खिलाफ भी पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं।

### मुंबई के खिलाड़ियों ने जीते 17 पदक

**मुंबई।** उपनगरीय टेबल टेनिस संघ के मुंबई के खिलाड़ियों ने यहां महाराष्ट्र राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में सात स्वर्ण सहित 17 पदक अपनी झोली में डाले।



चिन्मय सोमेया और रीथ रिष्या ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता जबकि शारवेया सामंत और आन्या चांदे ने लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 एकल खिताब प्राप्त किये। अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का खिताब ध्रुव शाह ने जीता। संघ के चार खिलाड़ियों ने महिलाओं के ड्रा में पदक जीते जिसमें रिष्या ने फाइनल में मधुरिका पाटकर को मात दी।

### श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**दाम्बुला।** मेजबान श्रीलंका ने महिला टी20 एशिया कप के मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। बांग्लादेश को आठ विकेट पर 111 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 17 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 114 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। बांग्लादेश का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने कप्तान निगार सुल्ताना ने 59 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी खेली।

फर्स्ट क्लास में 577, लिस्ट ए में 251 और टी20 क्रिकेट में 172 विकेट

# वोक्स ने चटकाया 1000वां विकेट वेस्टइंडीज के हॉज का पहला शतक

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मेजबान इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। क्रिस वोक्स ने 35 साल की उम्र में अपने कॅरियर में सभी फॉर्मेट को मिलाकर 1000 विकेट के आंकड़े को पार किया।

क्रिस वोक्स ने यह उपलब्धि अपने करियर के 50वें टेस्ट मैच में हासिल की है। वोक्स ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 577 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके अलावा लिस्ट ए में 251 और टी20 क्रिकेट में 172 विकेट झटक कर 1002 विकेट तक पहुंचे। क्रिस वोक्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मुकाबले में दमदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट अपने नाम किए।

बता दें कि क्रिस वोक्स पिछले लंबे समय से इंग्लैंड के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक रहे हैं। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास के बाद अब लाल गेंद क्रिकेट में क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाजों की उपयोगिता काफी बढ़ गई है। खास तौर से घरेलू मैदान पर क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाज बहुत ज्यादा घातक साबित होते हैं।





### इंग्लैंड ने बनाए थे 416 रन

दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ओली पोप की शतकीय पारी से 416 रन का स्कोर खड़ा किया था। ओली पोप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 121 रनों की दमदार पार खेली। पोप के अलावा बेन डकेट ने 71 और कप्तान बेन स्टोक्स ने 69 रनों का दमदार योगदान दिया।

### वेस्टइंडीज ने किया पलटवार

इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने भी पलटवार किया है। इंग्लैंड के इस स्कोर के जवाब में वेस्टइंडीज ने भी पलटवार किया और पहली पारी में 41 रनों की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज की तरफ से केवम हॉज ने 120 रनों की दमदार शतकीय पारी खेली, जबकि निचले क्रम में जोशुआ डि सिल्वा ने 82 रनों की नाबाद पारी खेलकर इंग्लैंड के गेंदबाजों का दम निकाल दिया।

# नायर और डसकाटे बन सकते हैं सहायक स्टाफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद इस बात की चर्चा जोरों पर है कि टीम का सहायक स्टाफ कौन होगा। इसे लेकर कई पूर्व खिलाड़ियों के नाम चल रहे हैं, लेकिन अब तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अभिषेक नायर और रयान टेन डसकाटे श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के साथ सहायक स्टाफ का हिस्सा बन सकते हैं। भारत के लिए तीन वनडे मैच खेलने वाले नायर और नीदरलैंड के ऑलराउंडर डसकाटे आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए गंभीर के साथ करीब से काम कर चुके है और माना जा रहा है कि ये दोनों भारतीय टीम के सहायक कोच होंगे। नायर को कोचिंग का काफी अनुभव है और उन्होंने दिनेश कार्तिक और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों के साथ काम किया है। डसकाटे फिलबाल मेजर क्रिकेट लीग में एलए नाइट राइडर्स के साथ काम कर रहे हैं। गंभीर ने खुले तौर पर डसकाटे को टीम के साथ जोड़ने की इच्छा जताई थी।

### दिलीप बने रह सकते हैं फील्डिंग कोच

भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच को लेकर अभी चीजें स्पष्ट नहीं हो पा रही हैं, लेकिन माना जा रहा है कि टी. दिलीप जो राहुल द्रविड़ के कार्यकाल के दौरान फील्डिंग कोच की भूमिका निभा रहे थे, वह आगे भी फील्डिंग कोच बने रह सकते हैं। गंभीर ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आर विनय कुमार, लक्ष्मीपति बालाजी और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल का नाम गेंदबाजी कोच के लिए बीसीसीआई को सुझाए हैं।

### 22 को रवाना होगी टीम

भारत को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। भारत सूर्यकुमार यादव की अगुआई में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा, जबकि रोहित शर्मा की कप्तानी में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने उतरेगा। भारतीय टीम मुंबई से 22 जुलाई को चार्टर्ड फ्लाइट से कोलंबो रवाना होगी। नायर और दिलीप भी टीम के साथ जा सकते है, जबकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि डसकाटे टीम के साथ कब जुड़ेंगे।

# मार्केज बने भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडियन सुपर लीग टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया गया। मार्केज वर्तमान में आईएसएल टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, 'समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया।

मार्केज 2024-25 सत्र में एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम का कोच बनने से पहले दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ संभालेंगे।' एआईएफएफ ने मार्केज के कार्यकाल का खुलासा नहीं किया।

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं मिला एनओसी




**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान का ग्लोबल टी20 लीग खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध खारिज कर दिया। बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'पीसीबी को बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी से वैश्विक टी20 लीग खेलने के लिए एनओसी का अनुरोध मिला था। अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए और तीनों खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय चयन समिति से मशविरे के बाद उनका अनुरोध खारिज करने का फैसला किया गया है।'

# एसओ भारत ने जीता प्रतिष्ठित गोथिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेष ओलंपिक भारत फुटबॉल टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के गोटेनबर्ग में गोथिया कप चैंपियन बनी। यह प्रतियोगिता 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप में अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

बौद्धिक रूप से कम विकसित खिलाड़ियों की एसओ भारत ने एसओ फिनलैंड के खिलाफ अपना पहला ग्रुप मैच 3-0 से जीता और इसके बाद एसओ जर्मनी पर 6-0 की बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने हांगकांग को 6-0 से हराया और फिर एसओ डेनमार्क के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। रोमांचक फाइनल में एसओ भारत ने एसओ डेनमार्क को 4-3 से मात दी। केरल के रहने वाले मुहम्मद शहीर ने टूर्नामेंट में सात गोल किए जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा गोल हैं।



एशिया कप : संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मुकाबला आज

# भारत की नजरें सेमीफाइनल में जगह बनाने पर

एजेंसी ▶▶| दाम्बुला

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया।

यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की।



टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के जरिए वापसी की है। रेणुका ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह अच्छा स्पैल था और मौसम से भी मदद मिली। नेट पर जिस तरह से मैं अभ्यास कर रही हूं, मैच में भी उसे दोहरा सकी।'

भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने 9.3 ओवर में 85 रन की साझेदारी की। इसके बाद भारत ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए। भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। एशिया कप बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

**यूएई :** एशा रोहित ओझा (कप्तान), कविशा कुमारी, रितिका रजत, समायरा डी, लावण्या केनी, एमिली थॉमस, हीना होचंदानी, महक ठाकुर, इंदुजा नंदकुमार, रिनिता रजत, खुशी मोहन शर्मा, रिशिता रजत, सुरक्षा कोट्टे, टी सतीश, वैष्णवी महेश।

# पेरिस ओलंपिक में सेना के 24 खिलाड़ी देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा समेत सेना के 24 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 सदस्यीय दल में शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि पहली बार ओलंपिक दल में सेना की दो महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा भारतीय सेना में सूबेदार हैं।

वह 2023 एशियाई खेलों, 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2024 डायमंड लीग और 2024 पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता हवलदार जैसमीन लंबोरिया (मुक्केबाजी) और 2023 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सीपीओ रीतिका हुड्डा टीम में शामिल सेना की दो महिला खिलाड़ी हैं। सेना के अन्य खिलाड़ियों में सूबेदार अमित पंघाल (मुक्केबाजी), सीपीओ तेजिंदर पाल सिंह तूर (शॉटपुट), सूबेदार अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेस), सीपीओ मुहम्मद अनस याहिया , पीओ मुहम्मद अजमल, सूबेदार संतोष कुमार और जेडब्ल्यूओ मिजो चाको कूरियन (पुरूषों की चार गुणा 400 मीटर रिले), जेडब्ल्यूओ अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), सूबेदार तरूणदीप राय और धीरज बोम्मादेवरा (तीरंदाजी) और नायब सूबेदार संदीप सिंह (निशानेबाजी) शामिल हैं।

Get Glow that you desire
New Dr. Juneja's Roop Mantra®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
No.1 Brand · India's Most Trusted Brand · Clinically Tested
Helpful to control blemishes & pimples, purifying the skin & skin cracking.
Remove dryness, roughness, excess oil & deep rooted dirt.
Roop Mantra NEEM · MIX FRUIT · CUCUMBER · ALOEVERA · LIME & MINT
24x7 Helpline No.: 87259 66666 www.roopmantra.com

## दर्शन से मिलती है अलौकिक शक्ति...

# दुनिया का इकलौता अद्भुत शिवलिंग में 1001 नेत्र!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैसे तो महादेव कई रूपों में विराजमान हैं। सभी रूप अपने आप में खास है। पर यह तो अद्भुत है। महामृत्युंजय मंदिर मध्यप्रदेश के रीवा जिले के किले में विश्व भर में एक अनोखा शिव लिंग विराजमान है। शिवलिंग का रंग सफेद है, जो मौसम के अनुसार बदल जाता है। शिव पुराण के मुताबिक भगवान भोलेनाथ ने महासंजीवनी महामृत्युंजय मंत्र की उत्पत्ति की थी। इस मंत्र का जाप यहां पुजारियों के द्वारा कराया जाता है। यह शिवलिंग एक, दो नहीं 400 साल पुराना है।



### है ये कहानी

कोई लम्बी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए महामृत्युंजय की चौखट में आता है तो कोई मृत्यु भय से। ऐसी महिमा है भगवान महामृत्युंजय की। मंदिर की स्थापना को लेकर किदवंती है कि बांधवगढ़ से राजा शिकार के लिए आए थे। शिकार के दौरान राजा ने देखा कि एक शेर चीतल को दौड़ा रहा है। जब वह मंदिर के समीप आया तो शेर चीतल का शिकार किए बिना लौट गया। राजा यह देखकर हैरत में पड़ गए। कहते हैं कि राजा ने खुदाई कराई। गर्भ गृह से महामृत्युंजय भगवान को सफेद शिवलिंग निकला।

### हिंसक जानवर भी हो जाते हैं नतमस्तक

जानकारों की मानें तो यह शिवलिंग लगभग 400 वर्ष पुराना है। इस शिव लिंग के सामने हिंसक जानवर भी नतमस्तक हो जाते हैं। यह मंदिर शायद दुनिया का इकलौता मंदिर है, जहां 1001 छिद्र वाला शिवलिंग है। जो अलौकिक शक्ति देने वाला है। महामृत्युजय की कृपा से भक्तों की अकाल मृत्यु टल जाती है। मृत्युभय नहीं रहता और बिगड़े काम बन जाते है। इसके कई उदाहरण यहां देने को मिलते हैं।

# तीन फुटिए 'किंग' को मिली 7 फीट की गर्लफ्रेंड, कुछ लोगों को होगी जलन!

लंदन। दुनियाभर में कई ऐसी बेमेल जोड़ियां हैं, जिन्हें देखकर हैरानी होती है। इनमें से कोई शख्स अपने से 20 साल छोटी लड़की से शादी कर लेता है, तो कोई बुजुर्ग महिला 37 साल छोटे लड़के पर फिदा हो जाती है। लेकिन क्या आपने कभी 7 फीट लंबी लड़की के 3 फुटिए बॉयफ्रेंड के बारे में सुना है? यकीनन, नहीं सुना होगा। दरअसल, ज्यादातर लड़कियां अपने से लंबे लड़के को ही प्रेफर करती हैं। ऐसे में बौने लोगों के लिए किसी बौनी लड़की की ही तलाश की जाती है, ताकि उनकी शादी हो सके। लेकिन सोशल मीडिया पर इससे उलट एक वीडियो वायरल हो रहा है।

### अपने रिश्ते से बेहद खुश

वायरल हो रहे इस वीडियो में देख सकते हैं कि 3 फीट लंबे गैब्रिएल पिमेंटल अपने से काफी लंबी मैरी के साथ नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ काफी कोजी हो रहे हैं और गले भी लगा रहे हैं। दोनों के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है मानो ये अपने रिश्ते से बेहद खुश हैं।



### बाल आपके बॉयफ्रेंड से लंबे

इस वीडियो को गैब्रिएल ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वहीं, मैरी ने भी गैब्रिएल के साथ कई वीडियोज अपलोड किए हैं। एक वीडियो में उन्होंने अपने बाल लहराते हुए लिखा है कि जब आपके बाल आपके बॉयफ्रेंड से लंबे हों। सोशल मीडिया पर दोनों की जोड़ी धूम मचा रही है।

### जोड़ी पर भरोसा ही नहीं

एक अन्य यूजर को इनकी जोड़ी पर भरोसा ही नहीं हुआ। उसने कमेंट किया है कि क्या यह वास्तव में असली जोड़ी है? मैं ऐसा इसलिए पूछ रहा हूं, क्योंकि इन दिनों सोशल मीडिया पर फर्जी रिश्तों की भरमार है।हालांकि, मुझे इनकी जोड़ी से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे लगता है शायद छोटा आदमी बहुत पैसे वाला होगा, इसलिए 7 फीट लंबी लड़की उसकी गर्लफ्रेंड बन गई। इनकी जोड़ी जब भी कोई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती है, वैसे ही वो वायरल हो जाते हैं। ये वीडियो भी लोगों को खूब भा रहा है। महज 2 दिन के अंदर ही इस वीडियो को 25 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है।

ऐतिहासिक

# महिलाओं ने बनाया था इस ब्रिज को, रोचक है इतिहास

## अनोखी वास्तुकला और सुंदरता दोनों ही हैं इसकी पहचान!

एजेंसी ▶▶ लंदन

लंदन का मशहूर वाटरलू ब्रिज कई कारणों से जाना जाता है। इसके रोचक एतिहासिक तथ्य, इसका दो बार बनना, अनोखी सुंदरता के तौर पर पहचान, नाम में बदलाव, आदि जैसी कई बाते हैं जिनके लिए इसका जिक्र होता रह है। कहते हैं कि इसे दोबारा बनाना बहुत ही मुश्किल काम था और इसे बनाने में बहुत परेशानियां भी सामने आई थीं।

लंदन में टेम्स नदी को पार करने वाला एक सड़क और पैदल यातायात पुल है, जो ब्लैकफ्रियर्स ब्रिज और हंगरफ़ोर्ड ब्रिज और गोल्डन जुबली ब्रिज के बीच है। इसका नाम 1815 में वाटरलू की लड़ाई में ब्रिटिश, डच और प्रशिया की जीत की याद में रखा गया है। साधारण सा दिखने वाले इस पुल का ऐतिहासिक महत्व है और कई लिहाज से इसे यादगार माना जाता है।

रोचक बात यह है कि शुरू में इस ब्रिज का नाम कुछ और ही था। वेस्टमिंस्टर और ब्लैकफ्रियर्स के बीच टेम्स पर इस पुल की योजना, खुद को स्ट्रैंड ब्रिज कंपनी कहने वाले एक समूह ने रखी थी। तब इसे स्ट्रैंड ब्रिज कहा जा रहा था। लेकिन इसके पूरा होने से पहले, संसद के एक अधिनियम ने नाम बदलकर वाटरलू ब्रिज रखने का आदेश दिया।



### वास्तुशिल्प लिहाज से बहुत ही सुंदर

कम लोग जानते हैं कि पहले वाटरलू ब्रिज बनाने का मकसद पुल का उपयोग करने के लिए टोल वसूल कर अपने खर्चों की भरपाई करने का था। लेकिन यह मकसद पूरा नहीं हुआ क्योंकि जिस किसी को भी नदी पार करने की आवश्यकता होती थी, वह नए टोल ब्रिज के दोनों ओर ब्लैकफ्रियर्स या वेस्टमिंस्टर ब्रिज का उपयोग करता था और ये दोनों मुफ्त थे। इस लिहाज से एक बुरा वित्तीय विचार साबित हुआ। आखिर 1877 में यह टोल मुक्त हो गया। पहला वाटरलू ब्रिज एक वास्तुशिल्प लिहाज से बहुत ही सुंदर माना जाता था। जॉन रेनी के कॉर्निश ग्रेनाइट के नौ 120 फीट के अर्ध-अण्डाकार मेहराबों के डिजाइन की बहुत तारीफ की गई। इतालवी मूर्तिकार कैनोवा ने इसे 'दुनिया का सबसे महान पुल' कहा था। इस पुल ने बहुत सारी पेंटिंग को प्रेरित किया था।

### लेडीज़ ब्रिज के नाम से भी जाना जाता

ज्यादातर लोग जानते हैं कि वाटरलू ब्रिज को लेडीज़ ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इसे युद्ध के दौरान ज़्यादातर महिला कर्मचारियों ने बनाया था। नए वाटरलू ब्रिज का निर्माण 1939 में शुरू हुआ था, लेकिन कई कारणों से यह धीमा रहा। ऐतिहासिक इंग्लैंड बताता है कि इस पर काम करने वाले 500 पुरुषों में से 1941 तक सिर्फ़ 50 ही उपलब्ध थे। बाद में इसे महिलाओं ने बनाया और आज यह दुनिया का एकमात्र ऐसे पुल के रूप में जाना जाता है जिसे महिलाओं ने बनाया था।

### मध्य लंदन में टेम्स पर पहला कंक्रीट पुल

वाटरलू ब्रिज ब्रिटेन की थेम्स नदी का एकमात्र पुल था जो द्वितीय विश्व युद्ध में नष्ट हो गया था। आज नदी को पार करने वाले इस ब्रिज को जाइल्स गिल्बर्ट स्कॉट ने डिजाइन किया था, स्कॉट एक इंजीनियर नहीं थे, और उनके डिजाइन वास्तव में लागू करना बहुत मुश्किल था। लेकिन उन्होंने इसे मैनेज किया, और वाटरलू ब्रिज मध्य लंदन में टेम्स पर पहला कंक्रीट पुल बन गया। पहले पुल की तरह यह भी, अपने सौंदर्य आदि के लिए जाना जाता है। वाटरलू ब्रिज का बाहरी हिस्सा इतना चमकदार और साफ दिखता है, और फिर भी इसका निचला हिस्सा गंदा और काला है। इसका कारण पोर्टलैंड स्टोन है। पोर्टलैंड स्टोन जब भी बारिश होती है, खुद को साफ कर लेता है। इसलिए इसे अलग से साफ करने की जरूरत नहीं पड़ती है। वहीं, मूल वाटरलू ब्रिज के टुकड़े अभी भी मौजूद हैं। वाटरलू ब्रिज के खंभे पुराने पुल के ग्रेनाइट से बने हैं।

# किसानों का शोषण नहीं सहेंगेः टिकैत

रायपुर/दुर्ग (हरिभूमि न्यूज)। दुर्ग में गेल इंडिया गैस पाइप लाइन के अधिकारियों और प्रशासन के द्वारा किसानों को बिना मुआवजा दिए खड़ी फसल को रौंदकर पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है।



भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आरोप लगाते हुए कहा है कि तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस लगाकर किसानों को दबाने के लिए कृषक रघुवर साहू ग्राम ढौर हिंगनाडीह (दुर्ग) को गिरफ्तार कर सुबह से थाने में बिठाकर दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन किसानों को अकेला ना समझे, कॉर्पोरेट के लिए किसानों का शोषण सहन नहीं किया जाएगा।

राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

24x7 Helpline: 85568 09999
Dr. Juneja's ACCUMASS®
वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स
मुँह के छालों से पाइये राहत Rs.25 ONLY
पान, पान मसाला गुटखा खाने से मुँह कटने व मुँह के छालों में लाभदायक
एग्रो मुआमाक्योर लोशन
एग्रो का होलोग्राम देखकर खरीदें
Retailer OFFER: 96 पीस की खरीद पर एक आकर्षक cello की बोतल मुफ्त पायें
HELPLINE: 8899500500

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय ईलाज
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
0771 4280003, 6232143778
Ajay 9827144371

# 6 महीने की बच्ची फटाफट पहचानती है 50 से अधिक जानवरों और फलों के नाम



नई दिल्ली। आपने अपने घर में या पड़ोस में नन्हें शिशुओं की बाल सुलभ क्रियाओं पर ध्यान दिया होगा। आमतौर पर 01 माह से 3 माह तक के बच्चे आसपास चीजें पहचानने का प्रयास करते हैं या फिर नींद में कभी हँसते और कभी रोते दिखते हैं। तीन महीने के बच्चे थोड़ा हाव भाव पर प्रतिक्रिया भी देने लगते हैं। दरअसल, इन दौरान नन्हे बच्चों की इंद्रियां तेजी से काम करती हैं और वह आपकी बातों पर भी हंसकर या रोकर प्रतिक्रिया देते हैं। इस समय तक वह अपने आसपास के चेहरे को पहचानने भी लगते हैं। लेकिन क्या हो अगर कोई बच्चा तीन महीने की उम्र में 50 से अधिक पशु-पक्षियों को पहचानकर उनके नाम समझ जाए? जाहिर है कि आप हैरान होंगे या इस बात को गलत करार देंगे।

हाल ही में एक तीन महीने की बच्ची अपने इसी अनोखे टैलेंट की वजह से काफी सुर्खियां बटोर रही है। यह तीन माह की बच्ची 50 से भी अधिक जानवरों, पक्षियों और फलों को पहचान लेती है। ऐसे में बच्ची का आईक्यू लेवल देखकर हर कोई हैरान हो रहा है। ऐसे में जब अमर उजाला ने इस बच्ची की मां से बात चीत की तो उन्होंने और भी कई रोचक जानकारियां साझा की। 6 महीने की मायशा का जन्म 1 जनवरी 2024 को हुआ था। मायशा की मां सलोनी जैन का कहना है कि वह जब डेढ़ महीने की थी तब से ही वह उसे पशु-पक्षियों के चित्र देखकर उनके नाम बताती थीं।

दांतों को दीजिए आयुर्वेद की सुरक्षा
Dr. Juneja's दंतमणि® Ayurvedic Gum Care Medicine
Helpful in: मजबूत दांत · स्वस्थ मसूड़े · मुंह से दुर्गंध · दांतों का पीलापन
पुदीना – इसके एंटीसेप्टिक गुण कीटाणुओं से दांतों की रक्षा करते है और ताजी सांस दिलाने में सहायक है।
माजूफल – यह मसूड़ों को मजबूत बनाकर दांतों को स्वस्थ रखने में सहायक है।
बकुल – यह सांसों की दुर्गंध को रोकता है और मसूड़ों को स्वस्थ रखने में सहायक है।
पीलू – यह मसूड़ों की सूजन को कम करने में सहायक है।
अकरकरा – यह मुख्य रूप से अल्सर, कैविटी, मसूड़ों में खून आना आदि समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक है।
नीम – यह कीटाणुओं से लड़ने, मसूड़ों को मजबूत बनाने में सहायक है।
वज्रदंती – दांतों की सूजन को कम करने में सहायक हैं।
बबूल – इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण दांतों की सुरक्षा कर उन्हें मजबूत बनाने में मददगार है।
www.dantmani.com • Available at all medical & general stores • 24x7 Helpline:: 8558802222
Chattisgarh S.S.: Nathani & Company (Raipur) : 7746032260, 9827170055, 9424232260, Ambikapur : 9826519475, 9826757348, Bhilai : 9826760275, 9425555911, Bilaspur : 7389903131, 8839685427, Chirmiri : 9826671787, Dhamtari : 9827172211, 9009944600, 8770089755, Durg : 9406203055, 9424108056, 9617079000, 9827904382, 9685363113 Jagdalpur : 9755788451, Korba : 9827194543, 9425228002, Mahasamund : 9926132600, Manindragarh : 9329667444, Naila : 9425223046, Pathalgaon : 9424183891, Raigarh : 9993117350, 9425572495, 9893452020, Raipur : 9424231884, 9893089300, 9926300031, 9329782098, 9993555438, 8823802020, 9669901600, 9977736766, Rajnand Gaon : 9479051000, 9907420754, Tilda : 9425517591, Saraipali : 9907930128, 9770111488

आयुष्मान कार्ड से कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं सर्जरी की सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
भिलाई: सूर्या मॉल के पास, फोन: 77228 80844, 0788 2294440
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी, फोन: 93430 79151, 91313 99570
• कैंसर सर्जरी • कीमोथेरेपी • रेडियोथेरेपी
द्वारा अनुबंधित: ESIC · RAILWAY · SECL · CGHS · TPA
Deepak Advts

रोबोटिक कैंसर सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक कैंसर सर्जरी एवं सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी के लिए विशेषज्ञों की कुशल टीम
यूनिट 1: डॉ अर्पण चतुर्मोहता MS, MCh, HOD, सीनियर कैंसर एवं रोबोटिक सर्जन; डॉ विवेक पटेल MS, MCh, सीनियर कैंसर एवं रोबोटिक सर्जन
यूनिट 2: डॉ दिवाकर पांडेय MS, MCh, सीनियर कैंसर एवं रोबोटिक सर्जन; डॉ कल्याण पांडेय MS, MCh, सीनियर कैंसर एवं रोबोटिक सर्जन
(पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त, 20 स्पेशलिस्ट, 17 वर्षों से)
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389904010, 738995010, +91 7714081010, 4061010

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com